फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 72 संख्या: 354 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 29 जुलाई, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Dilli ke Mukaam**

Chor Minar or the Tower of Thieves, is a 13th century monument where the severed heads of criminals were exhibited to instil fear in the populace.

**Potential To Grow Lost Hair Again**

**Keep Your Home Clean in Rainy Season** Cleanliness is next to godliness.



*वर्तमान में सी लायन्स की कुल 6 प्रजातियां मौजूद हैं। तीन प्रजातियां इंटरनैशनल यूनियन फॉर कंज़वेशन ऑफ नेचर (आई.यू.सी.एन.) द्वारा ''एन्डेन्जर्ड'' घोषित की गई हैं और एक अमेरिका के एन्डेन्जर्ड स्पीशीज़ एक्ट के तहत संकटग्रस्त घोषित है। आनुवांशिक रूप से पृथक, ऑस्ट्रेलियन सी लायन की आबादी 6500 है और वैश्विक स्तर पर इनकी आबादी घट रही है। आई.यू.सी.एन. द्वारा संटकग्रस्त घोषित ये जन्तु राज्य स्तर पर अपनी रेंज में भी खतरे में हैं। इसी प्रकार गैलापागोस सी लायन, जिन्हें 2008 में आई.यू.सी.एन. ने ''वल्नरेबल'' वर्ग में रखा था, अब ''एन्डेन्जर्ड'' वर्ग में आ गए हैं। बीसवीं सदी में इनका अंधाधुंध शिकार किया गया, जिसमें ये विलुप्ति के कगार पर पहुंच गए, इसलिए इन्हें इक्वडोरियन कानून के तहत संरक्षण दिया गया। वर्ष 2015 की अलनीनो घटना के बाद इनकी आबादी 24 प्रतिशत तक कम हो गई। वर्ष 2015 में आई.यू.सी.एन. ने न्यूज़ीलैण्ड सी लायन्स को भी एन्डेन्जर्ड वर्ग में शामिल किया। इनकी आबादी कुल 3000 है। दूसरी तरफ, स्टैलर सी लायन को हालांकि आई.यू.सी.एन. संकटग्रस्त नहीं मानता पर ई.एस.ए. के तहत ये एन्डेन्जर्ड और मरीन मैमल प्रोटैक्शन एक्ट के तहत संरक्षित हैं। कोस्टल प्लास्टिक कचरा और समुद्र में बिखरा तेल स्टेलर सी लायन्स के लिए बड़ा खतरा है। एक शोध में पता लगा कि ब्रिटिश कोलम्बिया में तेल बिखरने से सर्वाधिक प्रभावित जीवों में चौथे नम्बर पर स्टैलर सी लायन्स हैं। नॉर्थ वैस्ट पैसिफिक तट रेखा पर कभी काफी तादाद में मिलने वाले जापानी सी लायन 1950 के दशक के बाद से नज़र नहीं आए और 1990 के दशक में इन्हें अधिकृत रूप से लुप्त घोषित कर दिया गया। सी लायन को प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, अन्य प्रजातियों से फैलने वाले रोगों और ''बाय कैच'' बनने का जोखिम भी है। वर्ष 2021 में एक रिपोर्ट में पता चला था कि 40 साल से कैलिफोर्निया सी लायन्स एक रहस्यमय कैंसर से मर रहे हैं। इसका कारण है औद्योगिक कचरा, खासकर कीटनाशक व ऑइल रिफाइनरीज़ का कचरा। सी लायन्स की सभी प्रजातियाँ जलवायु परिवर्तन से भी प्रभावित हैं। तीन दशकों तक गल्फ ऑफ कैलिफोर्निया में ओशन वॉर्मिंग का अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों ने इसका संबंध, 1991 से 2019 के बीच सी लायन की आबदी में आई 65 प्रतिशत गिरावट से जोड़ा।*

# पार्थो को कैबिनेट व पार्टी से निकाला तृणमूल कांग्रेस ने

## पार्टी इससे ममता बनर्जी की छवि पर टैफलॉन का रोगन चढ़ाना चाहती है

- पर जन मानस से यह ''इम्प्रैशन'' नहीं धुल पा रहा कि, पार्टी में कुछ गड़बड़ तो है ही।
- पार्थो चटर्जी की सहचरी व तृणमूल के एक पुराने मठाधीश की गर्लफ्रैंड बैसाखी चटर्जी ई.डी. से खुलकर सहयोग कर रही हैं। आगे से आगे बढ़कर, दोनों महानुभावों के वो सब ठिकाने बात रही हैं, जहां सरकारी लूट से प्राप्त करोड़ों रूपयों का सोना व आभूषण रखे गये हैं।
- कुछ समय पूर्व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, ममता जी के भतीजे, अभिषेक बनर्जी का नाम भी उछला था भ्रष्ट आचरण के प्रसंग में।
- विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले, ''कट मनी'' की चर्चा इतनी चरम पर पहुंच गयी थी कि, ममता बनर्जी ने भी इस बीमारी के व्यापक प्रचार की बात स्वीकार की थी।
- जिस प्रकार से एक के बाद एक भ्रष्टाचार के प्रकरण सामने आ रहे हैं, एक व्यंग्य, ''यह तो ट्रेलर है, पिक्चर तो अभी बाकी है'', सही उतरता नज़र आ रहा है।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 जुलाई। तृणमूल कांग्रेस आखिरकार नींद से जाग गई और समझ गई कि गिरफ्तार पार्थो चटर्जी को पार्टी में और बंगाल मंत्रिमंडल में बनाए रखना असुविधाजनक हो सकता है।

पार्टी ने इसलिए उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने का फैसला कर लिया है। उन्हें कई सारे विभागों का मंत्री बनाकर रखा गया था। उनमें सबसे महत्वपूर्ण था उद्योग सहित कई अन्य विभाग उनसे छीन लिए गए।

पार्टी को यकीन है कि इससे ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस को ''टैफ्लॉन कोटिंग'' हासिल करने में मदद मिलेगी, यह एक ऐसा घटक है जिसका इस्तेमाल ''स्क्रैचप्रूफ'' चमक देने के लिए होता है।

पार्थो चटर्जी को हटाने की घोषणा किसी और ने नहीं बल्कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने की और कहा कि पार्थो ने पार्टी के ईमानदारी पर चलने के उसूल का पालन नहीं किया इससे वे आहत है।

हालांकि यह सर्व विदित है कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की मुखिया और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की जानकारी के बिना कुछ भी नहीं हो सकता है। करोड़ों की सम्पत्ति और कैश जमा हो जाए और ममता बनर्जी को भनक तक ना लगे, यह बात गले नहीं उतरती।

तृणमूल के पार्थो से सभी संबंध तोड़ने के बावजूद भी सबको यही लग रहा है कुछ तो गड़बड़ है। किसी को भी यकीन नहीं है कि तृणमूल से पार्थो को पूरी तरह से हटा दिया गया है।

यह बात कोई भी भूला नहीं है कि अभी कुछ समय पहले ही कई घोटालों में अभिषेक बनर्जी का नाम भी सामने आया था।

यह भी अफवाह थी कि गत विधानसभा चुनाव से पहले ''कट मनी'' अपने चरम पर था। और बुराई की हद यह थी कि ममता बनर्जी ने सार्वजनिक रूप से यह बात स्वीकारी थी।

तृणमूल में रह चुके लोगों ने पहले ही बात करना शुरू कर दिया है कि पार्टी में भ्रष्टाचार किस हद तक बढ़ गया है। बैसाखी चटर्जी, जो तृणमूल के एक पूर्व दिग्गज की ''खास मित्र'' रही हैं, और जिसका रिश्ता कभी चर्चा का विषय था, ने बहुत बड़े भ्रष्टाचार की तरफ इशारा किया था।

उसने कहा कि जो कुछ मिला है वह तो बहुत कम है। दूसरी और पार्थो की महिला मित्र अर्पिता मुखर्जी ने भी तोते की तरह बोलना शुरू कर दिया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक में भाजपा भी कांग्रेस का अनुसरण करने की तैयारी में?

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं के आक्रमण से भयभीत से हैं

- मुख्यमंत्री पर आरोप है कि, वे पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने में असफल रहे हैं।
- जैसा कि विदित ही है, भाजपा के युवा मोर्चा के नेता प्रवीण नेतारू की दक्षिण कन्नड़ के बेलार क्षेत्र में हत्या से भाजपा कार्यकर्ता बहुत उत्तेजित हैं, अपनी पार्टी की सरकार के खिलाफ।
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व उनके साथी जब प्रवीण के परिवार से सहानुभूति जताने नेतारू पहुंचे तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके वाहन को घेर लिया व उल्टा करने की कोशिश। कुछ समर्थकों ने प्रदेशाध्यक्ष को एक अन्य वाहन में वहां से निकालने में ही समझदारी मानी।
- मुख्यमंत्री को अपने शासन की वर्षगांठ पर आयोजित समारोह को रद्द करना पड़ा। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जो समारोह के मुख्य अतिथि थे, भी अटपटी स्थिति से बच गये।
- पूर्व मु.मंत्री येदियुरप्पा के समर्थकों ने मु.मंत्री की इस असफलता पर काफी सार्वजनिक रोष प्रकट किया तथा भाजपा का आंतरिक सत्ता संघर्ष भी खुल कर सामने आया।

**-लक्ष्मण कूची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 जुलाई। कर्नाटक में दक्षिण कन्नड जिले के बेल्लार स्थान पर भाजपा युवा मोर्चा ऐक्टिविस्ट प्रवीण नेत्तारू की नृशंस हत्या को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं तथा दक्षिणपंथी ग्रुपों द्वारा किये जा रहे कई प्रदर्शनों के चलते, जब समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने समारोह से अलग रहने का ले लिया, तो इस निर्णय के बाद, मुख्यमंत्री समारोह को निरस्त करने के लिये मजबूर हो गये।

वस्तुत:, पार्टी कार्यकर्ता तथा हमदर्दों का क्रोधोन्माद इस प्रकार का था कि उन्होंने राज्य भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कटील तथा उनके साथियों को बुधवार को उस समय नेत्तारू गाँव से बाहर खदेड़ दिया, जब वे मृतक भाजपा कार्यकर्ता को श्रद्धांजलि देने वहाँ गये थे। वहाँ, ''भाजपा हाय, हाय'' के नारे लगाये जा रहे थे। जिस वाहन में वे आये थे, उस वाहन को भीड़ ने घेर लिया था तथा उसे उलटने की कोशिश की गई थी। उस समय ड्राइवर गाड़ी में ही था। खतरे को भाँपते हुये, भाजपा अध्यक्ष को वहाँ से एक अन्य वाहन में ले जाया गया।

दक्षिण कन्नड़ तथा अन्य जिलों के बहुत से पार्टी कार्यकर्ताओं विरोध स्वरूप अपने इस्तीफे भी दे दिये हैं।

अगर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सवाल पर सवाल किये जाना तथा अपशब्दों का प्रयोग किया जाना किसी मुख्यमंत्री का अपमान है, तो पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येद्दियुरप्पा के निकटस्थ महिला-पुरुषों द्वारा मुख्यमंत्री की इस विफलता पर उनकी घोर आलोचना किया जाना तथा भाजपा कार्यकर्ताओं का बचाव करना भाजपा के अन्दर पनप रही किसी खास गड़बड़ी (फॉल्ट लाइन) को उजागर करता है। प्रसंगवश बात दें कि कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की केन्द्रीय राज्य मंत्री शोभा करान्दलजे, जिन्हें येद्दियुरप्पा का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## महाराष्ट्र

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र स्टेट इलैक्शन कमीशन (एस.ई.सी.) को 367 स्थानीय निकायों के चुनावों का पुनर्निधारण करने से गुरूवार को प्रतिबंधित कर दिया। एस.ई.सी. अदर बैकवर्ड क्लासेस (ओ.बी.सी.) को आरक्षण की अनुमति देने के लिए इन चुनावों का पुनर्निधारण करना चाहता था।

- सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों को ओ.बी.सी. आरक्षण की वजह से रीशिड्यूल करने पर रोक लगा दी है।

जस्टिस ए.एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली एक बैंच ने एस.ई.सी. से कहा कि वह आरक्षण के बिना चुनाव सम्पन्न करवाए। कोर्ट ने उसे चेतावनी दी कि यदि वह शीर्ष अदालत के मई में जारी आदेश के खिलाफ जाकर चुनावों की ताजा अधिसूचना जारी करता है तो उसे अदालत की अवमानना का सामना करना पड़ेगा। बैंच जस्टिस उदय उमेश ललित, जस्टिस एस. रविन्द्र भट और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या पंजाब की भांति, कर्नाटक में भी कांग्रेस आत्मदाह की तैयारी में?

## पूर्व मु.मंत्री एस. सिद्धारमैया व प्रदेशाध्यक्ष डी.के. शिव कुमार के बीच प्रतिस्पर्धा चरम सीमा पर है

- जब से शिव कुमार ने मुख्यमंत्री बनने की महत्वकांक्षा सार्वजनिक की, सिद्धारमैया ने सार्वजनिक प्रतिरोध किया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि, सिद्धारमैया के समर्थकों ने, जिनमें पार्टी के विधायक जमीर अहमद प्रमुख हैं, सिद्धारमैया का जन्म दिवस जोर-शोर से मनाने की तैयारी शुरू की और इस समारोह का आयोजन, शक्ति प्रदर्शन का मैदान बन गया है।
- अगले साल कर्नाटक में विधानसभा चुनाव हैं, क्या कांग्रेस पंजाब का इतिहास दोहरायेगी?

**-लक्ष्मण वैंकट कूची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 जुलाई। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस अगले साल होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनावों में अपनी हार के लिये कड़ी मेहनत कर रही है क्योंकि राज्य के दो बहुत बड़े पार्टी नेताओं-पूर्व मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया तथा के.पी.सी.सी. अध्यक्ष डी.के. शिव कुमार के बीच जबरदस्त ठनी हुई है।

कर्नाटक के राजनैतिक पर्यवेक्षक इस बात पर एकमत हैं कि राज्य विधानसभा से पहले, कांग्रेस अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारने में लगी हुई है। कर्नाटक ऐसा पहला दक्षिणी भारतीय राज्य है, जहाँ भाजपा ने पैर जमा लिये हैं यह राज्य भाजपा के लिये दक्षिण क्षेत्र में अपने विस्तार की कुंजी की तरह है, जिस क्षेत्र से लोकसभा के लिये 130 सांसद चुनकर जाते हैं। 2019 के चुनावों में, भाजपा ने इस राज्य में इकतरफा जीत हासिल करते हुये, 28 में से 25 सीटों पर कब्जा कर लिया था।

कर्नाटक में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। जहाँ भाजपा चुनाव के लिये एक सक्षम प्रचार की तस्वीर प्रोजैक्ट कर रही है, वहीं कांग्रेस में चल रही अंदरूनी लड़ाई तथा दोनों नेताओं के बीच चल रहीं मुख्यमंत्री बनने की चालबाजियाँ निश्चित रूप से कांग्रेस के लिए बहुत मंहगी सिद्ध होने वाली हैं।

के.पी.सी.सी. अध्यक्ष शिव कुमार, जिन्होंने पार्टी के कई संकटों में संकटमोचक की भूमिका अदा की है, ने मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जाहिर कर दी थी, जिसका पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कड़ा प्रतिवाद किया था। सिद्धारमैया के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह कांग्रेस की आंतरिक कलह का रंगमंच बन गये हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुनवाई में देरी

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने इस खबर पर गुरूवार को असंतोष जाहिर किया कि वह ईसाई संस्थानों पर कथित हमलों की सुनवाई में विलम्ब कर रहा है। कोर्ट ने कहा कि ''जजों को निशाना बनाने की भी कोई सीमा होती है।''

- सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डी. वाय चन्द्रचूड़ ने सुनवाई में देरी होने पर जजों को निशाना बनाए जाने की निंदा की और कहा कि, जजों को टारगैट करने की भी हद होती है।

जस्टिस सूर्यकांत के साथ एक बैंच में बैठे जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़ ने कहा ''पिछली बार इस मामले को लिस्ट नहीं किया जा सका क्योंकि मुझे कोविड हो गया था। आज यह अखबारों में छपवा दो कि सुप्रीम कोर्ट सुनवाई में विलम्ब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# स्मृति ईरानी को इतना गुस्सा क्यों आता है?

## क्या गुस्से का कारण है, उनके परिवार द्वारा गोवा में चलाया जा रहा रैस्टोरैंट व रैस्टोरैंट से संबंधित अन्य गतिविधियां?

- समझा जा रहा है कि प्रधानमंत्री की गुड बुक्स में आने और भावी कार्यवाही से बचने की कोशिश में स्मृति इरानी संसद में सोनिया गांधी पर इतनी बुरी तरह से चिल्ला रही थीं।
- लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन ने नव निर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को ''राष्ट्र पत्नी'' कह कर संबोधित कर दिया, जिस पर हंगामा खड़ा हो गया, हालांकि अधीर रंजन ने इसके लिए तुरंत माफी मांग ली, पर भाजपा सांसदों ने सोनिया गांधी को निशाने पर ले लिया।
- सोनिया ने जब सत्तारूढ़ खेमे की रमा देवी से कहा कि, अधीर रंजन ने माफी मांग ली है फिर उनके (सोनिया के) के खिलाफ नारेबाजी क्यों हो रही है, तो स्मृति इरानी बीच में कूद पड़ीं और सारा विवाद शुरू हो गया।

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 जुलाई। स्मृति ईरानी को गुस्सा क्यों आता है तथा वे इतनी आक्रामक क्यों हो जाती हैं कि असभ्यता की सीमा को स्पर्श करने लगती हैं। क्या केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी उनके परिवार की गतिविधियों की मोटी हो चुकी फाइल के कारण किसी संकट में हैं तथा इसी कारण वे प्रधानमंत्री को खुश करने की कोशिश में, सोनिया गांधी पर हमला बोलते समय, आपे से बाहर हो रही हैं। मोदी जी को यह पसंद तो है तथा जब गांधी परिवार पर हमला होता है तो वे इसकी प्रशंसा तक करते हैं।

और आज लोकसभा में बिल्कुल यही हुआ। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने जब भारतीय गणतंत्र की नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी कहकर सम्बोधित किया तो भाजपा सांसदों ने हंगामा खड़ा कर दिया तथा अधीर रंजन चौधरी एवं सोनिया गांधी से क्षमा याचना करने की मांग करने लगे।

हंगामे के चलते, सदन स्थगित कर दिया गया। सोनिया गांधी बाहर जाने के लिये तैयार होते हुये, पीछे मुड़ीं तथा सत्ता पक्ष में बैठीं रमादेवी के पास गईं और उनसे कहा कि अधीर रंजन ने अपने कथन के लिये माफी मांग ली है। इसके बाद उन्होंने रमा देवी से पूछा कि आखिर उन (सोनिया) पर हमला क्यों बोला जा रहा है?

ठीक तभी स्मृति ईरानी बीच में कूद पड़ी तथा उन्होंने जानना चाहा कि वे उनकी मदद कैसे कर सकती हैं। स्मृति ईरानी के बीच में दखल दिया तो सोनिया ने कहा, ''मैं आपसे बात करना नहीं चाहती।'' सोनिया मुड़ीं और उनसे कहा, ''मुझसे बात मत कीजिये।'' इस पर, ईरानी ने फिर आक्रामक प्रतिक्रिया दी तथा गांधी से कहा कि वे नहीं जानतीं कि वे कौन हैं। सोनिया गांधी ने उनसे फिर कहा कि वे (ईरानी) उनसे (सोनिया) से बात नहीं करें।

एक बयान में कांग्रेस के प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि, कई सांसदों ने देखा था कि स्मृति ईरानी ने सोनिया गांधी को अपशब्द कहे व अपमानित किया जब सोनिया ने विनम्रता से यह कहा कि, वे अन्य महिला सांसद से बात कर रही हैं तो ईरानी चिल्लाने लगी, ''आप जानती नहीं हैं मैं कौन हूँ?''

जयराम ने कहा कि क्या एक वरिष्ठ सांसद से ऐसे बात की जाती है, वो भी उससे जो पार्टी की अध्यक्ष हैं। ईरानी राजनैतिक रुप से भी अपनी बात कह सकती थीं। इस तरह का आचरण संसद की मानमर्यादा के खिलाफ है।

इससे पूर्व ही, ईरानी ने सोनिया गांधी पर अत्यंत कठोर शुरु कर दिया तथा उनसे माफी मांगने की माँग कर दी थी। उन्होंने कह दिया था, ''सोनिया गांधी ने देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन महिला के अपमान का समर्थन किया है। यही नहीं, आवेश में आ चुकी ईरानी ने सोनिया गांधी को ''आदिवासी- विरोधी, दलित-विरोधी तथा नारी-विरोधी'' तक कह दिया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी सोनिया गांधी पर हमला बोल दिया तथा कहा कि भाजपा सांसद स्वयं को सोनिया गांधी से आशंकित महसूस कर रहे हैं। जब सोनिया ने कहा कि अधीर पहले ही माफी मांग चुके हैं तो निर्मला सीतारमण ने उन पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बहस

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 जुलाई। सरकार ने विपक्ष को अवगत करवा दिया है कि वह कीमत वृद्धि पर अगले सप्ताह संसद में बहस करवाने को तैयार है। सरकार ने पहले इस मुद्दे का प्रतिरोध किया जिसके परिणामस्वरुप विपक्ष ने 18 जुलाई से शुरु हुए मानसून सत्र के प्रारंभ से ही सदन के दोनों सदनों का काम-काज बाधित कर रखा है।

- सरकार अगले सप्ताह संसद में मंहगाई पर बहस के लिए मान गई है।

हालांकि, विपक्षी पार्टियों ने बहस की एक शर्त पर जोर दिया कि पहले लोकसभा के उन चार कांग्रेस सांसदों का निलम्बन वापस लिया जाए जिन्हें सत्र की शेष अवधि के लिए बाहर किया गया है। यह गुरुवार को निलम्बित किए गए तीन सांसदों सहित राज्यसभा के उन 23 सांसदों के निलम्बन के केस में जरुरी नहीं होगा क्योंकि उनका निलम्बन इस सप्ताह के लिए ही किया गया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

आत्मा ही अपना स्वर्ग और नरक है। –उमर खैयाम

# मीडिया की जवाबदेही और उच्चतम न्यायालय के आदेशों का प्रवर्तन

हम में हमारे देश के संविधान पर गर्व है, साथ ही देश के उच्चतम न्यायालय की न्याय व्यवस्था पर भी पूरा विश्वास है। अमरीका में न्यायाधीश चुने जाते हैं, हमारे यहां पर नियुक्ति की प्रक्रिया स्वतंत्र है। अमरीका की सुप्रीम कोर्ट वर्ष में 200 केसेज का निर्णय करती है, हमारी कोर्ट के पास प्रतिदिन की कॉज लिस्ट में 100 केसेज से अधिक प्रत्येक बैंच में लगते हैं। देश की सुप्रीम कोर्ट किसी के दवाब में कार्य नहीं करती वह स्वतंत्र है। अपनी बात को अमरीका की सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय से स्पष्ट करना चाहूंगा। अमरीका की सुप्रीम कोर्ट में 9 जज होते हैं, यह संख्या प्रारम्भ से आज तक यही है। वहां के 9 न्यायाधीशों की सुप्रीम कोर्ट ने एक निर्णय दिया वह सरकार को रूचिकर नहीं लगा। प्रेसीडेंट ने कोर्ट से कहा ''या तो आप अपने निर्णय को Reverse कर दें अन्यथा कोर्ट को ही बंद कर दूंगा''। निर्णय बदला गया और दूसरे दिन अखबार की हेडलाइन न्यूज थी''। ** A Stitch in Time Saved Nine**

हमारी कोर्ट्स को Judicial Review का अधिकार है, जो उच्चतम न्यायालय के चीफ जस्टिस एन.वी. रमना के अनुसार Constitutional Scheme का Integral Part है। जिसके द्वारा कार्यपालिका व विधायिका के आदेशों को न्यायिक रिव्यू का अधिकार है। यह कथन माननीय मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट जस्टिस रमना के उस भाषण का भाग है जो उन्होंने जस्टिस एस.बी. सिन्हा मेमोरियल लेक्चर के अवसर पर नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एण्ड रिसर्च इन लॉ, रांची में दिया था। जूडिशियरी का काम संविधान में यदि कहीं कमी है तो उस कमी को सेतु बनकर दूर करने का है जो पब्लिक की खुशहाली के हेतु आवश्यक है और यही जनता की सेवा है। जजों में चार बातें होना आवश्यक हैं – सुनवाई Courteously], उत्तर Wisely nsa] दें, केस को Soberly सुनें और Impartially निर्णय दें। उनकी जिम्मेदारी अहम् हैं। जजों का कार्य सेवा का है यह प्रोफेशन नहीं है अपितु Calling है। जज Litigant की आशा है, उनकी जिम्मेदारी गम्भीर है। हमारा न्यायिक सिस्टम अद्वुत है, न्यायाधीश कानून के अनुसार न्याय करता है, वह Court of Law है न कि Court of Justice है। हमारे न्यायाधीशों का Slave of Law कहा है, क्योंकि वे कानून के अनुसार न्याय करते हैं। अन्तःकरण की अनुभूतियों से वे न्याय करने का प्रयत्न करते हैं। इन न्यायाधीशों में से किसी ने अपराधी को आजन्म कारावास की सजा दी है, किसी का मकान खाली कराया आदि। न्यायाधीश यह मानते हैं उन्होंने निष्पक्ष न्याय किया है विरुद्ध कुछ अपराधी यह मानते हैं कि उन्हें गलत रूप से सजा दी गई है। उनके साथ अप्रिय घटना हो सकती अतः न्यायाधीशों को सुरक्षा अपेक्षित है।

वर्तमान् समय में मीडिया ट्रायल हो रहा है, और ऐसी ट्रायल के केसेज में बढ़ोत्तरी हो रही है। फलस्वरूप इनके कारण सच कहीं खो गया है और केस पर विपरीत असर होता है। माननीय मुख्य न्यायाधीश रमना ने ऐसी कोर्टस् को कंगारू कोर्ट कहा है। यह प्रसंग इसलिये आवश्यक है कि जस्टिस रमना ने नूपुर शर्मा बीजेपी की पूर्व प्रवक्ता के केस पर, दो जजों की प्रतिक्रिया पर अपनी टिप्पणी की है। वस्तुतः नूपुर शर्मा का केस था कि उसके विरुद्ध अनेक एफआईआर अलग-अलग स्थानों पर प्रस्तुत की गई हैं और प्रार्थना की थी कि सब केसों का दिल्ली ट्रान्सफर कर दिया जावे। सुनवाई के दौरान कई बातें दोनों पक्षों ने कहीं हैं और कोर्ट ने अपनी टिप्पणी की है। टिप्पणी क्या थी उसे उद्धृत करना आवश्यक नहीं है वह विदित है। कोर्ट की फाइल पर इस प्रकार की टिप्पणी का कोई उल्लेख नहीं है। पिटीशनर ने केस वापिस ले लिया है। सक्षम न्यायालय में दायर करने की हिदायत दी है। माननीय न्यायाधीशों की मौखिक टिप्पणी पर प्रतिक्रियायें बतलाई गई हैं। यही विवाद का विषय है। कोर्ट से केस वापिस ले लिया गया है। यहां यह कहना उचित होगा कि कोर्ट की पत्रावली पर टिप्पणी का कोई उल्लेख नहीं है किन्तु मिडिया में इसका बहुत प्रचार हुआ है। भारत के प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमना ने कहा कि मौजूदा दौर से प्रिन्ट मीडिया तो काफी हद तक अपनी जिम्मेदारी निभाई है किन्तु इलेक्ट्रोनिक मीडिया पूरी तरह से गैर जिम्मेदार रहा है। सीजेआई ने कहा है कि सोशल मीडिया की स्थिति और भी बुरी है। माननीय सीजेआई का कहना है कि कई मीडिया संस्थान अपने एजेन्डा को आगे बढ़ाते हुये, कुछ मुद्दों पर कंगारू कोर्ट चला रहे हैं, इस कारण अनुभवी जजों को भी निर्णय करने पर कठिनाई हो रही है। न्यायाधीशगण अपनी प्रतिक्रिया नहीं दे सकते, किन्तु मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट की धारणा है कि मीडिया को इसे जजों की कमजोरी नहीं समझना चाहिये। मीडिया द्वारा जजों के विरूद्ध सामूहिक आन्दोलन छेड़ रखा है। इन गतिविधियों से लोकतंत्र कमजोर होगा तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को नुकसान होगा।

**एंकर द्वारा आयोजित डिबेट अधिकतर राजनीतिक घटना चक्रों पर होती हैं। मीडिया ट्रायल में फौजदारी मामलों में शहादत पर और प्रक्रिया पर टीका टिप्पणी की जाती है। मीडिया ट्रायल में मीडिया को अधिकार नहीं है कि पक्ष व विपक्ष के गवाहों की साक्ष व पुलिस की जांच पर अपनी राय थोपे।**

यहां हमें यह भी समझना चाहिये कि वस्तुतः मीडिया ट्रायल क्या है और एंकर द्वारा कई विरोधियों को एक मंच पर इकट्ठा कर कोर्ट से संबंधित विषय वस्तु पर चर्चा जहां एक व्यक्ति पूरे समाज का प्रतिनिधित्व करता है। विषय को समझाने हेतु डिबेट आयोजित किया जाना अलग बात है। व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार और प्रेस के अधिकार में कोई अधिक अन्तर नहीं है। हाँ प्रेक्टिस में अन्तर है। साधारण रूप से आदमी जहां नहीं पहुंच सकता वहां प्रेस की पहुंच है, उसे प्रेस गेलेरी का अधिकार है यह अधिकार इसलिये है कि मीडिया की भूमिका ट्रस्टी के रूप में है। सुप्रीम कोर्ट ऑफ यूएस ने मीडिया को 'सरोगेट ऑफ पब्लिक' कहा है। मीडिया डिबेट, मीडिया ट्रायल से भिन्न है। प्रेस को यह अधिकार है कि वह प्रक्रिया के औचित्य के मापदण्ड से सही व सत्यता के साथ अपने संतुलन के साथ प्रकाशित करे। मीडिया डिबेट में विषय वस्तु के महत्वपूर्ण पक्षों की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जानकारी दी जाती है। इन पर कुछ बंधन भी हैं। एंकर द्वारा आयोजित डिबेट अधिकतर राजनीतिक घटना चक्रों पर होती हैं। मीडिया ट्रायल में फौजदारी मामलों में शहादत पर और प्रक्रिया पर टीका टिप्पणी की जाती है। मीडिया ट्रायल में मीडिया को अधिकार नहीं है कि पक्ष व विपक्ष के गवाहों की साक्ष व पुलिस की जांच पर अपनी राय थोपे।

अब प्रश्न यह उठता है कि न्यायालय में बहस के समय कोर्ट के जो कमेन्ट होते हैं, क्या वे प्रकाशित किये जा सकते हैं, क्या उन्हें आदेश अथवा निर्णय कहा जा सकता है, क्या ऐसे कमेन्ट्स पर अवमानना की कार्यवाही की जा सकती है। कन्टेम्प्ट की कार्यवाही लिखित शिकायत पर होती है।

संविधान के अनुच्छेद 129 के तहत सर्वोच्च न्यायालय को 'अभिलेख न्यायालय' (Court of Record) कहा गया है और उसे अपनी अवमानना के हेतु उचित कार्यवाही करने का अधिकार है। अनुच्छेद 129 के अतिरिक्त अनुच्छेद 141 व 142 भी बहुत महत्व के हैं। सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ के न्यायाधीश पारदीवाला ने जो कमेन्ट किये थे वे रेकार्ड में नहीं हैं तथा बाद में भी उन्होंने स्पष्ट संकेत दिया था कि मीडिया को नियंत्रित करने के हेतु कानून बनाया जाना चाहिये। सीजेआई इसी बात को अपने भाषण में कहा है कि मीडिया को स्वयं अपने आपको सुधारना होगा अन्यथा ध्यान में रहे सरकार अथवा कोर्ट इस संबंध कानून बना सकते हैं। अनुच्छेद 141 घोषणा करता है कि सुप्रीम कोर्ट, जो अभिलेख न्यायालय है, के द्वारा घोषित विधि राज्य क्षेत्र के भीतर सभी न्यायालय पर आबद्धकर होगी। अनुच्छेद 142 में यह स्पष्ट किया है कि उच्चतम न्यायालय की डिक्री और आदेश जो कोर्ट ने पारित किये हैं उनका प्रवर्तन होगा। अनुच्छेद 129, 141 व 142 से यह बतलाया गया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश लिखित में होंगे। इन प्रावधानों से यह अर्थ निकतला है कि चूंकि कोर्ट के रेकार्ड पर कोई आदेश नहीं है जो नूपुर शर्मा को किसी अपराध से जोड़ता है। आदेश केवल यह है कि पिटीशनर ने अपनी पिटीशन को विद्ड्रो किया है और सक्षम न्यायालय में उसे जो प्रार्थना अपेक्षित है वह कर सकता है।

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमना ने जो अपने भाषण में प्रश्न उठाये हैं, उन पर चिन्तन व मनन आवश्यक है और देश के नागरिकों का पावन कर्त्तव्य है कि वे मिल-जुलकर भारत को विकासशील, शान्ति प्रिय व सम्पन्न राष्ट्र बनायें। इसके अतिरिक्त मीडिया ट्रायल जहां कोर्ट में केस चल रहा है नहीं होना चाहिये तथा मीडिया को अपनी सीमा में रहकर डिबेट की विषय वस्तु के गुण दोष पर ही प्रतिक्रिया करना चाहिये ताकि जनता को समस्या की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

मुख्य न्यायाधीश ने जनता से अपील की कि हमें Vibrant Democracy चाहिये और इसके लिये जूडिशियरी को शक्तिशाली बनाना होगा। वर्तमान में सोसायटी को जूडिशियरी से बहुत अपेक्षायें हैं। कोर्ट्स की भूमिका केवल मुकदमों को निपटाने मात्र की नहीं है अपितु जनता न्यायपालिका से अपेक्षा करती है कि जीवन का रास्ता प्रशस्त करने के हेतु प्रत्येक चरण में न्यायालय से सहयोग मिले। न्यायाधीशों का संबंध सोसायटी से होना चाहिये साथ ही सोसायटी की वास्तविकता को भी समझना चाहिये। सीजेआई ने कहा हमें जूडिशियरी को शक्तिशाली बनाना है ताकि हमारा लोकतंत्र भी मजबूत हो।

समय की पुकार है कि मीडिया ट्रायल तथा मीडिया डिबेट जो इलेक्ट्रोनिक मीडिया संचालित करते हैं, उन्हें नियंत्रित करने के हेतु कानून बनाया जाना आवश्यक है। उचित तो यह होगा कि मीडिया ट्रायल ही बंद हो।

सत्यमेव जयते!


**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# अत्यंत मजबूत, चौड़ी एवं ऊंची अभेद्य दीवारों से रक्षित चूरू का किला



पन्नालाल मेघवाल

**■ बीकानेर से युद्ध में गोला-बारूद समाप्त हो जाने पर अपनी आजादी की रक्षा के लिए दुश्मन की सेना पर चांदी के गोले दागे गए**



**चूरू** किले का निर्माण चूरू के ठाकुर कुशलसिंह ने सन् 1694 में करवाया। उन्होंने नगरवासियों को सुरक्षा प्रदान करने एवं आत्मरक्षा के उद्देश्य से इस किले का निर्माण कराया। किले का निर्माण होते ही लोगों का कुशलसिंह में विश्वास बढ़ा और बड़ी संख्या में लोग आकर चूरू में बसने लगे। कहा जाता है कि किला बन जाने से नगर के विकास एवं व्यापार का मार्ग प्रशस्त हुआ और चूरु तरक्की करने लगा।

चूरू के मुख्य बाजार में स्थित इस किले का परकोटा बहुत मजबूत बना है। यह किला नौ बुर्जों में विभक्त है। किले का सिंहद्वार पश्चिमाभिमुख है। किले की दीवारें अत्यंत मजबूत, चौड़ी और ऊंची हैं। सिंहद्वार के दरवाजे लोहे की मोटी सलाखों से जुड़े हैं। किले के दरवाजे में प्रवेश से पहले एक पक्का खुर्रा बना है। किले की प्राचीर में अनेकों सुराख हैं जहां से शत्रुओं पर बंदूकें दागी जाती थी। सिंहद्वार के दक्षिण के एक बुर्ज में सन् 1870 ईस्वी का एक पट्ट लगा है। किले के एक भाग में मेहता मेघराज की देवली, एक पुराना कुआं और गोपीनाथ जी का भव्य मंदिर है।

चूरु के किले में ठाकुर शिवसिंह द्वारा बनाया गया भव्य गोपीनाथ का मंदिर है। इस मंदिर में राधा-कृष्ण के साथ-साथ शिव-पार्वती गणेश-कार्तिकेय, हनुमानजी एवं दुर्गा की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। किले में भगवानदास बावला ने सन् 1895 में एक अस्पताल बनवाया था जिसमें दो मंजिले वार्ड थे। कालांतर में इसे एक डिस्पेंसरी के रूप में परिवर्तित कर दिया।

किले के दक्षिणी-पूर्वी भाग में ठाकुरों के महल और कचहरी थी। चूरू का तहसील मुख्यालय भी वर्षों तक यहां रहा। नगरपालिका का कार्यालय भी अनेक वर्षों तक यहीं से संचालित हुआ। यहां पर एक बालिका विद्यालय संचालित है। बालिका स्कूल के पास ही जेल और प्रहरियों के क्वार्टर बने थे उन्हें अन्यत्र स्थानांतरित किया गया है। किले के दक्षिण में बने एक भवन में वर्षों स्वास्थ्य विभाग का दफ्तर रहा। बाद में दूरदर्शन रिले केंद्र भी स्थापित हुआ। इस भवन में मातृ शिशु कल्याण केंद्र संचालित रहा। किले के पुराने कुएं से किले और आस-पास के लोगों की जलापूर्ति की जाती है।

इतिहासकार गोविंद अग्रवाल द्वारा लिखित चूरू मंडल का शोधपूर्ण इतिहास के अनुसार किले पर अनेक बार तोपों के गोलों की वर्षा हुई लेकिन इस किले की दीवारें इतनी सुदृढ थी कि तोपों के गोले भी इसकी दीवारों को भेद नहीं पाए।

ठाकुर कुशलसिंह के वंशज ठाकुर शिवसिंह शूरवीर और स्वाभिमानी थे। बीकानेर के महाराजा सूरतसिंह से उनकी कभी नहीं बनी। महाराजा सूरतसिंह ठाकुर शिवसिंह से नाराज रहते थे। उन्होंने शिवसिंह को सबक सिखाने एवं किला अपने अधीन करने के लिए अनेक बार चूरू पर आक्रमण किए। सन् 1814 में बीकानेर नरेश ने अमरचंद सुराणा को भारी सैन्य बल के साथ चूरू पर आक्रमण के लिए भेजा। बीकानेर की सेना ने चूरू के किले को चारों तरफ से घेर लिया। दोनों तरफ से तोपें दागी गई। ऐसे में ठाकुर शिवसिंह के पास गोला-बारूद खत्म हो गया।

यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि जब गोला-बारूद समाप्त हो गया तो अपनी आजादी की रक्षा के लिए चूरू के इस किले से दुश्मन की सेना पर चांदी के गोले दागे गए। चूरू के लोगों द्वारा दी गई चांदी से गोले बनाए गए थे। विश्व के इतिहास में अपनी आजादी की रक्षा के लिए चांदी के गोले बनाकर तोपों से दागने की ऐतिहासिक घटना स्वर्णाक्षरों में अंकित की गई। इसी कारण चूरू के किले का नाम अमर हो गया।

आजादी के बाद धीरे-धीरे किले की स्थिति जर्जर हो गई। राज्य सरकार ने इस किले का जीर्णोद्धार करवाकर इसका सौन्दर्यीकरण किया जिससे यह किला पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

**- पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# मुस्लिम समाज ने किया कावड़ियों का स्वागत



सुजानगढ़ में कावड़ियों का स्वागत करते हुए मुस्लिम समाज के लोग।

**सुजानगढ,** (नि.सं) करीब 6 सौ किलोमीटर दूर हरिद्वार से कावड़ लेकर आए कावड़ियों का कादरी मार्केट में मुस्लिम समाज के पार्षदों एवं युवाओं द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया। कावडियों के पहुंचने पर युवाओं ने भगवान भोलेनाथ के जयघोष से आसमान को गुंजायमान कर दिया। कावडियों ने अपनी कावड़ पर तिरंगा लगा रखा था।

पार्षद प्रतिनिधि प्रेमप्रकाश स्वामी ने बताया कि वार्ड के सुरेंद्र प्रजापत, छोटू प्रजापत, भीष्म पारीक हरिद्वार से कावड़ में गंगाजल लेकर आये हैं, जो भूतनाथ मंदिर, प्रजापति मंदिर व गोपीनाथ मन्दिर में शिवलिंग पर चढ़ाया गया है। मुस्लिम समाज के युवाओं ने कावड़ियों पर पुष्प वर्षा से स्वागत कर गंगा जमुनी तहजीब का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान शहर काजी मोहम्मद अकरम रिजवी, मेनूदीन खान, साबिर खान कादरी, इलियास खान कादरी, अमजद खान, पार्षद आसिफ चौहान, इस्माईल खान, आसिफ खान नसवाण, ओमप्रकाश खीचड, परमेश्वर शर्मा, असलम, अफजल, इस्लाम, अरमान, अरबाज, कुलदीप सिंह, नन्दूसिंह, प्रेम प्रकाश स्वामी, हसन खान, जावेद तेली सहित अनेक नगरवासियों ने कावड़ यात्रियों का माला पहना कर स्वागत किया।

# शनि महाराज के भंडार से निकले 16 लाख 46 हजार रुपए



कपासन के शनि महाराज आली के भंडार में नोटों की गिनती करते कमेटी के लोग।

**कपासन,** (नि.सं.)। मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री शनि महाराज आली के भंडार से 16 लाख 46 हजार 399 रुपए की राशि निकली। अमावस्या से 1 दिन पहले मंदिर का ताला खोला गया तीर्थ स्थल शनि महाराज आली प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के सचिव कालू सिंह ने बताया कमेटी अध्यक्ष छगनलाल गुर्जर उपाध्यक्ष सत्यनारायण जाट, संरक्षक नरेंद्र पाल सिंह सहित आदि सदस्यों की मौजूदगी में भंडार खोले गए। बुधवार सुबह आरती के बाद सभी भंडार खोले गए। जिसमें मुख्य मंदिर नवठाह मंदिर तेल कुंड आदि के भंडार खोलकर भेंट राशि निकाली गई। इसके बाद मंदिर परिसर में ही उनकी गिनती का कार्य शुरू किया गया। जिसमें कुल 16 लाख 46 हजार 399 रुपए की राशि मिली। इस दौरान सदस्य पवन सांखला, देवीलाल गाडरी, संजय कुमार शर्मा, गोपाल लाल सुथार, रतन लाल सुथार, भेरू लाल गाडरी, भगवान लाल गाडरी, मांगीलाल कीर, कालू लाल कीर, गोपाल कृष्ण शर्मा, देवी सिंह चारण, भेरूलाल लोहार, नारायण लाल लोधा सहित आदि सदस्यों ने राशि की गिनती की।

# आर्थिक संकट से जूझ रहे रामलाल के परिवार को विधायक ने सौंपा 25 हजार का चैक

**■ सीएम गहलोत ने जिला प्रशासन को पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद करने के निर्देश दिएलगाया**



पीड़ित को सहायता राशि का चेक सौंपते विधायक मनोज मेघवाल।

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे के वार्ड 19 निवासी रामलाल नायक की गत 7 वर्षों से गंभीर बीमारी के कारण आर्थिक संकट से जुझ रहे उनके परिवार की सहायतार्थ मुख्यमंत्री सहायता कोष से 25 हजार का चेक विधायक ने रामलाल की पत्नी को सौपकर हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। रामलाल के परिवार को खानेपीने तक के टोटे पड रहे थे।

सूचना पर सीएम गहलोत ने जिला प्रशासन को पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए। जिस पर गुरुवार की देर शाम सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल और स्थानीय प्रशासन पीड़ित परिवार के घर पहुंचा। इस दौरान उपस्थित नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भी नगद राशि इकट्ठा कर पीड़ित परिवार की मदद की। कांग्रेस कार्यकर्ता सलीम बल्खी ने रामलाल के दो मकानों की रिपेयरिंग और दरवाजे तथा खिडकियां लगाने की घोषणा की। दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन ने भीपीड़ित परिवार को चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, खाद्य सुरक्षा योजना सहित अन्य कई सरकारी योजनाओं से जोड़ा। पीड़ित परिवार को इंदिरा रसोई से दो वक्त के खाने की व्यवस्था को लेकर एसडीएम श्योराम वर्मा ने ईओ हिमांशु अग्रवाल को निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार द्वारकाप्रसाद शर्मा, नायब तहसीलदार सुभाष छींपा, बीडीओ हंसराज मीणा, सामाजिक न्याय अधिकारी राजेंद्र स्वामी, पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा, कांठोस नगर अध्यक्ष जेठाराम यादव, नेता प्रतिपक्ष गोपाल गुर्जर, पार्षद महेंद्र माली, मेघराज सांखला, खालिद बल्खी, जवाहरसिंह राठौड, पुसाराम चौहान, रामपाल पांडिया, रामनिवास माली, गोविंद सोनी, सलीम बल्खी, यूनूस बिसायती, हनुमानमल गुसाईंवाल, ल्याकत कूरैशी आदि मौजूद थे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 29 जुलाई, 2022**

सावन मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, पुष्य नक्षत्र प्रातः 9:47 तक, सिद्धि योग सांय 6:35 तक, किस्तुघ्न करण दिन 12:23 तक, चन्द्रमा कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मेष, बुध-कर्क, गुरू-मीन, शुक्र-मिथुन, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज बुध उदय पश्चिम में प्रातः 6:47 पर होगा। आज से नक्त व्रत आरम्भ होगा। आज जीवंतिका पूजन है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 7:33 तक, लाभ-अमृत 7:33 से 10:53 तक, शुभ 12:33 से 2:13 तक, चर 5:33 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:53, सूर्यास्त 7:13

### मेष
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### वृष
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों और रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क बनेंगे। व्यावसायिक कार्य से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### कर्क
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी और महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

### सिंह
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

### कन्या
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### वृश्चिक
धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### धनु
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है।

### मकर
घर-परिवार में मांगलिक-पारिवारिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### मीन
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/पारिवारिक स्थिति ठीक रहेगी।



बारिश के मौसम में अक्सर इंद्र धनुष दिख जाया करता है, लेकिन जयपुर शहर में गुरूवार को लोगों को दो-दो इंद्र धनुष देखने का मौका मिला। हालांकि दूसरा वाला हल्का था।

# राजस्थान के हेल्थ केयर मॉडल को पूरे देश में लागू करें : परसादी लाल

**जयपुर, (का.सं.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि राजस्थान का यूनिवर्सल हेल्थ केयर मॉडल गरीब से गरीब आदमी को भी पूर्णतः निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण इलाज सुनिश्चित करवाता है, अन्य राज्यों को भी इसे लागू करना चाहिए ताकि देश का हेल्थ सिस्टम मजबूत हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य को निरोगी बनाने के अभियान के शुरूआत मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना से की थी। वर्तमान में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को निःशुल्क जांच, दवा एवं उपचार की सुविधा मिल रही है। वर्तमान में छोटी से छोटी बीमारी के इलाज से लेकर बड़े से बड़ा इलाज सरकारी एवं निजी अस्पतालों में आमजन के लिए निःशुल्क उपलब्ध है। राजस्थान पूरे देश में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर एक मॉडल स्टेट बन चुका है। चिकित्सा मंत्री गुरूवार को विश्व हेपेटाईटिस दिवस के अवसर पर दुर्गापुरा कृषि अनुसंधान केन्द्र के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे।

मीणा ने कहा कि अनियमित खानपान और शुद्ध पानी के उपयोग नहीं करने से हेपेटाईटिस जैसी जानलेवा बीमारी होती है। हम सभी को शराब, सिगरेट, तम्बाकू इत्यादि के सेवन से बचना चाहिए और स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लिए गर्व की बात है कि पूरे देश से विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रशासनिक अधिकारी हेपेटाइटिस की रोकथाम पर चर्चा के लिए यहां एकत्रित हुए हैं।






# राष्ट्रपति मुर्मू के खिलाफ अधीर रंजन द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन

## यह सिर्फ देश की राष्ट्रपति का ही अपमान नहीं, संविधान, महिला शक्ति और जनजाति समाज का भी बड़ा अपमान किया है, सोनिया गांधी को माफी मांगनी चाहिए : डॉ. सतीश पूनिया

**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ कांग्रेस नेता अधीर रंजन द्वारा की गई अमर्यादित और अलोकतांत्रिक टिप्पणी के खिलाफ भाजपा ने प्रदेश के सभी जिलों में धरना प्रदर्शन कर अधीर रंजन के पुतले जलाए और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के खिलाफ नारेबाजी की गई। इसी क्रम में एसटी मोर्चा, महिला मोर्चा और युवा मोर्चा द्वारा जयपुर में भी धरना प्रदर्शन किया गया और अधीर रंजन का पुतला जलाया गया, जिसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए।

डॉ. पूनिया ने प्रदर्शन के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि, कांग्रेस के नेता संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते हैं, वो संविधान को क्या समझेंगे और इसलिए अधीर रंजन की एक बार की गलती नहीं है, इन लोगों का आचरण, इनका चरित्र बताता है, अधीर रंजन की भाषा उनके मानसिक विचलन और कांग्रेस का आचरण है। यह कांग्रेस पार्टी के चरित्र को उजागर करती है। अधीर रंजन ने स्तरहीन, मर्यादाहीन टिप्पणी से राष्ट्रपति और सम्पूर्ण नारी शक्ति की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। यह सिर्फ देश की राष्ट्रपति का ही अपमान नहीं है, संविधान और महिला शक्ति का भी अपमान किया है, इस पर सोनिया गांधी को माफी मांगनी चाहिए। सिर्फ अधीर रंजन के माफी मांगने से नहीं होगा, वह कांग्रेस के नेता हैं, उन्होंने इतना बड़ा अपमान देश, संविधान और जनजाति समाज का किया है, मुझे लगता है कांग्रेस पार्टी के सत्ता में कभी भी नहीं आने की आशंका से घबराकर कांग्रेस के नेता इस तरह के बयान देते हैं, कांग्रेस नेताओं द्वारा इस तरीके से अमर्यादित बयान राजस्थान और हिंदुस्तान बर्दाश्त नहीं करेगा।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ कांग्रेस नेता अधीर रंजन द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ भाजपा के एसटी मोर्चा, महिला मोर्चा और युवा मोर्चा की ओर से जयपुर में धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए।

> ■ 'अधीर रंजन की भाषा उनके मानसिक विचलन और कांग्रेस का आचरण है, यह इनके चरित्र को उजागर करती है'

इस दौरान धरना-प्रदर्शन में प्रदेश मंत्री अशोक सैनी, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र मीणा, जयपुर शहर जिला अध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर देहात उत्तर जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जयश्री गर्ग, प्रदेश मंत्री दीपा नाथावत, प्रदेश कार्यालय मंत्री सुमन मीणा, प्रदेश मीडिया प्रभारी स्नेहा काम्बोज शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने राज राजेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक किया



राज्यपाल कलराज मिश्र ने गुरुवार को हरियाली अमावस्या पर राजभवन स्थित राज राजेश्वर महादेव मंदिर में परिवार सहित पूजा अर्चना की। राज्यपाल मिश्र ने रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और सम्पन्नता के लिए कामना की। बाद में उन्होंने राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र के साथ राजभवन परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने वर्षा के इस मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाने का आमजन से आह्वान भी किया।

## छेड़छाड़ करने वाला पकड़ा

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने छेड़छाड़ मामले में आरोपी राजा उर्फ जॉनी हरिजन को गिरफ्तार किया गया है।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# खींवसर और सैनी ने डॉ. पूनिया को रिपोर्ट सौंपी

**जयपुर।** भरतपुर जिले के ब्रज चौरासी क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर संत विजयदास द्वारा किये गए आत्मदाह मामले में भाजपा द्वारा गठित कमेटी ने आज प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया को रिपोर्ट सौंप दी। इस मामले में प्रदेश भाजपा द्वारा गठित की गई कमेटी के सदस्यों, जिनमें पूर्व मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी ने डॉ. सतीश पूनिया को आज रिपोर्ट सौंपी।

इसके साथ ही डॉ. पूनिया ने आज जयपुर में रानी सती नगर स्थित अपने जनसंवाद केंद्र पर सुबह 9 से 12 बजे तक आमजन और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जनसुनवाई की। इसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय पर 'कार्यकर्ता मिलन' हेतु दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक कार्यकर्ताओं व आमजन से मुलाकात कर जनसुनवाई उनकी समस्याओं का हल करने का प्रयास किया। गौरतलब है कि डॉ. सतीश पूनिया जयपुर रहने के दौरान नियमित रूप से अपने जनसंवाद केंद्र पर सुबह 8 से 11 बजे तक जनसुनवाई करते हैं, जिसमें वह प्रदेशभर के कार्यकर्ता और आमजन से मुलाकात कर समस्या समाधान की कोशिश करते हैं।

> ■ भरतपुर जिले के ब्रज चौरासी क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर संत विजयदास द्वारा किये गए आत्मदाह मामले को लेकर गठित गई थी यह जांच कमेटी

## 'तथ्य छिपाकर एफआईआर दर्ज कराना गलत'

**जयपुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 महानगर प्रथम ने दुष्कर्म मामले में एफआर पेश करने वाले अनुसंधान अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश को गलत माना है। अदालत ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि निचली अदालत परिवाद पर कार्रवाई जारी रख सकती है। अदालत ने यह आदेश राज्य सरकार व सुरेन्द्र सागर की रिवीजन याचिका पर दिए। अदालत ने कहा कि रींगस थाने में वर्ष 2017 में दर्ज दुष्कर्म के मामले में दूषित अनुसंधान का आरोप लगाते हुए पहले जांच अधिकारी सीताराम माहिच और फिर दूसरे जांच अधिकारी महेश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

# आईपीएस पंकज चौधरी पर 50 हजार का हर्जाना

**जयपुर।** हाइकोर्ट ने तबादले से जुड़े मामले में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण में मामला लंबित रहने के बावजूद हाइकोर्ट में याचिका दायर करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता आईपीएस पंकज चौधरी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश पंकज चौधरी की याचिका को खारिज करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि इस तरह की याचिकाएं लगाने की आदत सी हो गई है, जिसे हतोत्साहित करने की आवश्यकता है। ऐसी याचिकाएं कोर्ट का कीमती समय भी खराब करती हैं। अधिकरण की ओर से याचिकाकर्ता के पक्ष में अंतरिम आदेश होने के बावजूद भी हाइकोर्ट में याचिका पेश की गई। जबकि उसे अधिकरण में ही मामला उठाना चाहिए था। यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। इसलिए याचिकाकर्ता हर्जाने के तौर पर 50 हजार रुपए एक माह में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा कराए।

याचिका में कहा गया था की कार्मिक विभाग ने गत 30 जून को याचिकाकर्ता का तबादला एसडीआरएफ कमांडेंट पद से कम्युनिटी पुलिसिंग अधीक्षक पद पर कर दिया। वहीं केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण ने गत 6 जुलाई को अंतरिम आदेश देते हुए रिलीव नहीं होने की सूरत में याचिकाकर्ता को पुराने पद पर कार्य करते रहने को कहा। अधिकरण से आदेश होने के बाद राज्य सरकार ने गत 12 जुलाई को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को नए पद पर कार्यभार संभालने को कहा।

> ■ कैट में मामला लंबित रहते हाइकोर्ट में याचिका दायर करने का मामला

## बाल श्रम कराने वाले को सजा

**जयपुर, (का.सं.)।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-9 महानगर द्वितीय ने बच्चों से जबरन बाल श्रम कराने वाले अभियुक्त मोहम्मद परवेज को 14 साल की सजा सुनाई है। वहीं अदालत ने अभियुक्त पर 36 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि आठ फरवरी 2021 को मानव तस्करी निरोधक युनिट को सूचना मिली थी कि भट्टा बस्ती इलाके की राजीव नगर कच्ची बस्ती के एक मकान में बाल श्रम कराया जा रहा है।


**तीये की बैठक**



बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है, कि हमारी माताजी **श्रीमती मन्नीदेवी डीगवाल** धर्मपत्नी स्व. श्री गिरधारी लाल डीगवाल का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 28.7.22 (बुधवार) को हो गया है। तीये की बैठक दिनांक 30.7.22 (शनिवार) को 12:00AM से 4:00PM तक नीज निवास स्थान ग्राम- माधोगढ, तहसील- बस्सी, (जयपुर) पर होगी।

**शोकाकुल**- रामस्वरूप, लक्ष्मीनारायण, ब्रह्मा, विष्णु, महेश (पुत्र) एवं समस्त डीगवाल परिवार।

9649714217, 9001470002



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि **रामलाल सैनी** के प्रिय पुत्र गणेश सैनी का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 27.7.22 को हो गया। तीये की बैठक 29.7.22 को सांयकाल 3:00 से 5:00 बजे तक निवास स्थान- सरस्वती नगर, मालियों की ढाणी, आगरा रोड, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल**- कल्याण सहाय सैनी (दादा), लल्लूराम (ताऊ जी), हरि नारायण, प्रभु, नानगराम, डालूराम (चाचा जी), रामनारायण, रतन, छोटू (भ्राता), आयुष विनय (पुत्र) एवं समस्त अध्योप्या परिवार। मो.-9587236006


# गुणवत्ता वाले कार्यों से बनाएं बेहतर छवि : रमेश चन्द मीना

**जयपुर।** पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री रमेश चन्द मीना ने कहा है कि विभाग के अभियंता एवं अधिकारी आपसी समन्वय एवं अन्य विभागों के कन्वर्जेंस सहयोग से ऐसे गुणवत्तापूर्ण कार्य करें जिनसे विभाग की छवि और बेहतर हो। उन्होंने कहा कि कम लागत में, नई सोच और नवाचारों के साथ, अच्छी गुणवत्ता के ऐसे उपयोगी निर्माण कार्य किए जाएं जो धरातल पर वास्तव में नजर आएं और आने वाले कई दशकों तक विभाग की पहचान बनें।

मीना इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में मनरेगा कार्यों के मॉडल डिजाइन, मॉडल एस्टीमेट व गुणवत्ता बेहतर करने के लिए गुरूवार से प्रारम्भ हुई तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मीना कहा कि कोई भी नवाचार करने से पहले एक पायलट प्रॉजेक्ट के रूप में परीक्षण कर उसकी व्यावहारिकता की परख कर ली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता में कमी एक बडी समस्या है। वाटरशेड में ऐसे कार्य हाथ में लिए जाने चाहिए जिनसे बहते हुए सतही जल को रोका जा सके और ग्राउण्ड वाटर टेबल को बढ़ाया जा सके। इस उद्देश्य के साथ माइक्रो सिंचाई परियोजना, छोटे बांध एवं मॉडल तालाबों के कार्य किए जाने चाहिए। परियोजना से क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आमजन को नजर आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हर पंचायत समिति में कुछ बडी ग्रामी पंचायतों में मॉडल पार्क तैयार किए जाएं। जिनमें रनिंग ट्रेक, फलदार पौधे, शौचालय, बैठक व्यवस्था, फलदार पौधे, फेंसिंग हों। ऐसे ही कामों से विभाग की छवि और बेहतर होगी। मीना ने बताया कि हर ग्राम पंचायत पर 1 किलोमीटर के गांधी पथ का निर्माण किया जाएगा। यह सड़क भी अच्छी गुणवत्ता के साथ विभाग के कामों की पहचान बनेगी।



पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री रमेश चन्द मीना ने इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में मनरेगा कार्यों के मॉडल डिजाइन, मॉडल एस्टीमेट व गुणवत्ता बेहतर करने के लिए प्रारम्भ हुई तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को सम्बोधित किया।

## युवक का मोबाइल छीना

**जयपुर।** आमेर इलाके में बाइक सवार बदमाश युवक का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया वैशाली नगर निवासी विशाल चतुर्वेदी 24 जुलाई को आमेर घूमने आया था। इस दौरान कुंडा में बाइक सवार उसका मोबाइल छीन ले गया।


**NAME CHANGE**

I Have Changed My Name From Arun Kumar Agarwal To Arun Aggarwal S/o Sushil Kumar Aggarwal R/o 69, Vivekanand Colony, Naya Khera, Ambabari, Jaipur.

I Have Changed My Name From Shweta Bansal To Sweta Bansal W/o Arun Aggarwal R/o 69, Vivekanand Colony, Naya Khera, Ambabari, Jaipur.

I Army no 2995464H Rank EX HAV Ratan Singh Rathore S/O Narpat Singh R/O village post Gelasar TH makrana dist Nagaur Have changed my son Name from Surya Dev Singh wrong Entered in service documents To Suryadev Singh Rathore vide affidavit dated 27 July 2022 from district notary Jaipur.

मैंने अपना नाम Habeeb Banu से बदलकर Habeeba Bano रख लिया है। भविष्य में मुझे Habeeba Bano W/o Sajid Khan R/o 100, Near Glass Factory, Sanjay Nagar-D, Jaipur, Raj. 302012 से जाना जावें।

**आम सूचना** दि. 28.07.2022

मैं सबाना पत्नी मोहम्मद मुस्तकीम जो कि म. नं. 3 ख 24 हाउसिंग बोर्ड, शास्त्री नगर, जयपुर को श्री दिलीप कुमार से खरीद रही हूं। इस मकान का मूल आवंटन पत्र संख्या 74/1851 दिनांक 25.11.1976 व मूल डिक्लेरेशन पत्र संख्या 73/1851 दिनांक 25.11.1976 जो कि हर सहाय पुत्र प्रभाती के नाम से जारी किया था। यह कागज घर से कहीं गुम हो गए हैं। मैं इस भूखण्ड पर SBI आमेर शाखा कोड 31034 से लोन ले रही हूं, यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो मुझे और SBI आमेर शाखा कोड 31034 से 15 दिवस के अंदर सम्पर्क करें। मो. 9351853072

**खोया पाया**

मेजर वीसी भाटिया से क्रय किए गए मेरे फ्लैट F8/81 सुगन विहार सेक्टर, विद्याधर नगर, जयपुर के आवंटन के दस्तावेज अलॉटमेन्ट लेटर नम्बर 0/EA/49045/AR/JAIPUR/96/III नया बस स्टेण्ड चिड़ावा के पास गिर गए मिलने पर सूचित करें। स्वाती पत्नी स्व. श्री नितेन्द्र सिंह 9999992166

मेरे मकान 10/578 मालवीय नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, डिक्लेरेशन व अन्य कागजाद मालवीय नगर जयपुर में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें-ममता देवी 7976165196

शिवदासपुरा गृह निर्माण स.स.लि. रजि.नं.2667/2 जयपुर की आवासीय योजना रामनगर बडाराम गोविन्दपुरा का लवाड रोड जयपुर के मूल दस्तावेज विक्रय अनुबन्ध पत्र, चुकती भुगतान, समर्पणनामा दिनांक 23.07.2022 को टी.पी.एस.स्कूल के पास अम्बाबाडी जयपुर में गिर गये है। मिलने पर सूचित करें- व्यवस्थापक दामोदर लाल यादव 9166356964

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

ज.वि.प्रा./व.न.नि./बी.पी.सी.(बीपी)/2022/डी-987

दिनांक-28.07.2022

**विज्ञप्ति प्रारूप** मैसर्स मेजेटिस्क रियल मार्ट प्रा. लि. जरिये निदेशक श्री सत्यनारायण गुप्ता खसरा न. 1058,1068,1069,1123, 1124,1127, 1128, 1129,1130,1131 ग्राम कलवाड़ा तहसील सांगानेर जयपुर के आर्फोडेबल हाउसिंह पॉलोसी 2009 के प्रावधान के अन्तर्गत टी.डी.आर. सर्टिफिकेट जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। उक्त संबंध में किसी भी संस्था/विभाग के पेटे मैसर्स मेजेटिस्क रियल मार्ट प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री सत्यनारायण गुप्ता की राशि बकाया है तो 7 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को अवगत कराया जावे। वरिष्ठ नगर नियोजक

भवन मानचित्र समिति (बीपी)

जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांक-5791 दिनांक-27.07.2022

**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 77/131 (MIG-A) सांगानेर का आवंटन श्री रामचन्द्र सिंह पुत्र श्री बसन्त सिंह का किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2344 दिनांक 26.06.2021 को जारी किया गया। श्री रामचन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक 25.02.2020 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती सुशीला पत्नी स्व. श्री रामचन्द्र सिंह द्वारा आवास का अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया हैं। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती सुशीला पत्नी स्व. श्री रामचन्द्र सिंह का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, राजस्थान आवासन मण्डल वृत प्रथम, प्रताप नगर, राज. आवा.मण्डल,जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांक-5831 दिनांक-28.07.2022

**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास संख्या 264/69 (EWS), (एरिया 57.785 वर्गमीटर), का आवंटन श्री सुरेश शर्मा पुत्र श्री रामनिवास शर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 6878 दिनांक 06.11.2003 के द्वारा जारी किया गया था। श्रीमती इन्दु शर्मा पत्नी श्री सुमन शर्मा के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 4000/934 दिनांक 26.09.2019 के द्वारा किया गया एवं श्रीमती इन्दु शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 29.01.2020 को उप पंजीयक-जयपुर-प्रथम, के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती इन्दु शर्मा की मृत्यु दिनांक 14.06.2021 को हो जाने के कारण हक त्याग पत्र के आधार पर इनकी पुत्री नम्रता शर्मा पुत्री स्व. श्री सुमन शर्मा द्वारा उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, नम्रता शर्मा पुत्री स्व. श्री सुमन शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

# रुक रुक कर हो रही बारिश, जलमग्न बस्तियों का जायजा लेने उतरा प्रशासन

## रूपनगर बीजेएस में सेना की नाव चलीं, लोगों को सुरक्षित निकाला

**जोधपुर, (कासं)।** तीन दिन से जारी बारिश में मारवाड़ नहा गया। रुक रुक कर आज भी हल्की बारिश जारी रही। बारिश किसानों के लिए फायदेमंद रही तो कई किसानों के लिए नुकसानदायक साबित हो गई। जोधपुर शहर में बारिश के बाद आज सुबह पूरा प्रशासन सड़कों पर उतर आया। बारिश के बाद शहर की निचली बस्तियां जलमग्न हैं। बीजेएस के रूप नगर में कई मकान पानी में पूरी तरह डूब चुके है। राहत और बचाव के लिए सेना को उतरना पड़ा। सेना ने नांव के जरिए लोगों को राहत पहुंचाने के साथ सुरक्षित बाहर निकाला। बारिश का दौर रात एक बजे तक जारी रहा। गनीमत रही कि हल्की बौछारें ही गिरीं।

इधर संभागीय आयुक्त कैलाशचंद्र मीणा ने अधिकारियों के साथ बासनी की डर्बी कॉलोनी का जायजा लिया। काफी लोगों को रात में ही रेस्क्यू कर बाहर निकाल कर नजदीक के स्कूल में शिफ्ट किया गया तो कईयों को आज समझाइश कर बाहर निकाल कर अन्यत्र भेजा गया। इस बस्ती में घरों में पानी भरा है। जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता भी प्रतापनगर एसीपी प्रेम धणदे के साथ कायलाना, माचिया पार्क और सिद्धनाथ रोड पर पहुंचे। सुसाइड पाइंट पर गहन मंथन के साथ सुरक्षा व्यवस्था जांची। पर्यटन के लिए आने जाने वालों पर रोक रही।

जोधपुर जिले और तहसील स्तर पर 500 एमएम तक पानी रात एक बजे तक बरस चुका है। आज भी रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड पर पानी भरा पड़ा है। पटरियां जलमठा हो रखी है। जिला प्रशासन की मदद के लिए सेना के जवानों को लगाया गया है। जवान रेस्क्यू के साथ कई दिनों से घरों में फंसे लोगों को खाने का सामान भी पहुंचा रहे हैं। जोधपुर में तीन दिन में यहां करीब 10 इंच पानी बरसा है।

बारिश के चलते तीन दिन में सात मौतें हो चुकी हैं। बारिश कम होने के बाद अब हर तरफ शहर-गांव डूबे नजर आ रहे हैं।

शहर के बासनी स्थित डर्बी श्रमिक कॉलोनी को भी खाली करवा लिया गया है। विजय चौक में किसान हॉस्टल का हिस्सा भरभरा कर गिर गया।

बरसात से उपजे हालात से जिले के गांवों और शहरी क्षेत्र में आज भी स्कूलें बंद रही। जोधपुर-बाड़मेर ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। तेज बारिश के बाद डर्बी व श्रमिक कॉलोनी में जिला प्रशासन की ओर से कॉलोनी खाली करने के लिए मुनादी करवाई गई। यहां 400 लोग पानी में घिर गए थे। रात को ही रेस्क्यू कर टीम ने करीब 200 लोगों को पास के स्कूल में शिफ्ट किया।

पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की दृटि से मंडोर रोड स्थित जनता कॉलोनी के 20 परिवारों को मदरसे में शिफ्ट किया । इन तीन दिनों में करीब 15 से ज्यादा जर्जर मकान गिर गए। शहर की दर्जनों कॉलोनियों जलमग्न हैं। बाप कस्बे से लगते भोजो की बाप भील बस्ती में 70-80 परिवार पानी से घिरे हैं। लोहावट में नाड़ी-तालाब ओवर फ्लो होने से लोहावट के पास रेल पटरियां अधरझूल हो गई है। गाड़ी संख्या 14895, जोधपुर-बाडमेर ट्रेन को बुधवार को रद्द कर दिया गया था। रेक की कमी के कारण गाड़ी 14896, बाडमेर-जोधपुर रद्द कर दी गई है।

पर्यटन स्थलों पर लोगों की आवक जावक बढ़ने पर प्रशासन रोक लगा दी है। कायलाना, गुलाब सागर, कदमकं डी, अरना झरना, सिद्धनाथ रोड, मंडोर नागादड़ी , माचिया पार्क की तरफ आने जाने वालों पर रोक लगाई गई है। लोगों को समझाइश कर वापिस भिजवाया जा रहा है। पुलिस का जाब्ता तैनात होने के साथ एसटीएफ के जवान भी तैनात किए गए है।

जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में गुरूवार सवेरे 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घण्टे में 18 तहसीलों में कुल 36.89 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में सर्वाधिक 135 मिमी बारिश लोहावट तहसील क्षेत्र में दर्ज की गई। जबकि आऊ तहसील क्षेत्र में वर्षा का आंकड़ा शून्य रहा।

जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग दो दिवसीय दौरे के अन्तर्गत 29 जुलाई, शुक्रवार को जोधपुर आएंगे तथा शहर एवं जिले में बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेंगे । वे विभागीय उच्चाधिकारियों के साथ बैठक भी लेंगे।



जोधपुर में सेना ने बारिश में फंसे लोगों को नाव से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

- **राहत और बचाव के लिए सेना को उतरना पड़ा**
- **जिला प्रशासन ने डर्बी व श्रमिक कॉलोनी के करीब 200 लोगों को पास के स्कूल में शिफ्ट किया**

# मारपीट के बाद गला काटने की धमकी दी

- **सुरक्षा की मांग को लेकर उपखण्ड अधिकारी को दिया ज्ञापन**

**बांदनवाड़ा, (निसं)।** निकटवर्ती गांव चांपानेरी में बच्चों में हुए झगड़े के मामलों को लेकर उदयपुर हत्याकाण्ड की तरह गला काटने की धमकी का मामला प्रकाश में आया है।

पीड़िता ने गुरूवार को उपखण्ड अधिकारी प्रभात त्रिपाठी को ज्ञापन देकर सुरक्षा की मांग की है। उपखण्ड अधिकारी को दिए ज्ञापन में जैन मौहल्ला सदर बाजार चांपानेरी निवासी अंजली पत्नी मुकेश गर्ग ने बताया कि हमारा मकान जैन मौहल्ला सदर बाजार चांपानेरी में स्थित है। उसी गली में आखिर में बाबू खां पुत्र करीम बख्श का भी मकान है। करीब 15 दिन पूर्व मेरे बच्चे को बाबू खां के बच्चे ने पीट दिया था। इस बात का हमने बाबू खां व उसकी पत्नी रहीसा बानो को उलवाहना दिया था तथा हमारे मौहल्ले व परिचित व्यक्तियों के समझाने पर उक्त विवाद उसी समय समाप्त हो गया था लेकिन इस बात की रंजिश रखते हुए 14 जुल ाई को मेरे देवर राकेश से बाबू खां व उसकी पत्नी रहीसा ने मुख्य बाजार में मारपीट की । किंतु लोगो के समझाने पर हमने पुलिस थाना भिनाय में रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई थी। 27 जुल ाई को मेरे 2 वर्षीय पुत्र से बाबू खां के पुत्र ने मारपीट की व शाम को करीब 7 बजे बाबू खां, उसकी पत्नी रहीसा, पुत्रियां रानू व रजिया एकराय होकर मेरे घर के बाहर आये तथा मुझे घर के बाहर बुलाया तथा जबरन बच्चों की बात को लेकर गाली गल ौच करते हुए मारपीट की । मेरी चीख सुनकर मेरी ननद किरण दौड़कर बाहर आई तो इन लोगों ने उससे भी मारपीट की । इस दौरान मौहल्ले के लोगों की मौजुदगी में बाबू खां ने मुझे धमकी दी कि उदयपुर में जिस तरह से गला काटकर हत्या की गई थी उसी तरह मैं तेरे बच्चे का गला काट दूंगा। उसके दो टुकडे कर दूंगा। मुझे पक्का मुसल मान कहते हैं। ज्ञापन में पीडिता ने पूरे परिवार को सुरक्षा दिलाने की मांग की गई है। उपखण्ड अधिकारी द्वारा मामले को लेकर भिनाय थानाधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किए है।

# बघेरे ने गाय का शिकार किया, किसानों ने भगाया

**निवाई, (निसं)।** गांव बस्सी में बुधवार की रात एक बघेरे द्वारा गाय का शिकार करने के बाद किसानों में भय व्याप्त हो गया। बस्सी सरपंच सांवरमल मीणा ने बताया कि बुधवार की रात पिपलाज माता के समीप से थली में जाने वाले रास्ते में स्थित रामकरण रैगर के खेत पर बने मकान के पास बघेरे ने गाय का शिकार किया और उसे घसीटकर ले गया।

आस-पास के खेतों में रखवाली कर रहे किसानों को आहट सुनाई दी जिस पर उन्होंने टॉर्च के उजाले से देखा तो उन्हें जंगली जानवर बघेरे के होने की आशंका लगी। उन्होंने आस-पास से अन्य किसानों को बुलाकर शोर मचाकर टॉर्चो की सहायता से जंगली जानवर को भगाया। इसके बाद किसान उस जगह पहुंचे तो एक गाय घायल अवस्था में मिली। किसानों ने टॉर्च से जंगली जानवरों के पैरों के निशान देखकर बघेरा होने की आशंका जताई। सूचना पर वन विभाग की टीम ने गुरुवार को मौके से जंगली जानवर के पगमार्क लिए।

# मार्बल स्लैब खिसकने से चार श्रमिक दबे


**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर के निकटवर्ती मंडोर पुलिस थाने से आगे राइट साइड में आई एक पत्थर कटिंग फैक्ट्री में गुरूवार दोपहर हादसा हुआ। दो श्रमिकों की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। इन्हें उपचार के लिए मथुरादास माथुर अस्पताल भेजा गया है। श्रमिक फैक्ट्री में मार्बल स्लैब को खिसकाने का काम कर रहे थे तब हादसा हुआ।

एसीपी मंडोर राजेंद्र्र प्रसाद दिवाकर ने बताया कि मंडोर पुलिस थाने से आगे राइट साइड में सुशील स्टोन फैक्ट्री आई है। यहां पर दोपहर में कुछ श्रमिक मार्बल स्लैब को खिसकाने का काम कर रहे थे। 12गुणा 8 साइज की स्लैब जोकि तिरछी थी उन्हें सीधा किया जा रहा था। तब एक स्लैब को खिसकाने के समय 10-15 स्लैब एक साथ फिसल कर श्रमिकों पर गिर गई। हादसे में लूणी के सतलाना निवासी ढलाराम, झंवर के बड़लों का बास निवासी सिंकदर, तापू ओसियां के धड़ा का बास निवासी प्रेमसिंह एवं राजसमंद के देवगढ़ मदारिया निवासी बलवीरसिंह दब गए।

हादसे से फैक्ट्री में अन्य श्रमिकों में हडक़ंप मच गया। आननफानन में स्लैब को हटाया गया। तब तक सिकन्दर और ढलाराम की मौत हो चुकी थी। सूचना पर एसीपी मंडोर राजेंद्र प्रसाद दिवाकर, मंडोर थानाधिकारी मनीष देव आदि वहां पहुंचे। गंभीर रूप से घायल हुए बलवीरसिंह एवं प्रेमसिंह को एमडीएम अस्पताल भिजवाया गया है।

# 24 घंटे में जैतारण में सर्वाधिक 49 मिमी बरसात दर्ज

## जोगड़ावास-2 बांध हुआ ओवरफ्लो



लगातार बारिश से पाली के जवाई बांध में पानी की आवक बढ़ी।

- **जवाई बांध का भराव 24.30 व हेमावास का 14.55 फीट रिकॉर्ड किया**

**पाली, (नि.सं.)।** पाली जिले में पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा जैतारण तहसील में 49 बरसात दर्ज की गई। वही जिले का जोगड़ावास-2 बांध भी ओवरफ्लो हो गया।

जवाई बांध में गुरुवार सुबह तक गेज 24.10 फीट तक पहुंच गया। वही सेई बांध का गेज 4.60 रहा। पाली के निकट स्थित हेमावास बांध का गेज भी बढ़कर 14.55 फीट तक पहुंच गया है। जोगड़ावास-2 बांध की भराव क्षमता 6.49 फीट के करीब है । पाली शहर में भी गुरुवार को सिर्फ हल्की बूंदाबांदी रही ।पिछले 24 घंटों में जैतारण-49, पाली- 21, रानी- 07, रोहट -05, सुमेरपुर -04, बाली -02, देसूरी -03, रायपुर -01, जवाई बांध - 04, गिरोलिया बांध - 13, राजसागर चौपड़ा - 11 एमएम हुई। हेमावास बांध 14.55 फीट, सरदारसमंद - 13.60 फीट, जोगड़ावास-2 बांध 6.49 फीट, बाणियावास 7.10 फीट रिकॉर्ड किया गया ।

# सोते समय मकान गिरा

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के दंतौर में तेज बारिश के कारण कच्चा मकान गिरने से पति-पत्नी और बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। तीनों घर में सो रहे थे और गुरुवार सुबह अचानक मकान गिर गया। मृतकों के शव अब दंतौर के अस्पताल में पोस्टमार्टम के लि ए रखे गए हैं। दंतौर और खाजूवाला एरिया में पिछले लं बे समय से आ रही तेज बारिश बारिश के पानी ने कच्चे मकानों को घेर रखा था। बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक बारिश हुई और इस बीच अचानक एक कच्चा मकान गिर गया। दंतौर के चक 25 बीएल डी में महावीर कुम्हार (40), उसकी पत्नी सावित्री (38) वर्ष व पुत्र योगेश (13) वहीं सो रहे थे। जब मकान गिरा तब संभवत: ये तीनों सो रहे थे। इनकी मौके पर ही मौत हो गई। आस-पास के लोगों को पता ही नहीं चला। सुबह जब आस-पास के लोग बाहर निकले तो मकान गिरा हुआ था। भागकर पहुंचे और मकान के अंदर देखा तो तीनों के शव पड़े थे। घटना की जानकारी मिल ने पर खाजूवाला एसडीएम श्योराम, खाजूवाला सीओ अंजुम कायल , तहसील दार गिरधारी सिंह, दंतौर थानाधिकारी हरपाल सिंह, प्रधान ममता बिरड़ा आदि मौके पर पहुंचे। समाजसेवी धर्मपाल बिरड़ा, पटवारी सुरजीत सिंह, दंतौर सरपंच खालि क खान व 17 केएचएम सरपंच शेरू खां मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों में सहयोग किया। मौके से मलबा हटाकर तीनों के शव निकाले गए।

- **मां-बाप और बेटे की मौके पर ही मौत**

# बारिश के चलते जगह-जगह कॉलोनियों में जलभराव



पावटा में कॉलोनियों में भरे कीचड़ में फंसा बाइक सवार।

- **बारिश होने पर सब्जी मंडी में पानी भर गया**

**पावटा, (निसं)।** बारिश के चलते जगह-जगह कॉलोनियों में जलभराव की समस्या लोगों के लिए मुसीबत बन रही है। कुछ दिनों से रुक-रुककर बारिश होने व कॉलोनियों में जल निकासी नहीं होने के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश होने पर वार्ड न.7 सब्जी मंडी में पानी भर गया। रात के समय बाइक सवार अक्सर गडढ ों में गिरकर चोटिल हो जाते हैं। कई बार साइकिल से स्कूल जाने वाले छात्र गड्ढे में गिरकर घायल हो चुके हैं । वही वार्ड पार्षद विजय गुप्ता व पूर्व सरपंच गोपाल अग्रवाल ने बताया कि सड़क पर जल भराव की कई बार शिकायत पर इस रोड का टेंडर भी निकाल दिया गया था लेकिन पावटा प्रागपुरा चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल द्वारा उसे निरस्त कर दिया गया था जिसका खामियाजा वार्डवासियों को भुगतना पड़ रहा है। कॉलोनियों में हर जगह सडकें खुदी पड़ी हैं। इन सडकों को अब न तो नगरपालिका ठीक कर रही हैं और ना ही जलदाय विभाग।

पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ हरिनारायण यादव का कहना है कि जलदाय विभाग हो अथवा अन्य कोई एजेंसी यदि किसी कार्य के लिए सडक तोडना जरूरी है तो उसके लिए नियमानुसार पहले लिखित मंजूरी लेनी चाहिए।

पीएचईडी विभाग के गगन गुर्जर का कहना है कि अगर कहीं पाइप लाइन लीक हो जाती है तो उसे तत्काल ठीक करना भी जरूरी है । नई पाइप लाइन डालते वक्त तो हम टेंडर में इसका प्रावधान करते हैं। लेकिन, लीकेज ठीक करने के बाद उस सडक की मरमत करने की विभाग में कोई व्यवस्था नहीं है।

# पूर्व ग्रंथी के बाल काटने के मामले में तीन पकड़े

**अलवर, (निसं)।** अलवर पुलिस के लिए नाक का बाल बने ग्रंथी का बाल काटने का प्रकरण का गुरूवार को पटापेक्ष हो गया है। पुलिस ने मामले के बढ़ते तूल को देखते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास तेज किए इसके बाद यह सफलता पुलिस के हाथ लगी है।

- **पुलिस की सर्तकता से प्रकरण का गुरूवार को पटापेक्ष हो गया**

घटना की गम्भीरता को देखते हुये एसपी के निर्देश के बाद घटना स्थल का एफएसएल टीम द्वारा निरीक्षण किया गया तथा लगभग 50 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा तकनीकी साक्ष्यों का साईबर टीम अलवर द्वारा विश्लेषण किया जाकर उस संबंध में भी अनेक संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।



अलवर पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

परिवादी गुरुबक्श सिंह को दलबीर सिंह ने अपना भाई बना रखा है एवं दलबीर सिंह के पुत्र सुन्दर सिंह निवासी ग्राम अलावडा थाना रामगढ जिला अलवर द्वारा ग्राम मिलकपुर से एक महिला को लेकर भाग जाने के मामले में आपसी रंजिश होने के कारण इससे जुडे समस्त व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

आपसी रंजिश के चलते सुन्दर पुत्र पीपा उर्फ दलवीर जाति रायसिक्ख 19 साल निवासी मिलकपुर ने योजना बनाकर अपने साथियों शौकत निवासी मिलकपुर, मौसम मेव ढ ाणी मिलकपुर ,टिण्डा उर्फ फारूख निवासी मिलकपुर के साथ अलावडा श्मशान घाट के पास मिलकपुर रोड पर उक्त घटना को अन्जाम दिया ताकि इकबाल के परिवारजन व जुम्मा सरपंच उक्त मुकदमे में बन्द हो जावें।

# एक करोड़ की 1130 कार्टन अवैध शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

**पिण्डवाड़ा, (निसं)।** पिंडवाड़ा पुलिस और जिला स्पेशल टीम की संयुक्त छापेमारी में एक कंटेनर ट्रक से चंडीगढ़ निर्मित एक करोड़ रुपए कीमत की अवैध शराब के साथ शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह शराब एक ट्रक द्वारा चंडीगढ से गुजरात ले जाई जा रही थी। इस बीच मुखबिर की सूचना पर पिंडवाडा पुलिस ने मोरस चौकी की नाकाबंदी चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हासिल की। ट्रक कंटेनर में करोड़ों रुपये की अवैध शराब बरामद होने से शराब माफियाओं में हड़कम्प मचा हुआ है।

सिरोही जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पिंडवाडा पुलिस उप अधीक्षक जेठू सिंह करनोत के निर्देशन में थानाधिकारी चंपालाल बारड के नेतृत्व में जिला स्पेशल टीम के एसआई करणी दान चारण सहित टीम ने बुधवार दोपहर में उदयपुर जाने वाले हाईवे मार्ग के मोरस पुलिस चौकी के पास नाकाबंदी कर रखी थी।



पिण्डवाड़ा पुलिस ने अवैध शराब जब्त कर तस्कर को गिरफ्तार किया।

इस दौरान उदयपुर की ओर से आये एक ट्रक कंटेनर को पुलिस ने रुकवा कर ट्रक चालक से पूछा कि ट्रक में क्या भरा है। तब उसने कहा कि इसके अंदर लाइट के वायर भरे हुए हैं और उसकी बिल्टी दिखाने लगा। पुलिस को शक हुआ तब ट्रक की तलाशी ली। तब उसमें शराब से भरा देखा। पुलिस को शक होने पर ड्राइवर को तुरंत हिरासत में लेकर पूछताछ की। तब अपना नाम सुरजीत सिंह पुत्र करमचंद जाति जाट सिख निवासी सुचेतगढ आर एस पुरा जम्मू बताया। पुलिस ने ट्रक को चौकी पर ले जाकर जांच पड़ताल की तब देखा तब उसके अंदर हरियाणा निर्मित अंग्रेजी 1130॰कार्टून पेटी अवैध शराब ट्रक समेत करीब एक करोड़ रूपए कीमत बरामद कर जांच शुरू की।

- **एक करोड़ रुपए कीमत की अवैध शराब चंडीगढ से गुजरात ले जाई जा रही थी**



## International Tiger Day

Tiger is the largest of the cats in our world. This magnificent creature with its distinctive orange and black stripes and beautifully marked face has a day that is dedicated to it. International Tiger Day has been created so that people around the world can raise awareness for tiger conservation and their natural habitats. Help raise awareness by joining the fight against threats facing the extinction of world's largest cats.



#LIFESTYLE

# Keep Your Home Clean in Rainy Season

If you are tired of traditional cleaning routine and looking for the best ways to keep home clean in rainy season then here's the post worth checking.



While coming of the rainy season is a very good sign as it gives us respite from the summer heat, rainy season brings plenty of dirt and mud with it. The problem with rainy season is the accumulation of dirt, filth and mud all around us. Monsoon is literally the time when your homes get most dirty and you have to work with double force to keep it clean and tidy all the time.

We thought of sharing some of the best and easiest ways to keep home clean in rainy season.

The usual daily cleaning routines have to be tweaked according to the season for best results. Listed below are some of the best and easiest ways to keep home clean in rainy season. Try some of these monsoon cleaning hacks and keep your home clean and tidy this rainy season.

### Place The Shoe Rack Near The Entrance

Usually we keep our shoe rack near the entrance but if you have placed it elsewhere then maybe you should consider



changing its place. Well, most of the dirt and the mud enter your home via your dirty shoes. It is obvious when you are going out in the rain your shoes are going to be covered with mud. Hence, keeping a show rack near the entrance will help you to limit the entry of mud inside your home.

Make it a point that everyone opens the shoes and then enters the home.

### Clean Yourself Before Entering

Walking outside can accumulate a lot of germs and dirt on our legs and feet. Cleaning your feet properly before entering your home can help with dirt accumulation. However, if that is not possible you can enter straight into the restroom and wash your feet before entering other parts of your home. This tip can surely help you in keeping your home clean this rainy season.

**Get Rid Of Wet Dripping Clothes**

Make sure to immediately get rid of wet and dirty clothes after going out. By doing this you can instantly prevent the germs from spreading all over your home. In addition, clothes you wear outside contain a lot of germs and getting rid of them instantly is a good thing for your health and hygiene as well.

**Keep Your Home Dry**

During the rainy season the floors remain moist or wet all the time. Wet floors attract more dirt, dust and mud; hence, is it important that you keep the inside of your home dry. Keeping a proper ventilation system and opening your windows whenever it stops raining can help you fight this problem. In addition, proper air circulation is very important to have a fresh atmosphere at home. This can keep your home clean during the rainy season.

### Disinfect The Floor

The climate of the rainy season is very damp and humid which makes it favourable for the germs and bacteria to breed. During this time, it is obvious that your home will have many of them. One of things to do to get rid of the germs is to keep your home clean by using a proper disinfectant. This will kill the germs and make you and your family safe and less prone to diseases. Try the disinfectant cleaner to kill 99.9% of the germs present in your home.

### Clean Your Bathroom

Your washroom gets dirtier compared to other parts of your house since it is usually the first area we go to when returning home to wash our body and keep ourselves clean. For short, it is more exposed to a lot of dirt, filth and mud during the rainy days. It is important to properly clean your bathroom after every use and keep it dirt-free. Try an all-purpose cleaner to remove stubborn dirt and leave your surface clean and spot-free.

### Try Deep Cleaning Weekly

Cleaning during the rainy season can be very hectic especially for those working, it can really take your time and keeping your home clean can be really difficult. Deep cleaning at least once a week is really important during this rainy weather to keep you and your family safe from unwanted diseases.



# Dilli ke Mukaam



Lodhi Gardens.



**Saba Sharma**
*The writer loves travelling and exploring new places*

The famous playwright Shakespeare said, 'What's in a name?' 'Everything' most of us would answer in today's world! Why a person, place or a thing is given a certain name, has to do with a lot of factors. Speaking of places, do you know how places like Chandani Chowk or Dhaula Kuan got their names?

#DELHI

If you close your eyes and imagine the streets and winding lanes that vein Delhi, their names function as chapters in its multi-layered narrative. Even for those who have inhabited this city for decades, the majestic ruins scattered across it may have gone unnoticed. It is in these ruins that stories of invasion, victory and defeat crouch. Delhi is not a walking-friendly city. You may tour its innards and learn of its contours on buses or in auto rides but it is seldom that you'd know the story behind the naming of a street or a certain locality.

### Moonlight Square

Take Chandni Chowk for instance. Situated within the walled city of Shahjahanabad (what is today known as Old Delhi), Chandni Chowk was a 19m wide and 1.4km long road that connected the Red Fort's Lahori Gate to the Lahori Gate at the city's walled circumference. Back then at its centre was a lone water tank. On a full moon night the water would reflect the pale moonlight and set the surrounding areas aglow. Thus the name 'Moonlight Square'.

In the 18th century, this once-decorated thoroughfare was quite popular among the elite. A paper titled 'Economy of the City of Delhi: 1707-1761', published by the Indian History Congress, quotes a Dargah Quli Khan who visited the market in 1738: "Chandni Chowk is a place where important people come for entertainment, pleasure and sight-seeing for beauty and elegance. Articles of every description are found in its adjoining streets… on one street are jewellers where rubies and pearls, and all the gems are available in plenty. On another side are the perfumeries, oil apothecaries."

Today, the entire locality is known as Chandni Chowk. In its swollen arteries people wander at an alarmingly unhurried pace. It is a theatrical setting: in a corner, a streetside ear-cleaner peers into the ear canal of a customer; men cycle by carrying cotton candy bouquets; overcrowded rickshaws pedal through tiny by-lanes; goats are dragged on a leash; and men wearing rings made of semi-precious stones walk by with caged parakeets. The streets are swarming too many feet, too many eyes, and if you are a lone woman walking about with a camera around your neck, too many wagging tongues.

### Lodhi Gardens

Shuttle across seven metro stations towards the heart of modern Delhi, from Chandni Chowk to Jor Bagh and you will find yourself in close proximity to Lodhi Gardens. A city's landmark today, this park was not always called so. On the same land once lay the village of Khairpur. "*Khair* means well-wisher or good," explains Vikramjit Singh Rooprai, a city historian who has been studying Delhi and its past since 2009. The village was uprooted and relocated in the 1930s by the British and a vast manicured park was built in its place, orchestrated by Lady Willingdon, the wife of Lord Willingdon, the then Viceroy of India.

"If you enter Lodhi Gardens from Rajesh Pilot Marg, the original gate built during the inauguration is still there. The stone still has 'Lady Willingdon Park 1936' inscribed on it," says Rooprai. As part of the area's beautification process, a baoli (step-well) disappeared along with the village. Once an important water source for the village, it was buried and forgotten.

In the years to follow the park was re-sculpted and landscaped by foreign architects like Joseph Allen Stein (who also designed the adjacent India International Centre and the Triveni Kala Sangam, a 10-minute drive away). Over the years, the 15th-century tombs of emperors belonging to the Lodhi and Sayyid dynasties were carefully enveloped by trees and ponds. After Independence, the gardens were renamed as Lodhi Gardens and gave their name to Lodhi Road, the thoroughfare that skirts the park to the south.

### The True Siri Fort

Next, hop into an auto rickshaw and request the driver to take you to Siri Fort. He will negotiate his way through the closely-stacked coral-hued buildings of Andrews Ganj, turn out towards Ansal Plaza (the first mall in the city, opened in 1999), breeze through August Kranti Marg hemmed in by jamun, neem and gulmohar trees, and drop you off near Siri Fort Auditorium. It is likely that the driver wouldn't know where the actual fort is. Even fewer know why the place is called Siri. "You'll have to turn to the history books, not me," says 50-year-old auto driver Bikhan Ram, smiling behind his walrus moustache. "I've been working for the last 30 years and have passed this place many times. Never once thought about its name."

### Tower of Thieves

Chor Minar, or the Tower of Thieves is a 13th century monument where the severed heads of criminals were exhibited to instil fear in the populace.


Historians offer a fable: It is said that the name of Siri Fort – which once contained an entire city within it – is soaked in the blood of 8,000 severed heads. *Sir* and *sar* translates to 'head' in Urdu and Hindi respectively. In her book 'The Forgotten Cities Of Delhi', historian Rana Safvi writes on the city of Siri (which was called Dar-ul-Khilafat, or Seat of the Caliph): "Sultan Alauddin Khilji (1296-1316) built this city between 1297 and 1307 CE to defend his kingdom against Mongol invaders." At the time, his army chief Ghazi Malik successfully defended Khilji's empire from the foreign invasion. It is said that the heads of the defeated Mongols were later embedded into the city's walls. Today neighbourhoods of Hauz Khas, Green Park and Shahpur Jat fall in the area that was once located directly outside the fort. The remaining Mongols who escaped Khilji's wrath scrambled to take refuge far away."

"They hand-built a small settlement that today has grown into a locality known as Mongol Pur Kalan in north-west Delhi," says Rooprai. Ghazi Malik would go on to be known as Ghiyas-ud-din-Tughlaq, the man who began the reign of the Tughlaq dynasty, which ruled for almost a hundred years. He ordered the construction of Tughlaqabad, the fourth city of Delhi. The remnants of Siri Fort-its once marvellous bastions are now dwarfed and weathered down.


### Hauz Khas

Five kilometres away, nestled within the leafy R-block residential area in Hauz Khas (which itself was named after a 13th century royal water reservoir – in Urdu, *hauz* means a water tank, while *khas* refers to something special), sits Chor Minar, a monument made of rubble masonry that looks like an overturned cup placed on top of a rectangular platform. There is an equally brutal story behind the Chor Minar. Built during Khilji's reign; 225 holes dot the circular structure like vacant eyes. It stands in the middle of a small gated lawn where children play on cool evenings with their plump dachshunds and hula hoops. Centuries ago though this location would not be a place for children; this was where the decapitated heads of criminals would be suspended from the bamboo poles which used to be inserted in the minaret's holes. The macabre sight was meant to strike fear in the hearts of thieves and frauds.

"Khilji came to the throne of Delhi Sultanate at a time when the Mongol threat was escalating and he had to maintain a huge army," writes Safvi. "He could not therefore afford mismanagement, inflation, cheating and deceit." Today, Chor Minar stands quietly by itself. Walk slowly around it and all you'd hear is the staccato of shrieks from a coterie of bats.



Chandni Chowk.



Siri Fort.



Chor Minar.



Hauz Khas Fort.

> It is said that the name of Siri Fort -- which once contained an entire city within it -- is soaked in the blood of 8,000 severed heads. Sir and sar translates to 'head' in Urdu and Hindi respectively. In her book 'The Forgotten Cities Of Delhi', historian Rana Safvi writes on the city of Siri (which was called Dar-ul-Khilafat, or Seat of the Caliph earlier).

### The White Well

About 10km to the north-west of Hauz Khas is Dhaula Kuan. It is one of the busiest road intersections in the city and spills vehicular traffic towards Gurugram in Haryana. The place adopted its name from a landmark that was built possibly 200 years ago -- it was where travellers would stop to take rest. "*Dhaula* means 'white' and *kuan* means 'well'," explains city historian Dr Swapna Liddle of the Indian National Trust for Art and Cultural Heritage (Intach). According to Liddle, the stones of the once-famed well were white in colour.

The 40-50-foot-deep well, now defunct, still exists. It is hidden in the corner of a 70-acre lawn and is now under the supervision of the Delhi Development Authority (DDA). After a 5-minute walk from the Dhaula Kuan metro station (on the road that leads to Indira Gandhi International Airport), turn left onto a dirt track through a broken-down grill gate. In a corner, there is Mahadev Chai Stall, where rickshaw and taxi drivers converge for tea-breaks. A wooden board, dislocated and cast away as garbage, rests on the side. It reads in Hindi: "Your safety is in your hands".

Fifty two-year-old Mahavir, with closely-trimmed hair, is a maali. He has been the caretaker of the lawn since 1982. The lawn is often visited by labourers, who in the evenings, settle under a tree, slip out their bottles, play cards or rest. Mahavir curiously peeps out of his small office window when he sees a new visitor approaching. He is reticent at first but when nudged slightly begins to talk about the well's recent history. "They call it the white well because there used to be white water in it," he grunts in Hindi. "I've seen it with my own eyes," he adds.

The said water was possibly white because of the mica minerals that laced the stones in the surrounding area. When the water receded completely nine years ago, the well was closed. Today, it is covered by a flat, rusted circular grill. "This used to be an important water source for travellers. Between Karol Bagh in West Delhi and here (a distance of about 12km today), this was the only well," says Mahavir. "Today, nobody comes here. It's forgotten like many other places which were once the lifeline for many."

writetoarbit@rashtradoot.com



Dhaula Kuan.

#RESEARCH

# Potential To Grow Lost Hair Again



Researchers have discovered that a molecule called SCUBE3 potently stimulates hair growth.

It may offer a therapeutic treatment for androgenetic alopecia, a common form of hair loss in both women and men.

The study in Developmental Cell determined the precise mechanism by which the dermal papilla cells (specialized signal-making fibroblasts at the bottom of each hair follicle) promote new growth. Although it's well known that dermal papilla cells play a pivotal role in controlling hair growth, the genetic basis of the activating molecules involved has been poorly understood.

"At different times during the hair follicle life cycle the very same dermal papilla cells can send signals that either keep follicles dormant or trigger new hair growth," says corresponding author Maksim Plikus, a professor of developmental and cell biology.

"We revealed that the SCUBE3 signalling molecule, which dermal papilla cells produce naturally, is the messenger used to 'tell' the neighbouring hair stem cells to start dividing, which heralds the onset of new hair growth."

The production of activating molecules by the dermal papilla cells is critical for efficient hair growth in mice and humans. In people with androgenetic alopecia dermal papilla cells malfunction greatly reducing the normally abundant activating molecules. For the work, researchers developed a mouse model with hyper activated dermal papilla cells and excessive hair, which will facilitate more discoveries about hair growth regulation.

"Studying this mouse model permitted us to identify SCUBE3 as the previously unknown signalling molecule that can drive excessive hair growth," says co-first author Yingzi Liu, a postdoctoral researcher in developmental and cell biology.

Further tests validated that SCUBE3 activates hair growth in human follicles. Researchers microinjected SCUBE3 into mouse skin in which human scalp follicles had been transplanted, inducing new growth in both the dormant human and surrounding mouse follicles.

"These experiments provide proof-of-principle data that SCUBE3 or derived molecules can be a promising therapeutic for hair loss," says co-first author Christian Guerrero-Juarez, a postdoctoral researcher in mathematics.

> "There is a strong need for new, effective hair loss medicines, and naturally occurring compounds that are normally used by the dermal papilla cells present ideal, the next-generation candidates for treatment," Plikus says.

Currently, there are two medications on the market-finasteride and minoxidil that are approved by the Food and Drug Administration for androgenetic alopecia. Finasteride is only approved for use in men. Both drugs are not universally effective and need to be taken daily to maintain their clinical effect.


"There is a strong need for new, effective hair loss medicines and naturally occurring compounds that are normally used by the dermal papilla cells present ideal next generation candidates for treatment," Plikus says. "Our test in the human hair transplant model validates the preclinical potential of SCUBE3."

UC Irvine has filed a provisional patent application on the use of SCUBE3 and its related molecular compounds for hair growth stimulation. Further research will be conducted in the Plikus lab and at Amplifica Holdings Group Inc., a biotechnology company co-founded by Plikus.

Funding for the work came from the LEO Foundation; the Chan Zuckerberg Initiative; the W.M. Keck Foundation; the National Science Foundation; the National Institutes of Health; the Simons Foundation; the National Natural Science Foundation of China; the NNSFC's Major Research Plan training program; and Taiwan's Ministry of Science and Technology.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# डांग क्षेत्र में झमाझम बारिश से कालीसिल बांध छलकने के कगार पर

## डांग क्षेत्र में अच्छी बारिश से कालीसिल बांध में 23.10 फिट पानी की आवक हुई



सपोटरा क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से कालीसिल बांध में लगातार पानी बढ़ रहा है।

- एक दो बारिश के बाद बांध में चादर चलने की संभावना बढ़ गई है

**सपोटरा,** (नि.स.)। सपोटरा उपखंड के डांग क्षेत्र में लगातार हो रही झमाझम बारिश से अब कालीसिल बांध झलकने के कगार पर आ पहुंचा है। जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे है।

जल संसाधन विभाग के अनुसार कालीसिल बांध पर कुल 410 मिमी तथा सपोटरा में 306 मिमी बारिश हो चुकी है। मंगलवार को सपोटरा में 0.7 मिमी व कालीसिल बांध पर 18 मिमी बारिश दर्ज की है। इस वर्ष सपोटरा के डांग क्षेत्र में अच्छी बारिश होने बांध में सोमवार को 23.10 फिट पानी की आवक हुई है। वही गुरूवार को कालीसिल बांघ का गेज 24.4 फीट हो गया। एक-दो अच्छी बारिश होने से बांध पर चादर चलने की संभावना बढ़ गई है। इधर,नींदर बांध में 17 फिट के विपरीत 9 फिट पानी की आवक हुई है।

लेकिन बारिश के बाबजूद प्रशासन की अनदेखी से क्षेत्र के भूमेन्द्र सागर, खिरखिड़ी व वैरूंडा बांध अभी भी रीते पड़े हुए है। विभाग के अनुसार वर्ष 2018 में क्षेत्र में 25 जुलाई तक 597 मिमी बारिश होने के बाद भी कालीसिल बांध में 15.70 फिट पानी की आवक हुई थी। वर्ष 2019 में 7 फिट, 2020 में 7.20 तथा वर्ष 2021 में 7.90 फिट पानी की आवक हुई थी। जो पांच वर्षों में सर्वाधिक है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के प्रसिद्ध कालीसिल बांध से सात ग्राम पंचायतों के दो दर्जन से भी अधिक गांवों की करीब 4900 हैक्टयर्स भूमि सिंचित होकर तरबतर होती है। अब कालीसिल बॉध के झलकने के कगार पर पहुॅचने से जिला प्रशासन ने आमजन से अपील करते हुए कालीसिल बॉध के ओवरफ्लो से निकलने वाली रिवर से दूर रहने की अपील की है।

# फैक्ट्री के दो कार्मिकों को बंधक बनाया, बाद में मॉक ड्रिल निकली



भरतपुर के टीटागढ़ वैगन लिमिटेड पर मॉक ड्रिल करते जवान।

**भरतपुर,** (निस)। गुरूवार सुबह टीटागढ़ वैगन लिमिटेड में उस वक्त हंगामा मच गया जब दो बदमाशों ने फैक्ट्री के दो प्रशासनिक अधिकारियों को एडम ब्लॉक में बंधक बना लिया। बाद में कार्यवाही के दौरान यह मामला मॉक ड्रिल का निकला।

एटीएस कंट्रोल रूम जयपुर ने ईआरटी भरतपुर को सूचना दी कि दो आतंकवादियों ने टीटागढ़ वैगन लिमिटेड में फैक्ट्री के दो अधिकारियों को बंधक बना लिया है। जिस पर टीम कमांडर द्वारा एक एडवांस पार्टी घटना स्थल पर रवाना कर दी। इस ऑपरेशन के लिए मिशन कमाण्डर कमाण्डेंट सातवीं बटालियन आरएसी सुधीर जोशी को नियुक्त किया गया एवं ऑपरेशन कमाण्डर एएसपी भोलाराम को नियुक्त किया गया। सातवीं इआरटी टीम को इस कार्यवाही की जिम्मेदारी दी गई। जिसमें टीम कमाण्डर प्रेम सिंह के निर्देशन में रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। ईआरटी टीम के जवान सिमको फैक्ट्री में पहुंचे। जहां कुछ देर बाद उद्योग नगर थाना के अधिकारी महेंद्र सिंह राठी भी टीटागढ वैगन लिमिटेड पर पहुंचें। उनके द्वारा घेराबंदी कर दोनों संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ लिया गया। बाद में पता चला कि विभाग के द्वारा मॉक ड्रिल कराई गई है।

## दस्यु गिरोह का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**बयाना,** (निस)। पुलिस टीम पर फायरिंग करने के 8 साल पुराने मामले में दस्यु गिरोह के सक्रिय सदस्य रहे बदमाश को गढीबाजना थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को अब बयाना कोर्ट में पेश किया जाएगा।

गिरफ्तार आरोपी धौलपुर के मौरोली का रहना वाला बैजनाथ उपर्फ बैजू गुर्जर है। गढीबाजना एसएचओ महेन्द्र शर्मा ने बताया कि वर्ष 2014 में भुसावर थाने के तत्कालीन एसएचओ लखनसिंह खटाना को गढीबाजना इलाके के कांस की बाबडी फतेहसागर बांध के पास दस्यु प्रेमसिंह के अपने गिरोह 3.4 सदस्यों के साथ आने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मुठभेड के दौरान दस्यु गैंग ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। हालांकि मुठभेड के बाद गिरोह के सरगना दस्यु प्रेमसिंह को मौके पर ही पकड लिया गया था। लेकिन उसके साथी फरार चल रहे थे। घटना को लेकर तत्कालीन भुसावर एसएचओ ने मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में कार्रवाई करते हुए धौलपुर के मौरोली निवासी बैजनाथ उर्फ बैजू को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया गया है।

# राजस्थान क्रीडा परिषद ने कबड्डी टीम चयन प्रक्रिया प्रारंभ की

- बालक-बालिकाओं को 14 से 18 आयु वर्ग में बांटा

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान क्रीडा परिषद जयपुर के तत्वाधान में बालक-बालिका कबड्डी खेल अकादमी महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) महाराणा प्रताप चौक सादुलपुर में 28 व 29 जुलाई 2022 को खेल अकादमी में राज्य स्तरीय कबड्डी टीम हेतु चयन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। जिसका उद्घाटन जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, प्रधानाचार्य उर्मिला पूनियां ने सरस्वती पूजन कर किया।

तत्पश्चात विभिन्न जिलों से पधारे हुए खिलाडियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिसमें बालक-बालिकाओं के 14 से 18 आयुवर्ग के दो ग्रुप बांटे गये। जिसमें बालक वर्ग में 200 व बालिका वर्ग में 25 रजिस्ट्रेशन करवाया। इसके बाद इनका उँचाई, वजन, मेडिकल चेकअप और बैटरी टेस्ट परीक्षण करवाया गया। प्रधानाचार्य उर्मिला पूनियां ने बताया कि 29 जुलाई 2022 को महात्मा गाँधी खेल मैदान सादुलपुर में दक्षता परीक्षण व प्रर्फोमेंस टेस्ट राजकुमार छाबडा संयोजक कोच, रामनारायण शर्मा, उपसंयोजक कोच, सरस्वती मुंडे आयोजक सचिव, सोहन लाल चौधरी, जगवीर पूनियां व कुश्ती कोच संजीव पूनियां, पवन पूनियां व आशा स्वामी के निर्देशन में सम्पन्न होगा।

कार्यक्रम आयोजन में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक हनुमान सिंह पूनियां व समस्त स्टाफ ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। विद्यालय परिवार द्वारा भामाशाह के सहयोग से खिलाडियों हेतु चाय-नाश्ता व खीर-जलेबी की व्यवस्था करवाई गई।

## महिला से 10 दिनों तक गैंगरेप

**नोखा,** (निसं)। 10 दिन तक बारी बारी से दुष्कर्म करने का मुकदमा एक विवाहिता ने नोखा थाने में दर्ज करवाया है। विवाहिता ने बताया कि आज से 10 माह पहले मेरा संपर्क अलाय चेनाराम से हुआ। चेनाराम ने बालवा नागौर निवासी प्रेम मेघवाल से संपर्क करवाया। बहला फुसला कर सलुण्डिया से नागौर ले गए। वहां 10 दिन तक दोनों ने बलात्कार किया। इसके बाद नेनाराम के साथ भेज दिया। बीच-बीच में चेनाराम और प्रेम मेघवाल भी आते रहे। सभी ने मिल कर कई कागजों में हस्ताक्षर करवा लिए। 25 जुलाई की रात को नेनाराम के बुलाने पर दो लोग मेरे घर आए और बलात्कार किया। मौके पाकर सुबह करीब 4 बजे उनके चंगुल से बालवा की ढाणी निकल गई। वहां से पैदल चल कर 26 जुलाई को नोखा आने के बाद मामला दर्ज कराया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# पांचना बांध से पानी खोलने का मामला, तीन अगस्त को होगी महापंचायत



करौली के निकट गुडला गॉव के देवनारायण मन्दिर पर पॉचना संघर्ष समिति की बैठक हुई।

**करौली,** (नि.स.)। गुडला पांचना संघर्ष समिति की बैठक गुरुवार को देवनारायण मंदिर प्रांगण गुडला गांव में आयोजित की गई जिसमें गुडला पांचना बांध संघर्ष समिति को प्रशासन द्वारा दिए गए नोटिस पर रोष जताया।

गुडला पांचना संघर्ष समिति के पदाधिकारी हाकिम सिंह बैंसला ने बताया कि बैठक आयोजन का उद्देश्य पांचना बांध से पानी नहरों में खोलने के लिए उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना को लेकर किया गया। उन्होंने बताया कि संघर्ष समिति ने यह तय किया है कि प्रशासन द्वारा दिए गए आदेशों का जवाब देने के लिए आगामी 3 अगस्त बुधवार को पांचना डैम पर एक महापंचायत का आयोजन किया जाएगा जिसमें पांचना के पेच को लेकर गंभीर चर्चा कर आगे का निर्णय लिया जाएगा संघर्ष समिति के लिए मिले नोटिसो एवं पांचना की बात को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है। इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष बसंता सरपंच, अशोक सिंह धाबाई, हाकिम सिंह बैंसला,कलुआ सरपंच, रामचंद्र पटेल, गोली सूबेदार, जनक सिंह पटेल, भानु प्रताप, प्रताप, रामसहाय पटेल, सुग्रीव पटेल, समय सिंह, रामस्वरूप बैंसला एडवोकेट, हर रूप , ब्रह्म सिंह पटवारी, परशुराम, नारायण, शीशराम, श्रीफल डायरेक्टर, कल्याण पटेल, धांधू पटेल, मोहन सिंह आदि पंच पटेलो एवं संघर्ष समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सूने मकानों से चोरी करने वाले पांच गिरफ्तार

- लूट के अलावा सूने मकानों को बनाते थे निशाना, एक दर्जन से अधिक चोरियां कबूली

**राजसमंद,** (नि.सं.)। राजनगर पुलिस ने शहर में सुने मकानों में हो रही लगातार चोरियों और राह चलते लूट वाले गिरोह का खुलासा करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने विगत एक साल में 21 से अधिक स्थानों पर चोरियों करनी कबुल की है। आरोपी रात के समय सूने मकानों से सोने, चांदी के जेवर, नकदी चोरी करने वाले गिरोह बनाकर वारदात करते हैं।

थानाधिकारी डॉ हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि गजपुर केलवाडा हाल विवेकानंद चौराहा कांकरोली निवासी विष्णु पुत्र मांगीलाल भील, रिछेड हाल अयोध्यापुरी राजनगर कमलेश उर्फ कैलाश उर्फ कमलिया पुत्र रतनलाल मेघवाल, किशोर नगर मंडा राजनगर निवासी दीपक गवारिया पुत्र मदनलाल गवारिया, भील मंगरी कांकरोली निवासी सोहेल उर्फ सोडा पुत्र सलीम मंसूरी, मादडा कुंवारिया हाल भील मंगरी कांकरोली निवासी राकेश उर्फ राजेश पुत्र इन्द्रलाल गमेती को चोरी के आरोपी में गिरफ्तार किया। मामले को लेकर पुलिस द्वारा आरोपियों से पुछताछ जारी है।

**इन जगहों पर की चोरियां व लूट:-** आरोपियों ने 2 महिने पहले गायरियावास कांकरोली में देवीलाल गायरी के सुने पडे मकान से रात में चांदी व नकदी की चोरी करना, 3 महिने पहले बोहरा के मकान से रात में ताला तोड लेपटोप व नकदी चोरी करना, 5 महिने पहले पीपरडा चुंगी नाका के पास मकान से रात के समय एलईडी व इलेक्ट्रॉनिक चुल्हा चोरी करना, 3 महिने पहले कोयड से रात्रि को मोटर साईकिल चोरी करना, राजसमंद झील बाडी वाले अखाडे के पास पीडब्ल्यूडी विभाग के लौहे के पाइप चोरी करना, इन्द्रा कालोनी सुरेश के मकान से सालभर पहले चोरी करना, भावा के गुर्जर के साथ मारपीट कर पैसे छीन लेना, मोही फाटक पर एक लडकेसे मारपीट कर पैसे छीन लेना, रात केसमय बजरंग चौराया स्थित कैबिन से चोरी करना, राज्यावास चौराहे पर रात्रि को बंजारे के मकान से चोरी करना, हाउसिंग बोर्ड में सुने पडे फ्लेट में रात्रि को चोरी करना, नाथद्वारा लाल बाग के पीछे कालोनी से रात्रि को मकान से चोरी करना, सालमपुरा बंद पडें पेट्रोल पम्प से रात्रि को चोरी, वीरभान जी खेडा कट पर निर्माणाधीन मकान से रात्रि को चोरी करना, 1०० फीट रोड ओलम्पिया जिम के आगे निर्माणाधीन मकान से तार चोरी कर ताम्बा निकालना, धोईन्दा बस स्टेण्ड से कैबिन तोडना, मुखर्जी चौराया कांकरोली से कबुतर चोरी करना, एरिगेशन पाल पर कैफे का ताला तोड सामान चुराना, ओडन नाथद्वारा से ताम्बा चुराना, मोही फाटक से दुकान का ताला तोड परचुनी सामान चुरान, धोईन्दा बस स्टेण्ड पर सो रहे व्यक्ति से मोबाईल व नकदी चुराना कबूल किया।

## कावड़ यात्रा के लिए 25 सदस्य सौरोंजी रवाना

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। गांव रीझवास से बुधवार को सौरोंजी के लिए डाक कावड़ यात्रा भगवान भोले के जयकारों के साथ रवाना हुई। रवानगी से पहले गांव के मंदिर में ग्रामीणों ने कावड़ यात्रा में शामिल भक्तों का तिलक लगाकर किया। कावड़ियों के दल में शामिल विजय गुर्जर, कराम, सुरेंद्र गुर्जर, पंकज, सुरेंद्र चौधरी, रामवीर, महेश, विजय, पुष्पेंद्र, कुमर सिंह, मनोज, राहुल, अजीत ने बताया कि 25 सदस्यीय दल सौरोंजी के लि ए रवाना हुआ है। जो कि गंगाजल लेकर लौट आएगा।

इसके बाद गंगाजल से गांव के मंदिर में शिवजी का अभिषेक किया जाएगा और शुक्रवार को प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि डाक कावड यात्रा अन्य कावड़ यात्रा से अल ग है। सावन माह में दूर दराज से लोग कावड़ लेकर आते हैं। यात्रा लंबी होने के कारण शिव भक्त बीच-बीच में विश्राम भी करते हैं। इसके बाद फिर से कावड़ लेकर यात्रा शुरू करते हैं और शिवालय में पहुंचकर भगवान शिव को जल अर्पित करते हैं। डाक कावड़ लंबी होने के साथ कठोर भी होती है। डाक कावड़ का नियम है कि जब एक बारकावड़ उला लिया जाता है, तो फिर लगातार यात्रा करनी होती है। डाक कावड़ यात्रा में आप विश्राम नहीं कर सकते। आपको लगातार यात्रा करनी पड़ती है। डाक कावड़ यात्रा में आपको एक तय समय में भगवान शिव का जलाभिषेक करना होता है।

# नगर परिषद ने हरियाली अमावस्या पर लगाया मेला

- पर्यटन स्थलों को सजाया आकर्षक रोशनी से
- शनि अमावस्या के तहत फतेह हनुमान पर हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान

**डूंगरपुर,** (नि.सं.)। हरियाली अमावस्या का तीन दिवसीय मेला नगर परिषद के तत्वावधान में गुरूवार से प्रारंभ हो गया। जिसके तहत शहर के सभी पार्कों, पर्यटक केन्द्रों, बादल महल, फतेहगढी, सहित सभी चौराहे पर आकर्षक दुधिया रोशनी से सजाया गया है।

तीन दिवसीय मेले के पहले दिन गेपसागर की पाल पर आकर्षक रोशनी की गई तो वही नाना भाई पार्क जहां पर बच्चों के लिए पक्षियों का जू तथ अन्य मनोरंजन के साधन का जमकर आनंद लिया। तो वही फतेहगढी पर म्युजिकल फव्वारे, भारत माता मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। साथ ही फतेह हनुमान मंदिर में शनि अमावस्या के तहत श्रृंगार, ध्वज परिवर्तन, महाआरती आदि के कार्यक्रम लाभार्थी परिवारों के सानिध्य में किये गये। तो वही दूसरी ओर बादल महल, शहीद पार्क, माधव उद्यान, नेहरू उद्यान में शाम से ही शहरवासियों की भीड उमडने लगी। तो वही इन स्थानों पर गुब्बारे, मुगफली, चाट, सहित खिलौनों की खरीदी करते हुए आम जन को देखा गया। इस बार शहर के सभी उद्यानों में विशेष व्यवस्था होने के कारण भारी भीड रही।

# भाजपा ने राष्ट्रपति का अपमान करने पर अधीर रंजन चौधरी का पुतला फूंका



भाजपाईयों ने जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया।

**झुंझुनूं,** (निसं.)। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू पर अशोभनीय टिप्पणी करने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट के समक्ष पुतला फूंक कर विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष मावंडिया ने कहा कि देश के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति के खिलाफ इस प्रकार की भद्दी टिप्पणी करना देश के संविधान का अपमान है। कांग्रेसी नेता देश के संस्कार व कानून को भूल चुके हैं। संसद भवन परिसर में कांग्रेसी नेता अधीर रंजन द्वारा राष्ट्रपति जैसे गरिमामय पद पर आसीन द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी कहना देश का और देश के संविधान का अपमान है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में मेजर घनश्याम सिंह, कुबेर सिंह शेखावत अतुल खीचड़, नगर मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता कमल कांत शर्मा, जिला मंत्री मंजू सैनी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जय सिंह माठ, नगर महामंत्री रवि लांबा, नगर उपाध्यक्ष महेंद्र सोनी, नगर मंत्री ललित जोशी, जगदीश गोस्वामी, युवा मोर्चा के विजेंद्र, सौरभ सोनी, विजय सोती सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हरणी महादेव के तालाब में डूबा किशोर

**भीलवाड़ा,** (निस)। शहर के निकटवर्ती प्रमुख धार्मिक स्थल हरणी महादेव में एक 15 वर्षीय किशोर की तालाब में नहाते समय डूब जाने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली थाना पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से किशोर का शव तालाब से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया।

महादेव जाट ने बताया कि गुरुवार को किशोर के डूबने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। साथ ही सूचना पर पहुंचे कोतवाल मुकेश वर्मा ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे किशोर की तलाश शुरू करवाई। करीब एक घंटे के अथक प्रयास के बाद किशोर को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान 10 जे 46, पटेलनगर निवासी लोकेश (15) पुत्र चावंड सिंह चारण के रुप में कर ली गई।

लोकेश, मूलरुप से आमली चारणान डिग्गी मालपुरा टोंक का बताया गया है। स्थानीय लोगो का आरोप है कि हरणी महादेव तालाब पर भी एक गार्ड ड्यूटी पर लगाया गया, लेकिन हरियाली अमावस्या पर भीड़ ज्यादा होने से उक्त गार्ड की ड्यूटी मंदिर की ओर लगा दी गई, जिससे हादसे के वक्त यहां कोई सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं था।

# डूंगरपुर : मेवाड़ा के आस-पास घटिया सड़कों से आम जन परेशान

## प्रधानमंत्री सड़क योजना में बनी सड़क पानी के बहाव से टूट गई



मेवाड़ा कस्बे को गुजरात बॉर्डर से जोड़ने वाली मुख्य सड़क टूटने से आवागमन ठप हो गया।

**डूंगरपुर,** (नि.सं.)। भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी तहसील कमेटी कार्यकारी सचिव फाल्गुन भराडा ने बताया कि मेवाडा कस्बे से आसपास के गांव को जोडने वाली प्रधानमंत्री सडक योजना से बनी सडके बरसात के पानी के बहाव से टूट गई हैं और ग्रामीण जन विद्यार्थियो निजी वाहनों के आवागमन बाधित हुआ है जो सडक सीधे गांव को जोडती थी, टूटी होने के कारण काफी लम्बा सफर कर गांव पहुंचा जा रहा हैं टूटे हुए पुलियों और सडकों से बडे हादसे घटित हो सकते हैं ग्राम पंचायत नारेली के पास माजम नदी पार कई कई गांव हैं जो मेवाडा मुख्य सडक से गुजरात बोर्डर तक सडक जोडती हैं पिछले दिनों हुई तेज बारिश से नदी पर बने पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, लेकिन प्रशासन का इस पर ध्यान नहीं हैं लोग पैदल इसी मार्ग से जाने में मजबूर हैं वाहनों को दूसरे रास्ते से गांव में लाया जा रहा हैं।

बरसात के मौसम में कोई भी दुर्घटना हो सकती हैं ऐसे में आपातकाल में लोगों लंबी दूरी तय कर जाना पड सकता हैं, प्रशासन के द्वारा सडक निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही भारी पड सकती हैं इलाके के सबसे बडे बांध व गावों के नालों का पानी व 3 गावों के तालाबों का पानी इसी नदी से गुजरात में जाता हैं नदी के दूसरे छोर में बचे कई गांव जिसमें बरसात के मौसम में लोगों में भय बना रहता हैं।

गांव में सडक निर्माण कार्य में बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा हैं जिस तरह ठेकेदारों के द्वारा टेंडर लेकर सडकों को बनाया जाता हैं इसे देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है की सडक कितना टिकाऊ हैं इस बरसात के पहले दौर में ही गावों के सडको के हालात खराब होना उचित नही हैं सडक व पुलिया टूट जाने के बाद में भी प्रसाशन ठेकेदार के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जाता हैं माकपा पार्टी कमेटी की मांग हैं की तुरंत प्रभाव से प्रशासन इलाके का दौरा करें और सडक व पुलिया की फिलहाल मरम्मत की मांग की। साथ ही पिछले कई सालों में नदी पर बडे पुल की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बार बार अवगत कराया है, लेकिन जनप्रतिनिधि भी सरकार के सामने ग्रामीणों की मांग को रख नही पा रहे हैं सरकार और प्रशासन मिलकर ग्रामीणों की मांग को पूरा करें तो ग्रामीणों विधार्थियो को राहत मिलेंगी जन प्रतिनिधियों को सरकार के सामने ग्रामीणों के पुल निर्माण करने की मांग भी की।

## संक्षिप्त

### स्कूल के मुख्य द्वार का उद्घाटन

**बहरोड/नीमराना, (निसं)।** बहरोड कस्बे के नारनौल रोड पर स्थित रामसिंहपुरा पंचायत के गांव मावडी में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के मुख्य द्वार का निर्माण मावडी के ही अनिल कुमार पुत्र उमराव सिंह यादव ने अपनी माताजी की यादगार में करवाकर सामाजिक सहयोग की मिसाल देते हुए निर्माण कराया इस कार्यक्रम में सुरेंद्र, गोविन्द, नरेश, डॉक्टर नेहा, डॉक्टर सुशांत, मोहित, राजेश, संदीप, हेमराज, संगीत व सभी ठाामवासी और विद्यालय के प्रधानाध्यापक जसवंत सिंह यादव, अध्यापिका किरण, एकता व मंजू बाला आदि लोग मौजूद रहे।

### हरित राजस्थान कार्यक्रम का आगाज

**चाकसू, (निसं)।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा द्वारा यहां गुरुवार को ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में वृक्षारोपण कर हरित राजस्थान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अशोक तंवर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कनिष्ठ अभियंता अवधेश शर्मा चिरंजी लाल बैरवा तथा कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। मीणा द्वारा ब्लॉक के समस्त विद्यालय में वृक्षारोपण करवाने का संकल्प लिया गया और पर्यावरण संरक्षण तथा हरित राजस्थान कार्यक्रम में अपनी पूर्ण भागीदारी निभाने का वचन दिया।

### सुरपुरा गौशाला में लगाए पौधे

**बोराज, (निसं)।** कस्बे में बाज्या की ढ ाणी शिव मंदिर एव तेजाजी मंदिर परिसर में गुरुवार को हरियाली अमावस्या के अवसर पर समाजसेवी देवीलाल बाज्या के नेतृत्व में विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर रूपनारायण, हनुमान लाल, रामेश्वर बाज्या, राजू चौधरी ने पौधारोपण में सहयोग कर सार संभाल की जिम्मेदारी ली। वही सुरपुरा गौशाला परिसर में गौशाला संरक्षक पूर्व सरपंच प्रेमचंद टेलर, समाजसेवी जगदीश यादव व गौशाला सचिव ने सूरपुरा गोशाला परिसर में कदम्ब का पेड लगाया। इस अवसर पर गौशाला संरक्षक टेलर ने कहा मनुष्य को अपने जीवन में एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए।

### हनुमंत कथा के लिए गणेशजी को निमंत्रण

**चाकसू, (निसं)।** कस्बा स्थित श्री गोपीनाथ मंदिर में आगामी 16 दिसंबर को होने वाली पांच दिवसीय हनुमंत कथा के लिए श्री गोपीनाथ मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रथम पूज्य गणेश जी को निमंत्रण दिया गया। अध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं मंत्री राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि पंडित राम प्रसाद शर्मा द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर कथा के आयोजन के लिए गणेश जी को निमंत्रण दिया गया है। इस मौके पर कैलाश शर्मा डॉक्टर मुकेश दीक्षित महेश शर्मा दिनेश शर्मा ओम शंकर गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

### शिविर में हुए हाथों हाथ काम

**खैरथल, (निसं)।** प्रशासन शहरो के संग शिविर में गुरुवार को हाथों-हाथ काम होने से लोगों के चेहरों पर मुस्कान देखी गई। पालिका के अधिशासी अधिकारी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि पालिका के सभागार में आयोजित शिविर में दस पट्टे वितरित करने के साथ कृषि भूमि नियमितीकरण के चार व नाम हस्तांतरण के छः पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त पालिका से संबंधित निरंतर किए जाने वाले मामलों में हाथों-हाथ निपटा कर राहत प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को इसी स्थान पर वार्ड संख्या 12,130 व 14 के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा।

# खिड़की तोड़कर घर में घुसे चोर, नगदी व गहने चुराये

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे में बीती रात को अलवर-जयपुर बाईपास पर स्थित घर में खिडकी तोडकर घुसे चोरों ने सोने-चांदी के गहने और नगदी पार कर ले गये।

जानकारी के अनुसार बाईपास पर स्थित कोल्ड स्टोर के पास हंसराज सैनी पुत्र फूलचंद सैनी के गत रात्रि को अज्ञात चोरों ने मकान की पीछे की खिडकी तोडकर घुसे चोरों ने बक्से में रखे चांदी की पायजेब, सोने का मंगलसूत्र, सोने की चैन, चांदी के 8 सिक्के सहित 35 हजार रूपये की नगदी पार कर ले गये। जिनकी पीडित हंसराज सैनी द्वारा करीब डेढ लाख रूपये की कीमत बताई जा रही है।

■ सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया



पीड़ित ने नारायणपुर पुलिस थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया।

चोरी की घटना के समय परिवारजन अन्य दूसरे कमरे में सो रहा था। चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। वही पीडित हंसराज ने नारायणपुर पुलिस थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया है। इधर गत रात्री को ही बाईपास पर बाबू हलवाई के भी चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए चोरों ने मकान के पीछे का जंगले को काट लिया था। चोर घटना को अंजाम देते उससे पहले ही ग्रामीणों को जाग हो गई और चोर खेतों में कूद कर भाग गए। वही स्थानीय लोग नारायणपुर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा बैरावास में पिकअप लूट, मुण्डावरा में सुनार की दुकान में चोरी, नारायणपुर बाईपास पर चोरी, मुख्य बस स्टैण्ड पर आगजनी सहित अनेक वारदातों का काफी समय बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा अभी तक खुलासा नही किया गया। जिससे आपराधियों के होंसले बुलंद है।

## आयुर्वेद नर्सेज ने ज्ञापन सौंपा

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान आयुष विभागीय नर्सेज महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश दाधीच बावडी व टोंक नर्सेज जिलाध्यक्ष हंसराज जैन ने अपनी कार्यकारिणी के वरिष्ठ साथियों के साथ उप निदेशक आयुर्वेद टोंक को ज्ञापन सौपा। जिला महामंत्री हेमराज शर्मा ने बतलाया कि सर्व प्रथम नवनियुक्त डॉ प्यारे लाल मीणा का उप निदेशक आयुर्वेद टोक का प्रभार सम्हालने पर माला, मुकुट व साफा पहनाकर हार्दिक स्वागत अभिनन्दन किया व मिठाई खिला कर मुंह मीठा करवाया। तत्पश्चात नर्सेज की मांगों का ज्ञापन सौपा गया। शर्मा के अनुसार ज्ञापन में नव नियुक्त नर्सेज की एसएसओ आईडी व अन्य औपचारिकता पूरी कर शीघ्र वेतन दिलाने की मांग रखी। इसके अलावा प्रत्येक नर्सेज को जिला कार्मिक जिले का आई डेन्टी कार्ड उपलब्ध कराने के साथ ही सभी नर्सेज की सर्विस बुक का संधारण करवा कर प्रत्येक नर्सेज को अवलोकन करवाया जावे। बाद में उप निदेशक मीणा ने तुरन्त मांग पत्र पर कार्यवाही कर शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामरतन गुर्जर, सोहन लाल कुशवाहा, नन्द किशोर कुम्हार, लाल चन्द बलाई, बन्ना लाल मीणा, रामकिशन मीणा, तारा चन्द यादव, शंकर लाल धाकड के अलावा परिचारक महासंघ के अध्यक्ष मुरली शर्मा व लेखराज वर्मा उपस्थित रहे।

# सतीश पूनियां ने पोस्टर का विमोचन किया



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने आयोजन की सराहना की।

**कोटपूतली, (निसं)।** श्री देवनारायण जनकल्याण संस्थान राजस्थान के तत्वाधान में प्रतिवर्ष टोंक-निवाई स्थित देवधाम जोधपुरिया के लिए निकाली जाने वाली भगवान देवनारायण ध्वज पदयात्रा के पोस्टर का गुरूवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने पार्टी प्रदेश कार्यालय में विमोचन किया।

संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने पूनियां को अवगत करवाया कि इस वर्ष 36वीं ध्वज पद यात्रा बडे ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकाली जायेगी। उल्लेखनीय है कि विगत दो वर्षो से कोरोना महामारी के चलते पदयात्रा नहीं निकाली जा सकी थी। इस वर्ष पद यात्रा आगामी 29 अगस्त को जयपुर से प्रस्थान कर 1 सितम्बर को निवाई स्थित श्री देवधाम जोधपुरिया पहुँचेगी। डॉ. पूनियां ने आयोजन की जानकारी लेते हुए सराहना की।

उन्होंने कहा कि भगवान श्री देवनारायण सम्पूर्ण मानव समाज में एकजुटता, लोक समता व भाईचारे के प्रतीक है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, अन्याय व अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष कर समरसता का संदेश दिया। हम सभी को उनके जीवन से शिक्षा लेकर आदर्शो की पालना करनी चाहिये। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष कसाना समेत संरक्षक मोहन लाल बागडी, कोषाध्यक्ष सुरेश चाड, प्रदेश महामंत्री हरिनारायण मणकश आदि मौजूद थे।

## शिविर में 22 लोगों को पट्टे जारी किये

**निवाई, (निसं)।** प्रशासन शहरों के संग अभिया के अन्तर्गत गुरूवार को सिन्धी धर्मशाला में वार्ड 11,12 व 13 का दो दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कृषि भूमि नियमन, स्टेट ग्राट, 69 क, फ्री होल्ड के 22 पट्टों का वितरण किया गया। अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी ने बताया कि इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी व पार्षदों ने लोगों को पट्टे बांटे। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान अब तक शहर में 2600 पट्टे वितरित किए हैं। उन्होंने बताया कि एक व दो अगस्त को वार्ड 14, 15, 16 व 21 के लिए सिन्धी धर्मशाला में शिविर आयोजित किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने सभी वार्डवासियों से केम्प में पहुंचकर पट्टा बनवाने का आग्रह किया है। इस अवसर पर पार्षद संजय वर्मा, मदनलाल वर्मा सहित नगरपालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिविर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रेरित किया

**मंडावरी, (निसं)।** नगर पालिका क्षेत्र की शकरपुरया मालियान ढ ाणी में गुरुवार को प्रशासन शहरों के संग तृतीय चरण के आयोजित शिविर के दौरान विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के मौके पर आने वाले लोगों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रेरित किया गया एवं शिविर में लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को शिविर के दौरान शिविर प्रभारी रमेश चंद शर्मा द्वारा शिविर में आए लाभार्थियों को ज्यादा से ज्यादा पट्टा बनाकर उन के भूखंड एवं मकानों के मालिकाना हक तय करने के लिए आव्हान किया गया। वही शिविर प्रभारी शर्मा द्वारा अभियान के दौरान आयोजित किए जा रहे शिविरों के बारे में एवं शिविरों में पट्टा सहित आदि विभिन्न प्रमाण पत्र बनवाने की संक्षिप्त जानकारी वहां मौजूद लोगों को दी गई। शिविर के दौरान शिविर प्रभारी शर्मा द्वारा विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के मौके पर लोगों को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने की ओर कदम उठाने का आव्हान किया गया एवं प्रति व्यक्ति एक पौधा लगाकर वायुमंडल में बढ़ ते प्रदूषण को रोकने के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान कार्यवाहक सफाई निरीक्षक रामअवतार मीणा, पालिका कर्मी गजानंद शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा, रिंकू शर्मा, रजनीश मीणा, धीरज शर्मा आदि पालिका कर्मी एवं शहरवासी मौजूद रहे है।



प्रशासन शहरों के संग शिविर के दौरान शकरपुरिया मालियान ढाणी में विभिन्न कार्यो का निपटारा किया गया।

# गुढ़ा स्टेशन से चौसला तक बनेगी नई सड़क

**सांभरझील, (निसं)।** गुढा स्टेशन से चौसला तक सडक की स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सडक निर्माण पर करीब तीन करोड बहतर लाख रूपए खर्च होंगे। बताया गया कि इससे पहले कई बार इस क्षितठास्त सड्क मार्ग के लिए पूर्व में खबर प्रकाशित कर प्रशासन व जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया था।

उप मुख्य सचेतक व नावां विधायक महेन्द्र चौधरी को इस समस्या से ठााम पंचायत गुढ ा के सरपंच ने भी अवगत करवा कर इसके लिए अनुरोध किया था। गौरतलब है हर वर्ष बारिश के पानी से कटाव लगकर सड्क टूटकर बह गई थी, सड्क पर जगह जगह गड्डे हो गये थे।

गांव को मिली इस सौगात पर सरपंच वीरेंद्र कुमार व ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री व उप मुख्य सचेतक का आभार व्यक्त किया। इस संबंध में रवीन्द्र सिंघल, कनिष्ठ अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग का कहना हैकि गुढ ा रेलवे-स्टेशन से चौसला तक यह सड्क करीब अठारह फिट चोडी होगी। इसमे केंद्र व राज्य दोनों का योगदान होता है।

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JAIPUR**
First Floor, Sudharma-II, Lal Kothi Shopping Center, Tonk Road, Jaipur-302015
Case No.:OA/752/2022 Exh. No:5981
Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules,1993.
To, STATE BANK OF INDIA V/S ME ISHAK ALI KHAN
(1)MR ISHAK ALI KHAN
D/W/S/O- MR SALEMAN KHAN
74-A, SHANTI NAGAR, JHOTWARA ,JAIPUR ,RAJASTHAN-302012
**SUMMONS**
WHEREAS, OA/752/2022 was listed before Hon'ble Presiding Officer on 19/07/2022. WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed againts you for recovery of debts of Rs.6815025/- (application along with copies of documents etc. annexed) In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, You the defendants are directed as under:- (i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted: (ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application: (iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties: (iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the tribunal: (v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets. You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the application and to appear Registrar on 22/12/2022 at 10:30 A.M failing which the application shall be heard and decided in your absence. Give under my hand and seal of this Tribunal on this date:21/07/2022
(Seal) Registrar DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JAIPUR

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जा नोटिस**
**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आई डी एफ सी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 15.04.2021 को एक मांग नोटिस कर्जदारों, सह कर्जदारो, एवं जमानतियों 1. रविन्द्र सिंह, 2. दीपीका कँवर को जारी किया गया था, जिसमें 13.04.2021 की तिथी को एक मांग नोटिस उल्लेखित राशी रूपये 1290840.65 (रूपये बारह लाख नब्बे हजार आठ सौ चालीस व पैसे पैंसठ मात्र) का भुगतान उपर्युक्त निर्दिष्ठ नोटिस प्राप्ती से 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज जुलाई 2022 के 25वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक के साथ सम्मेलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशि रूपये 1290840.65 (रूपये बारह लाख नब्बे हजार आठ सौ चालीस व पैसे पैंसठ मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

**यूनिट नं.एस-3, क्षेत्रफल 690.00 वर्ग फिट, दूसरी मंजिल, प्लाट न. एच-131 एवं 132, मंगलम सिटी, ग्राम पीथावास एवं निवारू, कलवाड़ रोड़, तहसील एंव जिला जयपुर, का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमा में है- पूर्व- प्लाट नं. एच-143 एवं एच-44, पश्चिमः रोड़ 9.14 मीटर, उत्तरः प्लाट-एच-130, दक्षिण- प्लाट नं. एच-1133**

दिनांक- 25.07.2022
स्थान- जयपुर
ऋण खाता संख्या- 16063454
प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व नाम केपिटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक के साथ सम्मेलित)

# टोंक में सांसद अधीर रंजन चौधरी का पुतला फूंक विरोध जताया

**टोंक, (निसं)।** कांग्रेस के सांसद अधीर रंजन चौधरी द्वारा राष्ट्रपति के विरुद्ध स्तरहीन टिप्पणी से देश संविधान, महिला एवं अनुसूचित जनजाति समाज की गरिमा को ठेस पहुंची है। इसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराना, जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा के आदेशानुसार बुधवार को पटेल सर्किल पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के बैनर तले मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजकुमार मीणा के नेतृत्व में मोर्चा के सदस्य एवं सैकडों युवा साथियों द्वारा सांसद अधीर रंजन चौधरी का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर मोर्चा के उपाध्यक्ष धीरज मीणा, महामंत्री हरिकांत मीणा, रामकेश मीणा, नीरज बैरवा, सागर मीणा, पप्पू वाल्मीकि, सुशांत, हरदेव, मूलचंद, हर नाथ, नामदेव, सिद्धार्थ एवं मनोज आदि मौजूद थे।

**चौरु/उनियारा,** उनियारा में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने राजा बाबू खींची के नेतृत्व में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का पुतला फूंक कर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया।

वहीं कांठोस कद्दावर नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मुर्दाबाद के भी नारे लगाएं। भाजपा युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष राजा बाबू खींची ने बताया कि लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा राष्ट्रपति के लिए की गई टिप्पणी से महिला जनजाति की समाज की गरिमा सहित अन्य को ठेस पहुंची है। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य में आक्रोश व्याप्त है। इस कृत्य के लिए अधीर रंजन, सोनिया गांधी सहित पूरी कांग्रेस पार्टी को माफी मांगना चाहिए। क्योंकि इस टिप्पणी से देश की गरिमा को भी ठेस पहुंची है। इस दौरान महामंत्री अवधेश चौथ, अवधेश पारीक, जिला कार्यकारिणी सदस्य आयुष जैन, उपाध्यक्ष विष्णु कुशवाह, शहर मंत्री शालू पांचाल, आकाश गुर्जर, सोनू सेन, चेतन सैनी, संजय बाबा, ओमप्रकाश कुशवाहा, बृजेश खींची, आशुतोष वैष्णव, संजय सैनी सहित कई भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने मुंडावर एसडीएम से संज्ञान लिया

**अलवर, (निसं)।** दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) की ओर से मंच प्रदेश सह संयोजक डॉ.रमेश बैरवा एवं जिला संयोजक एडवोकेट बीएल वर्मा के नेतृत्व में अलवर के मुंडावर तहसील के गांव सुखमणहेडी में दलित परिवारों के घर और खेतों का रास्ता बंद किए जाने की शिकायत का ज्ञापन कुछ दिन पूर्व पीडितों के साथ जिला कलेक्टर अलवर को दिया था जिसका जिला कलेक्टर के सतर्कता प्रकोष्ठ ने तुरंत कडा संज्ञान लिया है।

मुंडावर एसडीएम को आदेश दिया है कि संबंधित पक्षों की समझाइश कर प्रकरण का निस्तारण करें। आवश्यक होने पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए की गई कार्रवाई की रिपोर्ट सात दिवस में जिला कलेक्टर के सतर्कता प्रकोष्ठ को आवश्यक रूप से भिजवाना सुनिश्चित करें। इस बारे में पीडितों को भी प्रतिलिपि भेजकर सूचित किया है। ज्ञापन में दलित परिवारों के घर और खेतों के रास्ते को अविलंब खुलवाने और मारपीट की धमकी देने वालों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई थी।

# रेवेन्यू बोर्ड ने दो माह में मामले के निस्तारण के आदेश दिये

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत शुक्लावास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय के खेल मैदान की करीब 12 बीघा भूमि को खुर्द-बुर्द किये जाने के मामले में रेवेन्यू बोर्ड अजमेर ने आरएए, जयपुर के निर्णय को अपास्त करते हुए मामले में एसडीएम न्यायालय कोटपूतली द्वारा दिये गये स्थगन आदेश को सही मानते हुए सम्पूर्ण मामले को दो माह में निस्तारित किये जाने के आदेश दिये है।

समाजसेवी राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि दस्तावेजों में उक्त भूमि का बेचान होता रहा लेकिन मौके पर स्कूल फिल्ड ही है। इस सम्बंध में दिल्ली निवासी योगेश शर्मा ने अपने नाम भूमि का खाता तो खुलवाया लेकिन खेती ना कर बेचान कर दिया। जिसे कथित भूमाफिया गिरोह के लोग ऊंची किमतों पर विक्रय करना चाहते है, जिन्हें राजनैतिक संरक्षण भी प्राप्त है। समाजसेवी राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि उन्हें भूमाफिया गिरोह के लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। सम्भावित खतरे को देखते हुए जल्द ही ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल पुलिस महानिदेशक से मिलेगा। बोर्ड के निर्णय से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

■ स्कूल खेल मैदान की भूमि को खुर्द-बुर्द करने का मामला

जानकारी अनुसार स्कूल खेल मैदान की उक्त भूमि पर कुछ भूमाफियाओं द्वारा कथित तौर पर कब्जा कर तारबन्दी की गई तो ग्रामीणों द्वारा एसडीएम कोर्ट में परिवाद दायर करने पर न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया था। सरपंच सचिन यादव व समाजसेवी राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि मामले की जानकारी होने पर विधालय भूमि का राजस्व रिकॉर्ड एकत्रित किया गया। पूर्व में शिक्षा विभाग के नाम से विधालय खेल मैदान के नाम दर्ज भूमि को कूटरचित दस्तावेजों से मिलीभगत कर निजी खातेदारी में तब्दील किया गया है। पूर्व में ग्रामीणों को इस बाबत कोई जानकारी नहीं थी। खेल मैदान की भूमि खसरा नम्बर 171 से 175 व 180 से 182 की करीब 12 बीघा पक्की जमीन को ग्रामीण स्व. रूडमल वैध द्वारा अपने नाम करवा लिया गया था। जिसकी जानकारी ग्रामीणों को होने पर सभी ने निन्दा करते हुए संयुक्त मेजरनामा लिखकर करीब 250 ग्रामीणों ने विधालय की भूमि बचाने के लिए कानूनी कार्यवाही का निर्णय लिया। ग्राम पंचायत की बैठक में सरपंच सचिन यादव की अध्यक्षता में जमाबंदी रिकॉर्ड को दुरूस्त करवाकर विधालय का मैदान बचाये जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया था। मामले में सरपंच सचिन यादव, उपसरपंच नाहरसिंह मीणा, पंच राहुल सोनी, नत्थुराम यादव, सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास, पूर्व सरपंच ओमकार सिंह यादव आदि के द्वारा एसडीएम कोर्ट, कोटपूतली में परिवाद दायर किया गया। जिसके बाद न्यायालय ने स्थगन आदेश जारी किया था। अब मामले का निस्तारण एसडीएम कोर्ट को दो माह के भीतर करने के आदेश दिये गये है।

## मोहनगिरी पर्वत की सात कोषी परिक्रमा

**मालपुरा, (निसं)।** अरावली पर्वत मालाओं में शुमार मोहन गिरी पर्वत की सात कोषी परिक्रमा के लिए गुरूवार को 50 गावों के श्रद्धालुओं की भारी भीड रही। हरियाली अमावस्या पर वर्षो से चली आ रही मोहनगिरी पर्वत की परिक्रमा के आयोजन में उमडे श्रद्धालुओं ने पर्वत की कंदराओं में बने रमणीय धार्मिक स्थल घाटी बालाजी, गुदड जी की गुफा, भडगं जी की गुफा, नाका वाले भेरू, ऊन की माताजी, बाबा मोतिगिरी आश्रम, चस्मा जी, खोडया भैरू धाम सहित एक दर्जन से अधिक धार्मिक स्थलों के दर्शन कर पुण्य कमाया। सात कोषी परिक्रमा के बाद घाटी बालाजी पहुंची परिक्रमा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बालाजी की महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुननिर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13895045 | गृह ऋण | 1. सिद्धार्थ पारीक 2. सरला पारीक 3. महेन्द्र कुमार पारीक | 23.07.2022 | 13,62,891.28/- | रिहायशी यूनिट/फ्लैट नं. ए-एस-2, दूसरी मंजिल, क्षेत्रफल 1175.52 वर्ग फिट, "वकरांगी हाइट्स फर्स्ट", प्लाट नं. एफ-87, मंगलम सिटी, ग्राम-हथोज, कलवाड़ रोड़, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, उक्त पर निर्मित फ्लैट के प्लाट की सीमायें हैः पूर्वः प्लाट न एफ-46, पश्चिमः रोड 60 फिट चौडी, उत्तरः प्लाट न. एफ-86, दक्षिणः प्लाट नं. एफ-88 |
| 2 | 15352622 और 8922331 | गृह ऋण और गृह फायनेन्स एचएल | 1. विजय सिंह 2. सुनीता देवी | 23.07.2022 | 41,54,172.17/- | नये प्लाट नं. 61-ए (पुराना प्लाट ए-92), स्कीम नं. 4-ए, शिव नगर-प्रथम, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर (राज.) का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमायें हैः पूर्वः रोड़ 30 फिट चौड़ी, पश्चिमः प्लाट नं. 70, उत्तरः प्लाट नं. 61-बी, दक्षिणः प्लाट नं. 61 |

आपको एतदद्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है। ह./-

दिनांक- 29.07.2022
स्थान- जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

## संक्षिप्त

### बैंक ने संपत्ति का कब्ज़ा लिया

**नारायणपुर, (निसं)।** ऋण नही चुकाने पर गुरुवार को एयू स्माल फाइनेंस बैंक थानागाजी ने खातेदार देशराज पर सरफेसी एक्ट के तहत कार्यवाही कर सम्पत्ति पर भौतिक कब्ज़ा किया है। बैंक मैनेजर अनुराग परासर ने बताया कि देशराज कुम्हार पुत्र चिरंजी लाल एयू स्माल फाइनेंस बैंक से करीब 5 लाख रूपये का ऋण ले रखा था। जिसका समय पर पुनर्भुगतान न करने पर खाता एनपीए हो गया। इसके बाद ऋण नहीं चुकाने पर बैंक ने गुरुवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलवर के आदेश पर दुकान पर भौतिक कब्ज़ा कर सीज कर दी। इस मौके पर एयू बैंक से सीएओ रणजीत सिंह, सुरेन्द्र कुमार, बबली सैनी, कालीचरण शर्मा, अमीचंद यादव सहित कानून व्यवस्था के लिए नारायणपुर सहित पुलिस लाइन का जाप्ता मौके पर मौजूद रहा।

### पशु आहार से भरा ट्रेलर पलटा

**निवाई, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 11 ए पर गांव करेडा बुजुर्ग बाईपास पर एक ट्रेलर के सामने अचानक गाय आ जाने से चालक का संतुलन बिगड गया और गाय को बचाने के चक्कर में ट्रेलर डिवाइडर पर चढ कर पलटी खा गया। ट्रेलर के पलट जाने से सडक पर पशु आहार की बोरियां बिखर गई जिससे एक तरफ का यातायात बाधित हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ट्रेलर पशु आहार की बोरियां भरकर मध्यप्रदेश से गुजरात जा रहा था। इसी दौरान गांव करेडा बाईपास पर ट्रेलर के आगे गाय आ गई जिससे चालक का संतुलन बिगड गया। चालक ने गाय को बचाने का प्रयास किया जिससे ट्रेलर असंतुलित होकर डिवाइडर पर चढ गया और पलटी खा गया।

### हरियाली अमावस्या पर पौधे लगाये

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** प्रताप स्मृति संस्थान गढ वालों की ढ णाी निमेडा के सौजन्य से दिगंबरा आश्रम सीकर बाजार में आज हरियाली अमावस्या के अवसर पर विभिन्न प्रकार के पेड पौधे लगाए गए। इस अवसर पर अशोक, कंदील भील, गुडहल, आंवला आदि प्रकार के कई पेड पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रताप स्मृति संस्थान के अध्यक्ष सुभाष गढ वाल ने कहा कि संपूर्ण बगीची को हरा भरा प्रताप स्मृति संस्थान के द्वारा किया जाएगा। इस बगीचे का पूर्ण सौंदर्य प्राकृतिक रूप से पेड पौधों के द्वारा किया जाएगा। इस उपलक्ष पर मंदिर के व्यवस्थापक किशन गिरी जी महाराज, मंदिर के महंत सतगिरी जी महाराज, राजू बागवान, महेंद्र गोदारा, रतन लाल फूलका, सीएम गोपालका, कैलाश चंद सैनी, अर्जुन सांखला, हेमंत खैरवाल, सुगनाराम गठाला, राकेश सिंगोदिया, बलदेव सैनी, पूर्व पार्षद ग्यारसी देवी महर्षि आदि उपस्थित थे।

### आवासीय पट्टे वितरित किए

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर नगर पालिका क्षेत्र स्थित कृषि भूमि में लंबे समय से निवास कर रहे लोगों को प्रशासन शहरों के संग अभियान के तृतीय चरण का लाभ मिला है। शिविर के दौरान कृषि भूमि पर लंबे समय से कॉलोनी एवं मकान इत्यादि बनाकर निवास कर रहे लोगों को गुरुवार को नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र एवं अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी द्वारा कृषि भूमि पर बसी आवास योजना के तहत आवासीय पट्टे वितरित किए गए। शिविर के दौरान कनिष्ठ अभियंता बस राम मीणा सुरेश शर्मा, एटीपी रणधीर मीरवाल, राकेश शर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे। वही नगर पालिका चेयरमैन मिश्र एवं अधिशासी अधिकारी चौधरी द्वारा विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के मौके पर शहर वासियों को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए भी प्रेरित किया गया।

### घायल मोर का किया उपचार

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम कुनेड में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर पर बिल्ली ने हमला कर दिया जिससे मोर घायल हो गया व मोर को चलने एवं उडने मे परेशानी आ रही थी। ग्रामीणों ने देखा तो घटना की सूचना एलएसए गोविन्द भारद्वाज को दी गई। सूचना मिलते ही भारद्वाज ने मौके पर पहुंचकर घायल मोर का उपचार किया भारद्वाज ने बताया कि मोर के दांये पैर मे घाव हो रहा था। जिसकी ड्रेसिंग की गई उपचार के बाद मोर को वन कार्यालय ले जा कर वनकर्मियो के सुपुर्द किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता विकास वर्मा, कृष्ण यादव, प्रकाश यादव, विकास यादव, विजय यादव, बलराम यादव आदि ने उपचार मे मदद की।

# कावड़ यात्रा व डिग्गी लक्खी मेले में कानून व्यवस्था के लिए प्रशासन की तैयारी पूर्ण

- संभागीय आयुक्त, कलेक्टर व एसपी ने नवीन बाईपास सड़क निर्माण का लिया जायजा

**मालपुरा, (निसं)।** दो वर्ष के कोरोना काल के बाद धार्मिक यात्राओं व जुलूसों के आयोजनों पर राज्य सरकार द्वारा लगाई पाबंदियां हटाने के बाद इस बार मालपुरा में कावड यात्रा व डिग्गी में कल्याण महाराज के 57 वें लक्खी मेले को लेकर श्रृद्धालुओं में अपार उत्साह देखा जा रहा है। कावड यात्रा व कल्याण जी के लक्खी मेले के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला व उपखण्ड प्रशासन द्वारा बीते एक माह से युद्ध स्तर पर वो सभी तैयारियां की जा रही है जिनकी प्रशासन ने आवश्यकताए महसूस की।

लक्खी मेले के दौरान तीन से सात अगस्त तक डिग्गी में 700 से अधिक पुलिस अधिकारियों व जवानों के साथ साथ 100 से अधिक कस्बे में सीसीटीवी कैमरे लगा मंदिर ट्रस्ट व प्रशासन मेले के सफल आयोजन में जुटा हुआ है। वर्ष 2018 में कावड यात्रा पर हुए पथराव व वर्ष 2019 में कावड यात्रीयों के मालपुरा में प्रवेश पर स्वागत के लिए उमडी हजारों की भीड को गंभीरता से लेते हुए तत्कालिन एसडीएम अजय कुमार आर्य व एएसपी गोवर्धन लाल सोकरिया ने शहर के हालातों व



एसडीएम, एएसपी व डीवाईएसपी गांव ढाणी तक पहुंच आमजन व युवाओं से संवाद कर रहे है।

बार-बार होने वाली सामप्रदायिक घटनाओं से उपजने वाले तनाव से क्षेत्रवासियों एवं प्रशासन को निजात दिलाने के उद्देश्य से शहर में दशहरा, कावड यात्रा, ईद व मोहर्रम जैसे दोनों समुदाय के प्रमुख त्योहारों पर निकलने वाले जुलूसों के परम्परागत मार्ग बदल नवीन मार्ग निर्धारित कर दोनों समुदाय सहित शांति समिति व एकता मंच की बैठकें कर नवीन मार्गो के लिए रिपोर्ट तैयार कर जिला प्रशासन को भेजी गई थी। प्रशासन द्वारा तय किये गये नवीन मार्गो से चारों जूलुसों के निकलने व मार्ग को स्वीकार करने के लिए जिला व स्थानिय प्रशासन बीते तीन साल से भरकस प्रयास कर रहा है।

कावड का मार्ग बदल क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था कायम रखे जाने के लिए एसडीएम, एएसपी, व डीवाईएसपी अलग-अलग टोलीयां बना क्षेत्र के गांव ढाणी तक पहुंच गांव की चौपाल पर सम्पर्क सभा के माध्यम से ग्रामीणों व युवाओं से समझाइश कर कानून व्यवस्था की जानकारी दे किसी भी विवादित अथवा बिना प्रशासनिक अनुमति के होने वाले आयोजनों व गतिविधियों में भाग नही लेने तथा भाग लेने के दुष्परिणाम से अवगत करवा रहे है।

संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा, जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, एसपी मनीष त्रिपाठी ने मालपुरा में दर्जनों बैठकें कर नवीन बाईपास सडक निर्माण सहित अन्य जुलूसों के मार्गो का निरीक्षण भी किया गया तथा इस बार नवीन मार्ग से ही कावड यात्रा के मालपुरा में प्रवेश के लिए ठोस प्रबन्ध करने व भारी तादात में पुलिस जाब्ता तैनात कर ड्रोन केमरों से हर एक गतिविधि पर पेनी नजर की व्यवस्थाए की गई है।

## पालिकाध्यक्ष और ईओ के शिविर में नहीं पहुंचने पर जताई नाराजगी

**किशनगढ बास, (निसं)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत चल रहे नगरपालिका की ओर से शिविर गुरूवार को संत कंवर राम हरि मंदिर गुरुद्वारा में लगाया गया। कैंप में दोपहर 12 बजे तक अधिकारी और अध्यक्ष नहीं पहुंचे। कैंप में वार्ड 13 से पहुंचे लोगों ने शिविर में बैठे कर्मचारियों के सामने पट्टा नहीं मिलने पर नाराजगी जताई।

तिजारा रोड अनाज मंडी गेट पर अवरुद्ध नालों के चलते भर रहे पानी का मौका देखने गए पालिका अध्यक्ष तारामणि सिंघल के साथ मौका देखने के लिए गए अधिकारी महेश गुर्जर को जब मीडिया कर्मियों के पहुंचने की खबर मिली तो कैंप स्थल पर पहुंच लिए। वार्ड 13 से पहुंचे प्रहलाद विजय कुमार सुबे सिंह इंद्राज सिंह आदि लोगों का आरोप था कि नगर पालिका मुंह देखकर टीका कर रही हैं। 4 महीने से पट्टा पत्रावली की फाइल को जमा कराए हो गए हैं 20 से अधिक बार चक्कर लगा चुके है। हमारे बाद के लोग पट्टे लेकर चले गए फिर हमारे पट्टे क्यों रोके हुए हैं। आवेदनकर्ता की पत्रावलीओ को देखा गया तो सामने आया की पत्रावली में पट्टा जारी करने के लिए निर्देशित किया हुआ है।

लोगों का कहना था कि सरकार अधिक से अधिक लोगों को पट्टा देने के लिए एक के बाद एक अभियान चलाकर अधिकारियों को कैंप के माध्यम से वार्डों में भेज रही है और यहां 20-20 चक्कर लगाने पर भी पट्टे नहीं मिल रहे हैं।



**निवाई के ग्राम पंचायत करेडा बुजुर्ग मुख्यालय के मुख्य सडक मार्ग पर बरसाती पानी जमा है जिसे निकालने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए है। इससे ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड रही है। इस मार्ग पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ग्राम पंचायत कार्यालय, चिकित्सालय सहित आबादी क्षेत्र स्थित है। सडक मार्ग पर पानी जमा रहने से विद्यालय में जाने वाले छात्र-छात्राओं को पानी में से ही निकलना पड रहा है। विशेष रूप से दुपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड रही है। लोगों ने बताया कि पंचायत प्रशासन को पानी निकासी करवाने के लिए कहा गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इससे परेशानी बनी हुई है।**

## शारीरिक शिक्षक बालकों के विकास में अहम भूमिका निभाते है : मंत्री रावत

- तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रारम्भिक शिक्षा विभागीय शारीरिक शिक्षक संगोष्ठी का शुभारम्भ

**अलवर, (निसं)।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत गुरूवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मदनपुरी में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रारम्भिक शिक्षा विभागीय शारीरिक शिक्षक संगोष्ठी का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं पौधों में पानी देकर किया। मंत्री रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि पहला सुख निरोगी काया को माना गया है। इसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने निरोगी राजस्थान अभियान संचालित किया है। शारीरिक शिक्षक बालकों को खेलकूद से जोडकर उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी फैसले लिए हैं जो धरातल पर नजर आने लगे हैं। उन्होंने स्थानीय विधायक एवं मंत्री टीकाराम जूली की ओर से इस विद्यालय में एक कमरा मय बरामदा बनवाने की घोषणा की। साथ ही विद्यालय एवं गांव के अन्य मांगों को भी पूर्ण कराने का विश्वास दिलवाया। उन्होंने शारीरिक शिक्षकों के द्वारा सौंपे गए प्रतिवेदन की मांगों के निराकरण के लिए पूर्ण सहयोग करने का विश्वास व्यक्त किया।

शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश यादव एवं कार्यक्रम के संयोजक मक्खन सिंह गुर्जर ने शारीरिक शिक्षकों एवं विद्यालय की मांगों का प्रतिवेदन मंत्री रावत को सौंपा साथ ही समस्त शारीरिक शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली, शारीरिक शिक्षकों की भर्ती करने, पदोन्नति के अवसर बढाने, आरजीएचएस स्कीम लागू करने पर राज्य सरकार का आभार जताया तथा स्मृति चिन्ह के रूप में पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सीडीईओ पूनम गोयल एवं डीईओ प्रारम्भिक नेकीराम ने शारीरिक शिक्षक संगोष्ठी के उद्देश्यों व शारीरिक शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। पीईईओ कविता यादव ने आगन्तुकों का आभार जताया।



**उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत को स्मृति चिन्ह के रूप में पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।**

## यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना सबकी जिम्मेदारी : किरण सिंह

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए राजकीय उच्च उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह द्वारा यातायात व्यवस्था को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना सबकी सामूहिक जिमेदारी है, लेकिन सामंजस्य की कमी के चलते इसे धरातल पर नहीं उतारा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सर्विस रोड, सुभाष चौक सहित कस्बे के मुय मार्गो सहित अन्य स्थानों पर अव्यवस्थित खडे वाहनों को पार्क करने की व्यवस्था नही है। शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए व्यापार सभा, वाहन संचालक यूनियन व वाहन स्वामी सबको सहयोग करना होगा। इसके अलावा सभी भवन स्वामियों से उनके यहां रह रहे किरायेदारों का आवश्यक रूप से सत्यापन करने, 18 साल से कम उम्र बालकों को वाहन न देने की अपील की। वहीं व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सहयोग की बात कहते हुए व्यावहारिक परेशानियों को प्रशासन के सामने रखा। वही बाजारों में बेतरतीब वाहनों को खडा करने वालों पर सत कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर वाइस चेयरमेन नरपत सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, वार्ड पार्षद मोठूराम, संतोष गुप्ता, बद्री प्रसाद चौहान मामराज भंडारी, सामाजिक कार्यकर्ता काशी राम लंबोरा, कृष्ण कुमार ओला, सराजुद्दीन, मोहन यादव सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज

**टोंक, (निसं)।** कोतवाली पुलिस थाने में एक युवती ने दो जनों पर अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण ने बताया कि एक युवती ने केशव शर्मा व एक अन्य पर मामला दर्ज कराया है कि दोनों ने मिलकर उसका अपहरण कर दिल्ली ले गए, जहां एक होटल में उसके साथ दोनो ने सामूहिक रुप से दुष्कर्म किया। चारण ने बताया कि मामले की जांच पुलिस उप अधीक्षक सलेह मोहम्मद कर रहे है।

## दुष्कर्मी की जमानत खारिज

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** पॉक्सो एवं परिवार न्यायालय सवाई माधोपुर में नाबालिक का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपी विजय राम गुर्जर निवासी श्यामोली थाना मलारना डूंगर का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि जिले के एक थाने में एक पीडित पिता ने मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि 4 मई 2022 को प्रात: 4 बजे मेरे भाई का फोन आया कि आप की पुत्री घर से लापता है। उसकी उम्र करीब 14 वर्ष है उसे हमने सब जगह तलाश किया लेकिन वह कहीं नहीं मिली। उस समय हमारे परिवार में विवाह भी था जिसमें गिर्राज गुर्जर, जय सिंह, धर्म सिंह, विकास, व विजय राम भी बारात में आए हुए थे। यह लोगों मेरी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर साथ ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिक को दस्तयाब किया एवं तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया अन्य आरोपी फरार चल रहे हैं जिन्होंने अपना अठिाम जमानत प्रार्थना पत्र न्यायालय में लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने अठिाम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

# आईजी ने पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की

- एसपी के निर्देश पर चलाये जा रहे पेड़ लगाओ अभियान की भी तारिफ की

**टोंक, (निसं)।** आईजी रेंज अजमेर रुपेन्द्र सिंह ने गुरुवार को जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही आने वाले समय में आने वाले त्यौहारों व कावड यात्रा, डिग्गी कल्याण मेले को लेकर चौकस रहने व मुस्तैदी से डयूटी करने के निर्देश दिए।

अजमेर रेंज आईजी रुपेन्द्रसिंह ने पुलिस लाईन स्थित सभागार में जिले के पुलिस अधिकारियों की क्राईम मिटिंग ली। जिसमें उन्होंने कानून व्यवस्था की गहनता से समीक्षा की और आने वाले त्यौहारों कावड यात्राओं, डिग्गी मेले के मद्देनजर चौकस रहने व मुस्तैदी से डयूटी करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आ रहे त्यौहार को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से प्लानिंग कर मुस्तैदी से काम किया जाएगा, ताकि साम्प्रदायिक सदभाव बना रहे।

उन्होंने टोंक पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशों पर चलाएं जा रहे पेड लगाओ अभियान की भी तारिफ करते हुए कहा कि यह बहुत ही अच्छा कार्य है। एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य लिया गया है, जिसमें करीब 38 हजार पौधे तो लग भी चुके है। जिससे जाहिर है कि जिले को हराभरा बनाने के लिए पुलिस तत्परता से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में लाईन आर्डर नही बिगडने दिया जाएगा, आवश्यकता पडने पर सख्ती भी की जाएगी। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने भी इस अवसर पर कहा कि पेड लगाओ अभियान मेरे अकेला का नही है, ये जिले की पूरी पुलिस का है, जो जनसहभागिता इस अभियान में तेजी से पेड लगाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईजी रुपेन्द्र सिह ने जिले का दौरा किया है, कानून व्यवस्था की समीक्षा कर आने वाले समय में त्यौहार पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है। इसके लिए टोंक पुलिस चौकस होकर मुस्तैदी से लगन के साथ अपनी डयूटी को अंजाम दे शांति व्यवस्था बनाएं रखने के प्रयासो में कोई कमी नही रखेगी।



**अजमेर रेंज आईजी रुपेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को कावड़ यात्रा, डिग्गी मेले पर चौकस रहने व मुस्तैदी से डयूटी करने के निर्देश दिए।**

## सार-समाचार

### शिविर में दिव्यांगों को उपकरण वितरित



**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने गुरूवार को गांधी नगर खेल मैदान जयपुर स्थित राजकीय राजा रामदेव पोद्दार उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सहायक उपकरण शिविर में दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए। मंत्री जूली ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के दिव्यांगों की सेवा हेतु विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनको लाभांवित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांगों को उपकरण प्रदान करने के लिए समय-समय पर सह पंजीकरण शिविर लगाए जा रहे हैं। इसमें उन्हें उनकी जरूरत के अनुसार उपकरण प्रदान किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में गेल इंडिया लि. ने सीएसआर के माध्यम से 134 लाभार्थियों को 60 लाख रुपये की लागत के135 सहायक उपकरण वितरित किए गए। इसमें 123 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 2 जॉयस्टिक व्हीलचेयर, 6 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 2 कान की मशीन, 2 सीपी चेयर वितरित की गई। इस अवसर पर शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग समित शर्मा, निदेशक विशेष योग्यजन गजानंद शर्मा, अशोक बैरवा सहित एलिम्को तथा गेल इंडिया लिमिटेड कंपनी के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को बैग एवं स्टेशनरी वितरित



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नं. 2, श्रीमाधोपुर के निर्धन एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को गुरुवार को एसएसडी फाउंडेशन द्वारा स्कूल बैग एवं स्टेशनरी वितरित की गई।प्रधानाध्यापक पूरण मल वर्मा ने बताया कि गत सत्र की भांति वर्तमान सत्र में भी स्थानीय विद्यालय के शिक्षक सोहन लाल कुमावत की प्रेरणा से समाजसेवी दोस्त फाउंडेशन के सदस्य विमल कुमार पबडी के नेतृत्व में विद्यालय के चार छात्र छात्राओं को स्कूली बैग पेन, पेंसिल, कॉपी, ड्राइंग बॉक्स व अन्य स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। संस्था परिवार ने इस पुण्य कार्य के लिए पबडी एवं एसएसडी फाउंडेशन का आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहयोग करने का आग्रह किया। संस्था प्रधान पूरण मल वर्मा ने फाउंडेशन का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उत्सव प्रभारी रामेश्वर लाल सामरिया, महेन्द्र कुमार शर्मा, सुरता चौधरी, आरती कुमावत, दिनेश सैनी सहित लाभार्थी मौजूद थे।

### कोमल कंवर का कालबेलिया नृत्य में चयन



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के एसबीएन पीजी कॉलेज की बीएससी तृतीय वर्ष 3 राज़ बटालियन एनसीसी सीकर एसबीएन कालेज के एनसीसी कैडेट कोमल कंवर पुत्री उम्मेद सिंह कर्णावत निवासी हांसपुर का एक भारत श्रेष्ठ भारत (आईडीसी/इंडिपेंस डे कैंप 15 अगस्त 2022) में राजस्थान ग्रुप डायरेक्टरेट एनसीसी जयपुर से फाइनल सिलेक्शन हुआ है। एनसीसी मुख्यालय सीकर के कर्नल अरविन्द ऋषि ने बताया कि एनसीसी कैडेट कोमल कंवर राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2022 भारत सरकार आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम में कालबेलिया लोक नृत्य कलाकार कार्यक्रम में भागीदारी देंगे। हर घर तिरंगा सम्मान तिरंगा नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम कालबेलिया नृत्य में हिस्सा लेगी इसके लिए कैडेट 31 जुलाई से 16 अगस्त 2022 दिल्ली के लिए आई डी सी कैंप में हिस्सा लगी एस बी एन ग्रुप ऑफ एजुकेशन श्रीमाधोपुर के निदेशक डॉ मुकेश बल्डवाल एवं सचिव इंजिनियर प्रदीप धायल तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एसके जाट एनसीसी सीटीओ सांवर मल चौधरी एनसीसी जीसीआई अनिता चौधरी ने एनसीसी कैडेट कोमल कंवर के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। डॉ एसके जाट ने बताया कि कालबेलिया लोक नृत्य कोमल कंवर ने लोककलाकार मूमल शेखावत के निर्देशन में प्रस्तुत किया है।

### गो पूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय के सवासा ग्राम स्थित अंजनी गौशाला में पंडित जगन्नाथ वेद राम सहाय शर्मा स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित गो पूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा एवं खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष बृज किशोर मीणा द्वारा शिरकत की गई। इस गो पूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा एवं खादी ठााम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष शर्मा द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री मीणा एवं बोर्ड अध्यक्ष शर्मा द्वारा अंजनी गौशाला का भी निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंत्री मीणा एवं खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि गौमाता हमारी धार्मिक संस्कृति का बडा आधार है एवं वृक्षारोपण पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए बडा आधार है। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा अंजनी गौशाला के लिए डेढ करोड रुपए की सहायता दिलाने एवं अंजनी गौशाला में एक सिंगल प्वाइंट लगाने की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन एडवोकेट सुरेश शर्मा द्वारा किया गया।इस दौरान एसडीएम मोहर सिंह मीणा, प्रधान नाथू लाल मीणा, स्वायत शासन संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्रा, ख्यातनाम चिकित्सक डॉ चंद्रशेखर शर्मा, सरपंच प्रद्युम्न सिंह, पूर्व सरपंच दीपक पटेल, ईश्वर मीणा आदि कई लोग मौजूद रहे। वही इस कार्यक्रम के बाद चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा रावत ग्राम में नवनिर्मित सीसी रोड का भी लोकार्पण किया।

### पौधरोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया

**पावटा, (निसं)।** भूमिका प्लाजा स्थित गुप्ता हॉस्पिटल निदेशक डॉ. रवि गुप्ता व डॉ. अंजली गुप्ता द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें पौधा रोपण करते हुए डॉ. रवि गुप्ता ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आव्हान किया साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। वही डॉ.अंजली गुप्ता ने बताया कि इन आपदाओं को कम करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। विक्रम परमार ने कहा कि यहां का प्राकृतिक वातावरण काफी शुद्ध व स्वच्छ है। इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते ही प्राकृतिक को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पडेगा अत: प्रकृति को बचाने के लिए आम लोगों को प्राकृतिक की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। अंत में कारोना के प्रति जागरूकता के लिए भी दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर हॉस्पिटल स्टाफ विजेंद्र शर्मा, गंगाराम, विक्रम, अनिल, राहुल, सुभाष, राहुल, दिनेश सहित कई लोग मौजूद रहे।



ऐसा नहीं है कि भारतीय टीम पिछले पांच से छह वर्षों से विराट के बिना नहीं खेली है लेकिन मैं चाहता हूं कि ऐसा खिलाड़ी फॉर्म में वापसी करे। उन्हें 'ड्रॉप' (टीम से बाहर) किया गया हो या फिर 'आराम' दिया गया हो, लेकिन उनमें अभी काफी क्रिकेट बचा है। **– कपिल देव**

**पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान, विराट कोहली की परर्मेंस को लेकर।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** **लुंगी एनगिडी**



**दक्षिण** अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने अपने करियर में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के अपने कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा कि अगर उनकी क्षमता का कोई खिलाड़ी मैच जीतने के लिए युवावस्था में उन पर विश्वास करता है तोय ह उनके लिए बहुत बड़ी बात है। सीएसके ने 2019 में एनगिडी को अपने साथ जोड़ा था। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज एनगिडी ने उस सत्र में 14.18 के औसत से 11 विकेट चटकाए और टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह 2021 में भी खिताब जीतने वाली चेन्नई की टीम का हिस्सा थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** मेजबान ब्राजील ने 1950 के विश्वकप फुटबाल के आयोजनके लिए रियो-डी-जेनेरो में दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम बनाया जिसमें दर्शक क्षमता 2,20,000 थी।

## ब्रिस्बेन हीट में शामिल हुईं पूजा वस्त्रकार

ब्रिस्बेन, 28 जुलाई। महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) की फ्रेंचाइज़ी ब्रिस्बेन लीग ने भारतीय ऑल-राउंडर पूजा वस्त्रकार को टीम में शामिल करने की गुरुवार को घोषणा की। वस्त्रकार डब्ल्यूबीबीएल-8 से पहले न्यूज़ीलैंड की ऑल-राउंडर अमेलिया केर्र के बाद हीट में शामिल होने वाली दूसरी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। फ्रेंचाइज़ी ने यहां जारी एक विज्ञिप्त में कहा, 22 वर्षीय ऑल-राउंडर भारत के पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे और आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप के दौरान हीट की नज़रों में आ गयी थीं, जहां कोच एशले नॉफ़के उनके प्रदर्शन से प्रभावित हुई थीं। दाईं हाथ की तेज़ गेंदबाज़ निचले क्रम में आकर विस्फोटक बल्लेबाज़ी करने में भी माहिर हैं। वह स्मृति मंधाना और पूनम यादव के बाद ब्रिस्बेन के लिये खेलने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी होंगी। वस्त्रकार ने अब तक 23 एकदिवसीय, 27 टी20 अंतरराष्ट्रीय और दो टेस्ट मैच खेले हैं। वह इस समय कोरोना से उभर रही हैं जिसके बाद वह बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के लिये भारतीय टीम का हिस्सा बनेंगी। राष्ट्रमंडल खेलों के 92 साल के इतिहास में पहली बार महिला क्रिकेट को शामिल किया गया है, जहां भारत सहित 12 टीमें स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के लिये एक दूसरे का सामना करेंगी।

## ओलंपिक 2023 में पहली बार स्थापित होगा 'इंडिया हाउस'

मुंबई, 28 जुलाई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने एक दीर्घकालिक साझेदारी की घोषणा की है जिसके तहत रिलायंस राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और ओलंपिक खेलों सहित प्रमुख बहु-खेल आयोजनों में भारतीय एथलीटों का समर्थन करेगा। इस साझेदारी के तहत, आरआईएल और आईओए पेरिस ओलंपिक 2024 में पहली बार इंडिया हाउस भी स्थापित करेंगे। रिलायंस ने बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञिप्त में कहा कि ओलंपिक हाउस खेलों की परंपरा है और 2024 ओलंपिक में भारत का ओलंपिक हाउस बनना एक ऐतिहासिक घटना होगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की निदेशक और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सदस्य नीता एम अंबानी ने कहा, भारत को वैश्विक खेल क्षेत्र में केंद्र स्तर पर देखना हमारा सपना है। आईओए के साथ हमारी साझेदारी विश्व स्तर के बुनियादी ढ ांचे और अवसरों के साथ देश भर में युवा एथलीटों का समर्थन करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए रिलायंस फाउंडेशन की गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। हम 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में पहली बार इंडिया हाउस की मेजबानी करने के लिए भी बहुत उत्साहित हैं।

## 2022 के अंत में संन्यास लेंगे सेबेस्टियन वेटेल

बर्लिन, 28 जुलाई। चार बार के विश्व चैंपियन फॉर्मूला वन ड्राइवर जर्मनी के सेबेस्टियन वेटेल ने गुरुवार को घोषणा की कि वह 2022 सत्र के अंत में सन्यास लेंगे। 2007 के यूनाइटेड स्टेट्स ग्रां प्री में बीएमडब्ल्यू सॉबर के साथ अपनी शुरुआत करने वाले वेटेल ने एक वीडियो पोस्ट करके अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से इस खबर का खुलासा किया। मैं 2022 सत्र के अंत तक फॉर्मूला-1 से सन्यास लेने की घोषणा करता हूं। मुझे यह खेल पसंद है। जहां तक मुझे याद है यह खेल मेरे जीवन का केंद्र रहा है, लेकिन जितना जीवन ट्रैक पर है, उतना ही ट्रैक से बाहर भी है। मेरा जीवन लक्ष्य रेसिंग और चैंपियनशिप जीतना नहीं बल्कि मेरे बच्चों को बढ़ते हुए देखना, अपने मूल्यों को आगे बढ़ाना और उनसे सीखने में सक्षम होना बन गया है। उन्होंने कहा, सन्यास लेने का निर्णय लेना मेरे लिए कठिन रहा है, और मैंने इसके बारे में सोचने में बहुत समय बिताया है। मैं वर्ष के अंत में इस पर चिंतन करने के लिए कुछ और समय लेना चाहता हूं कि मैं आगे किस चीज़ पर ध्यान केंद्रित करूंगा। मेरे लिए यह बहुत स्पष्ट है कि एक पिता होने के नाते मैं अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहता हूं।

## पटना पाइरेट्स ने अपने विशिष्ट खिलाड़ियों को रिटेन किया

पटना, 28 जुलाई। प्रो कबड्डी के तीन बार के चैंपियन (पीकेएल 3, 4 और 5) पटना पाइरेट्स ने अगले पीकेएल सीजन 9 के लिए रिटेन किए गए स्टार खिलाड़ियों की अपनी सूची की घोषणा की है। पाइरेट्स ने इस साल के नए कबड्डी सीजन के लिए अपने एलीट खिलाड़ियों को रिटेन किया है। मोहम्मदरेज़ा शादलौई चियानेह (डिफेंडर), नीरज कुमार (डिफेंडर), मोनू (रेडर) और साजिन चंद्रशेखर (डिफेंडर) एक बार फिर पाइरेट्स की डिफेंस और रेडिंग यूनिट में ताकत जोड़ेंगे, जिसने उन्हें पिछले सीजन के रोमांचक फाइनल में क्रूज बना दिया था। टीम ने न्यू यंग प्लेयर कैटेगरी से रोहित (रेडर) और मनीष (डिफेंडर) को भी रिटेन किया है। पटना पाइरेट्स के मुख्य कोच रवि शेट्टी ने कहा, ''खिलाड़ियों को रिटेन करना पटना पाइरेट्स का एक मजबूत और स्थिर आधार बनाने के लिए टीम की रणनीति को दर्शाता है।

## गोल्डमेडल इलेक्ट्रिकल्स टी-20 आई सीरीज का टाइटल स्पॉन्सर बना

नयी दिल्ली, 28 जुलाई। भारत की अग्रणी विद्युत विनिर्माण कंपनियों में से एक, गोल्डमेडल इलेक्ट्रिकल्स ने गुरूवार को घोषणा की कि वह भारत और वेस्टइंडीज के बीच आगामी पांच मैचों की टी 20इंटरनेशनल (टी 20 आई) श्रृंखला का टाइटल स्पॉन्सर होगा। सीरीज को गोल्डमेडल टी-20 कप के रूप में ब्रांडेड किया जाएगा, जिसका पहला मैच 29 जुलाई 2022 को होना है। त्रिनिदाद और सेंट किट्स में सीरीज के पहले तीन टी20आई मैच आयोजित होंगे जबकि अंतिम दो मैच फ्लोरिडा, यूएसए में खेले जाएंगे। भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा करेंगे और ऋषभ पंत और हार्दिक पांड्या की वापसी होगी।

# वर्षा बाधित मैच जीतकर भारत ने किया क्लीन स्वीप

**वेस्ट इंडीज़ को तीसरे वनडे मैच में 119 रन से हराया**

**अब पांच मैचों की टी20 श्रंखला 29 जुलाई से खेली जायेगी**

पोर्ट ऑफ स्पेन। भारत ने शुभमन गिल (98 नाबाद) और युज़वेंद्र चहल (17 रन पर चार विकेट) की बदौलत वेस्ट इंडीज़ को तीसरे एकदिवसीय मैच में 119 रन से हराकर श्रंखला 3-0 से अपने नाम की। यह कैरिबियन में रनों के मामले में भारत की वेस्ट इंडीज़ पर सबसे बड़ी जीत है। भारत ने बुधवार को खेले गये वर्षाबाधित मैच में 36 ओवर में 225 रन बनाये थे, जिसके बाद डकवर्थ लुइस नियम के तहत विंडीज़ के सामने 35 ओवर में 257 रन का लक्ष्य था। वेस्ट इंडीज़ इसके जवाब में 137 रन पर ऑल आउट हो गयी। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी चुनी। कप्तान शिखर धवन और शुभमन गिल ने श्रंखला में दूसरी बार शतकीय साझेदारी की। 113 रन की साझेदारी के बाद धवन 58(74) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके लगाये।

इसके बाद क्रीज़ पर आये श्रेयस अय्यर ने गिल के साथ पारी को आगे बढ़ ाना शुरू किया, लेकिन मैच के 25वें ओवर में बारिश हो गयी। जब मैच को पुनः शुरू किया गया तो भारतीय बल्लेबाज़ों ने रनों की रफ्तार भी बढ़ ाई। दोनों के बीच 89 रन की साझेदारी हुई, जिसके बाद अय्यर 34 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की बदौलत 44 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके अलावा सूर्यकुमार यादव ने आठ रन और संजू सैमसन ने नाबाद छह रन बनाये। बारिश के कारण भारतीय पारी को 36 ओवर में 225 रन पर घोषित कर दिया गया, जहां गिल अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय शतक के इंतज़ार में 98 रन पर नाबाद रहे।

35 ओवर में 257 रन का पीछा करने उतरी विंडीज़ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दीपक हुड्डा का पहला ओवर मेडेन जाने के बाद मोहम्मद सिराज ने दूसरे ओवर में दो विकेट चटके। सिराज ने काइल मेयर्स को और शमार ब्रूक्स को शून्य रन पर चलता किया। एक रन पर दो विकेट गिरने के बाद विकेटकीपर शाई होप और ब्रेंडन किंग ने पारी को संभालते हुए 46 रन की साझेदारी के साथ विंडीज़ को मैच में बरकरार रखा। होप (22) के आउट होने के बाद वेस्ट इंडीज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। कैरिबियाई टीम के लिये कप्तान निकोलस पूरन ने सर्वाधिक 42 (32) रन बनाये। इसके अलावा किंग ने भी 37 गेंदों पर 42 रन की पारी खेली, जबकि कोई और कैरिबियाई बल्लेबाज़ 10 रन के आंकड़े को पार नहीं कर सका।

चहल गेंद से भारत के नायक रहे। उन्होंने चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिये, जिसमें पिछले मैच के शतकवीर होप का विकेट भी शामिल है। इसके अलावा सिराज और शार्दुल ठाकुर ने दो-दो विकेट लिये। अक्षर पटेल और प्रसिद्ध कृष्णा को एक-एक विकेट हासिल हुआ। एकदिवसीय श्रंखला को क्लीन स्वीप करने के बाद भारत अब टी20 श्रंखला की ओर रुख करेगा। पांच मैचों की श्रंखला का पहला मुकाबला त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में 29 जुलाई को खेला जाएगा।

## बंगाल अंडर-25 के कोच बने प्रणब रॉय

कोलकाता, 28 जुलाई। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने भारत के पूर्व ऑलराउंडर लक्ष्मी रतन शुक्ला को 2022-23 सत्र के लिये राज्य की वरिष्ठ क्रिकेट टीम का कोच चुनने के बाद पूर्व बल्लेबाज़ प्रणब रॉय को अंडर-25 टीम का कोच नियुक्त किया है। सीएबी अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने इसकी घोषणा करते हुए कहा, वह (प्रणब रॉय) अपने समय के उत्कृष्ट क्रिकेटर हैं।


**कार्यालय नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा**

क्रमांक-न.पा.प्रा.2021-22/242 दिनांक-28.07.2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

प्रशासन शहरों के संग अभियान 2022 के तहत नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा कार्यालय में 41 व्यक्तियों ने 69क के तहत व 90ए के तहत 60 व्यक्तियों ने पट्टा प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये हैं। जिनकी सूचि नगर पालिका नोटिस बोर्ड पर दिनांक 28.07.2022 को चस्पा कर दी गई है और नगर पालिका की वेबसाइट https://urban.rajasthan.gov.in/nppawta तथा भूमि शाखा में भी उपलब्ध है। सर्व साधारण उक्त सूचि का अवलोकन कर अपनी आपत्ति 7 दिवस की अवधि में मय साक्ष्य दिनांक 04.08.2012 तक भूमि शाखा नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा में दर्ज करा सकेगे अवधि समाप्त होने पर आपत्तियों पर विचार विमर्श नहीं किया जायेगा और सम्बंधित आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी कर दिया जावेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा, जिला जयपुर (राज.)**


## 100 तक नहीं पहुंचा इसको झेल पाना थोड़ा मुश्किल है : शुभमन गिल



पोर्ट ऑफ स्पेन, 28 जुलाई। प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज बने भारतीय ओपनर शुभमन गिल ने कहा कि वह 100 तक नहीं पहुंचे इसको झेल पाना थोड़ा मुश्किल है। गिल ने तीसरे मैच के बाद कहा, मैं 100 की उम्मीद कर रहा था। लेकिन यह मेरे हाथ में नहीं था क्योंकि बारिश हो गई थी, पर मैं अपनी पारी से खुश हूं। मैं निराश इससे था कि किस तरह से पहले दो मैचों में आउट हो गया।

मैं स्ट्राइक बदलने की कोशिश कर रहा था। बारिश के ब्रेक के बाद मैं चाहता था कि एक और ओवर मिल जाए, विकेट अच्छा था, मैंने सोचा था कि मैच को आगे ले जाया जा सकता है। आज 98 रन बनाने के साथ गिल ने कुल मिलाकर 208 रन इस सीरीज में बनाए हैं जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। भारतीय कप्तान शिखर धवन ने कहा, गिल के लिए बुरा लगता है लेकिन यह होता है कई बार, लेकिन जिस तरह से उसने जवाब दिया है काबिले तारीफ था। हमारे लड़के युवा है लेकिन अनुभवी हैं। उन्हें मुश्किलों से निकलना आता है। मैं अपनी फॉर्म से खुश हूं।

मैं जानता हूं कि कैसे 50 को 100 में बदला जाता है। पहले मैच में मैंने 97 रन बनाए, लेकिन आज भी मैं सही था। मैंने रिस्क लिया और रन रेट को बनाए रखा। मैं अपने गेंदबाजों से भी खुश हूं, सिराज, अक्षर, चहल, शार्दुल सभी ने अपना सौ प्रतिशत दिया।

## घुटने की सर्जरी करवाएंगे क्रिस वोक्स

लंदन, 28 जुलाई। क्रिस वोक्स घुटने की सर्जरी कराने वाले हैं। हालांकि वह इस प्रयास में हैं कि ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए फ़िट हो जाएंगे। मार्च में इंग्लैंड के कैरिबियन दौरे के बाद से वोक्स ने किसी भी प्रारूप में एक पूरा मैच नहीं खेला है, जब वह यूके लौटे तो उन्होंने घुटने में दर्द की शिकायत की।वोक्स ने बीबीसी को कहा, ''यह वास्तव में मेरे लिए काफ़ी कठिन समय रहा है। मैं मार्च के अंत में कैरिबियन से वापस आया और मेरे घुटने में दर्द था। मुझे लगा कि कुछ सप्ताह में यह ठीक हो जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

मुझे नहीं पता पता था कि मेरे घुटनें क्या हुआ है और मैं इसके कारण काफ़ी संघर्ष कर रहा था। मैं आख़िरकार अब उस स्थिति में पहुंच गया हूं जहां वास्तव में मेरे पास पूरी तरह से फ़िट होने का एकमात्र मौक़ा सर्जरी के लिए जाना है।''

वोक्स ने 2015 और 2021 के बीच एक भी टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला, लेकिन पिछले साल के टी20 विश्व कप से पहले वह इंग्लैंड की योजनाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में छह मैचों में 7.36 की इकॉनमी रेट के साथ सात विकेट लिए थे।

जोफ्रा आर्चर, साक़िब महमूद और मार्क वुड अपनी-अपनी चोटों के कारण ऑस्ट्रेलिया में इस साल के टूर्नामेंट से बाहर होने की उम्मीद थी। इंग्लैंड तेज़ गेंदबाज़ों की कमी को साफ़ महसूस कर पा रहा है। वोक्स ने कहा कि उनका लक्ष्य चयन के लिए उपलब्ध होना है। हालांकि, इंग्लैंड को आईसीसी के नियमों के तहत सितंबर के मध्य में अपनी अस्थायी टीम का चयन करना होगा, और वोक्स के पास इससे पहले अपनी फ़िटनेस साबित करने के सीमित अवसर होंगे।

वोक्स ने कहा, ''मुझे सर्जन ने जो कुछ बताया है। उसके अनुसार मुझे ठीक होने में चार से छह सप्ताह लगने की संभावना है। यह सब वास्तव में इस बात पर निर्भर करता है कि सर्जरी के दौरान उन्हें घुटने के अंदर क्या मिलता है। हालांकि वे उम्मीद कर रहे हैं कि यह ज़्यादा संघर्षपूर्ण नहीं होगा।''

## श्रीलंका से यूएई में शिफ्ट हुआ एशिया कप

कोलम्बो, 28 जुलाई। एशिया कप यूएई में आयोजित किया जाएगा, जैसा कि इस महीने की शुरुआत में ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो द्वारा रिपोर्ट किया गया था। श्रीलंका 27 अगस्त से 11 सितंबर के बीच खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट का मेज़बान बना रहेगा। एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञिप्त में कहा, ''श्रीलंका में एशिया कप की मेज़बानी के लिए हरसंभव प्रयास किया गया और आयोजन स्थल को यूएई में स्थानांतरित करने का फ़ैसला लिया गया। यूएई नया वेन्यू होगा जबकि श्रीलंका मेज़बानी के अधिकार को बरक़रार रखेगा।''

खाद्य और ईंधन की आपूर्ति में कमी के कारण श्रीलंका अपने सबसे ख़राब संकट से गुज़र रहा है। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान की मेज़बानी करने के साथ यह देश अभी भी द्विपक्षीय क्रिकेट की मेज़बानी करने में सक्षम है, लेकिन एशिया कप एक से ज़्यादा टीमों का टूर्नामेंट होने के कारण, आर्थिक उथल-पुथल के बीच इसकी मेज़बानी करने की चुनौतियां बहुत अधिक थीं। एसएलसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऐश्ली डीसिल्वा ने दस दिन पहले बताया, ''दो टीमों की मेज़बानी करना दस टीमों की मेज़बानी करने के समान नहीं है। आपको उन सभी के लिए ईंधन के साथ दस बसें उपलब्ध करानी होंगी। आपको प्रत्येक टीम को ईंधन के साथ एक लगेज वैन और प्रबंधकों को यातायात साधन देना होगा।

## बर्मिंघम में ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुए भारतीय खिलाड़ी

बर्मिंघम, 28 जुलाई। राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह से एक शाम पहले कई भारतीय एथलीटों ने खेल गांव में भारतीय दल के ध्वजारोहण समारोह में हिस्सा लिया। बर्मिंघम में भारतीय टीम के प्रमुख राजेश भंडारी ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना एवं अन्य की उपस्थिति में तिरंगा फहराया। भारतीय महिला एवं पुरुष हॉकी टीम सहित कई अन्य खिलाड़ी भी संगीत में तल्लीन इस समारोह में मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में राष्ट्र की परेड में भारतीय दल से अधिकतम 164 प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं, जहां शीर्ष शटलर पीवी सिंधु और पुरुष हॉकी के कप्तान मनप्रीत सिंह दल के ध्वजवाहक होंगे।

## भारत के युवा खिलाड़ियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दबाव झेलना काफी आसान हो गया है : शिखर धवन



पोर्ट ऑफ स्पेन, 28 जुलाई। वनडे सीरीज़ में भारतीय टीम के कप्तान रहे शिखर धवन ने टीम के युवा खिलाड़ियों की परिपक्वता की काफ़ी तारीफ़ की है। सीनियर खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में भी भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज़ को 3-0 से हरा दिया। धवन के अनुसार यह भारतीय युवा खिलाड़ियों की परिपक्वता का फल है। बेंच पर बैठे खिलाड़ियों ने मौक़ा मिलने को दवाब को काफ़ी अच्छे तरीक़े से झेला है।

तीसरे वनडे में 119 रन से मिली जीत के बाद धवन ने कहा, ''लड़कों ने जिस तरह से चुनौतियों को स्वीकार किया, वह अद्भुत था। वे उम्र में युवा हैं लेकिन उनमें काफ़ी परिपक्वता और समझदारी है। वे दबाव को काफ़ी अच्छी तरह से संभाल सकते हैं।'' घरेलू क्रिकेट और आईपीएल की वजह से ऐसा संभव हुआ है। उसी के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के दबाव को झेलना उनके लिए काफ़ी आसान हो गया है। युवा खिलाड़ियों ने गेंद और बल्ले के साथ काफ़ी बढ़िया प्रदर्शन किया। वे काफी अनुशासित थे। वे भावनाओं में नहीं बह रहे थे, लेकिन अपनी समझ का इस्तेमाल कर रहे थे। यह हम सभी के लिए एक बड़ी बात है।''

सीरीज़ में लगभग सभी बल्लेबाज़ों के योगदान से धवन ख़ुश थे। शुभमन गिल ने तीन पारियों में 205 रन बनाए, श्रेयस अय्यर ने दो अर्द्धशतकों के साथ 163 रन बनाए, जबकि संजू सैमसन और अक्षर पटेल ने भी महत्वपूर्ण अर्धशतक बनाए। धवन ने यह भी कहा कि ऑलराउंडर दीपक हुड्डा को गेंद से इस्तेमाल करने की योजना ने इतना अच्छा काम किया कि उन्होंने तीसरे वनडे में उन्हें पहला ओवर दे दिया।

धवन ने कहा, ''अगर आप बल्लेबाज़ी इकाई की बात करें तो सभी ने रन बनाए हैं - शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, संजू, अक्षर जैसे सभी खिलाड़ियों ने बढ़िया प्रदर्शन किया। बल्लेबाज़ी इकाई के लिए इससे बेहतर संकेत नहीं हो सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि वे सभी युवा हैं। इसलिए इंग्लैंड दौरे के बाद इन परिस्थितियों में खेलना, चाहे पहले बल्लेबाज़ी करना हो या लक्ष्य का पीछा करना, या पहले दो मैच जीतने के बाद तीसरे गेम में उसी धैर्य के साथ खेलना, यह अपने आप में एक बड़ी बात है।''

## मोदी ने ऐतिहासिक 44वें शतरंज ओलंपियाड का किया आगाज

चेन्नई, 28 जुलाई। अनुभवी इलीट खिलाड़ियों, तेजतर्रार नवोदित खिलाड़ियों और होनहार प्रतिभाओं के शानदार मिश्रण के साथ 30 खिलाड़ियों वाली छह भारतीय टीमें चेन्नई के मामल्लापुरम में गुरुवार को शुरू हुए 44वें शतरंज ओलंपियाड में अपनी चुनौती पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह ओलंपियाड में भाग लेने वाला भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल है, जिसकी मेजबानी भारत पहली बार कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरूवार को शतरंज ओलम्पियाड का आगाज किया। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ-साथ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, राज्यपाल आरएन रवि भी शामिल हुए।

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर फैबियानो कारुआना के नेतृत्व वाली स्टार खिलाड़ियों से लैस अमेरिकी टीम एलो 2771 के साथ औसत रेटिंग के मामले में सबसे आगे है, जबकि भारत एलो 2696 के साथ दूसरे स्थान पर है।विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन की टीम नॉर्वे को एलो 2692 में तीसरी वरीयता प्राप्त है। उसके बाद स्पेन (एलो 2687), पोलैंड (एलो 2683) और अजरबैजान (एलो 2680) का स्थान है।

टीम इंडिया 2 में निहाल सरीन, डी गुकेश, आर प्रागनानंदा, रौनक साधवानी और 30 वर्षीय बी. अधिबान सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। इसने न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी बसे चेस प्रेमियों ने उम्मीदें पाल रखी हैं। इस टीम का औसत एलो 2649 है लेकिन पिछले छह महीनों में धुर विरोधियों के खिलाफ स्कोर करने की उनकी क्षमता उन्हें पदक के प्रबल दावेदार के रूप में सामने लाकर रखती है। टाप भारतीय टीम में विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, अर्जुन एरिगैसी, एसएल नारायणन और कृष्णन साईस्किरन शामिल हैं। इनके पास अनुभव और ताकत का मिश्रण है। अर्जुन और नारायणन डेब्यू कर रहे हैं। अर्जुन एलो 2700 के निशान के करीब मँडरा रहे है और नारायणन एक गंभीर स्थिति और ठोस शैली का प्रदर्शन करते हैं।

## विराट पर जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलने का दबाव नहीं डाल सकते : करीम

नयी दिल्ली, 28 जुलाई। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़, चयनकर्ता और बीसीसी के प्रबंधन अधिकारी रह चुके सैयद सबा करीम ने कहा है कि अपने ख़राब फ़ॉर्म के बावजूद पूर्व कप्तान विराट कोहली भारत की टीम का अहम हिस्सा हैं और टीम प्रबंधन को उन्हें टी20 विश्व कप से पहले फ़ॉर्म में लौटने के लिए योजनाबद्ध तरीक़े से संभालने की ज़रूरत है। ऐसा माना जा रहा है कि कोहली को 18 अगस्त से ज़म्बिाब्वे के ख़िलाफ़ वनडे सीरीज़ के लिए टीम इंडिया में शामिल किया जाएगा, जिससे वह अपनी खोई फ़ॉर्म हासिल कर सकें, लेकिन इस बात को लेकर लगातार बहस हो रही है कि क्या कोहली को ज़म्बिाब्वे के ख़िलाफ़ सीरीज खेलनी चाहिए। स्पोर्ट्स18 के शो स्पोर्ट्स ओवर द टॉप पर सबा ने कहा, ''पहले टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं को यह तय करना होगा कि टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए कोहली ज़रूरी हैं या नहीं? जब टीम प्रबंधन यह तय कर ले कि विराट टी20 विश्व कप तैयारियों का अहम हिस्सा हैं, तो मैं उनकी फ़ॉर्म में वापसी का चार्ट तैयार कर सकता हूं।''


**कार्यालय ग्राम पंचायत गजीपुरा पं.स. जसवंतपुरा (जालोर)**

क्रमांक/2022-23/66 दिनांक 27/07/2022

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2022-23**

पंचायत समिति जसवंतपुरा के अधीनस्थ ग्राम पंचायत गजीपुरा के लिए वित्तिय वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में सम्पादित किये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छुक विनिर्माता(ओं)/विक्रता(ओं)/फर्मो/संवेदको/आपूर्तिकताओं से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा ग्राम www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा अपलोड की जा सकती है।

| क्र. स. | ऑनलाईन निविदा डाउनलोड कर अपलोड करने की अन्तिम दिनांक व समय | प्रोसेसिंग शुल्क बोली शुल्क एवं अमानत राशि मय तकनिकी बिड भौतिक रूप से ग्रा. पं. में जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय | अनुमानित मूल्य (लाखों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 12.08.2022 को 5.00 PM तक | 16.08.2022 को 5.00 PM तक | 18.08.2022 को 11.00AM | 80.00 |

NIB ZJR2223A0223
UBN No. ZJR2223GSOB00484

सरपंच, ग्राम पंचायत गजीपुरा, पं. स. जसवंतपुरा (जालोर)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत गजीपुरा, पं. स. जसवंतपुरा (जालोर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत बासनी**
**पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-ग्राम/पं/बासनी/2022-23/131 दिनांक-22/7/22

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2022-23 में क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत /राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत ठेकेदार एवं पी.डब्लू.डी.एवं यू.आई.टी. में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ग्राम पंचायत स्तर पर सीलबन्द निविदाएं निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण सामग्री एवं विकास कार्य वित्त वर्ष 2022-23 | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 9.90 | 19800 | 200/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत बासनी, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)
NIB N. ZAL2223A0615
UBN N. ZAL2223GSLB00856
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बासनी, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत बेहरोज पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-26-27 दिनांक-28/7/22

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंगल फेस बोरिंग में विद्युत कनेक्शन निर्माण कार्य मौलाडी जोहड के पास बेहरोज। | 8/8/2022 12PM तक | 8/8/2022 02 PM तक | 8/8/2022 03PM तक | 6.0 लाख लाख | 12000 | 300/- |
| 2 | सिंगल फेस बोरिंग में महेश प्रधान के घर के पास नागोरी बांध के पास बेहरोज | 8/8/2022 12PM तक | 8/8/2022 02 PM तक | 8/8/2022 03PM तक | 6.0 लाख लाख | 12000 | 300/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत बेहरोज, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)
NIB N. ZAL2223A0618
UBN N. ZAL2223GLLB00860
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बेहरोज, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत पीपली**
**पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-SP-1 दिनांक-25/7/22

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23**

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य बड के पेड से कुम्हारों की ओर रामबास। | 2/8/2022 10AM तक | 2/8/2022 12 PM तक | 2/8/2022 03PM तक | 5.0 लाख | 10000 | 200/- |
| 2 | इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य बड के पेड से नंदलाल मीणा के घर की ओर रामबास। | 2/8/2022 10AM तक | 2/8/2022 12 PM तक | 2/8/2022 03PM तक | 4.0 लाख | 8000 | 200/- |
| 3 | गन्दे पानी की निकासी हेतु पाइप लाइन कार्य राम किशोर के घर से रामेश्वर के घर की ओर रामबास। | 2/8/2022 10AM तक | 2/8/2022 12 PM तक | 2/8/2022 03PM तक | 5.0 लाख | 10000 | 200/- |
| 4 | इंटरलॉकिंग टाईल्स कार्य जीतराम के घर से स्कूल की ओर कालूका। | 2/8/2022 10AM तक | 2/8/2022 12 PM तक | 2/8/2022 03PM तक | 4.0 लाख | 8000 | 200/- |
| 5 | गंदे पानी की निकासी हेतु पाइपलाइन कार्य रामपत के घर से वीर सिंह के घर की ओर भिवाड़ा की ढाणी। | 2/8/2022 10AM तक | 2/8/2022 12 PM तक | 2/8/2022 03PM तक | 2.0 लाख | 4000 | 200/- |
| 6 | प्रहलाद के घर से शिव मंदिर की ओर पाइप लाइन कार्य पीपली। | 2/8/2022 10AM तक | 2/8/2022 12 PM तक | 2/8/2022 03PM तक | 5.0 लाख | 10000 | 200/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत पीपली, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)
NIB N. ZAL2223A0589
UBN N. ZAL2223GLLB00813
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पीपली, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत बासनी**
**पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-ग्राम/पं./बासनी/2022-23/125-130 दिनांक-27/7/22

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीवर लाइन कार्य मेन रोड से रघुवीर की ओर ग्राम सांचौद। | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 5 लाख | 10000 | 200/- |
| 2 | सीवर लाइन कार्य रघुवीर के घर से साबी नदी की ओर ग्राम सांचौद। | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 4.40 लाख | 8800 | 200/- |
| 3 | हैंडपंप निर्माण कार्य दयाचंद बाल्मिक के घर के पास ग्राम बासनी | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 1.0 लाख | 2000 | 200/- |
| 4 | हैंडपंप निर्माण कार्य बुगला प्रजापत के घर के पास ग्राम बासनी | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 1.0 लाख | 2000 | 200/- |
| 5 | हैंडपंप निर्माण कार्य बाबूराम के घर के पास ग्राम अलीपुर की ढाणी | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 1.0 लाख | 2000 | 200/- |
| 6 | हैंडपंप निर्माण कार्य नत्थू भडाना के घर के पास ग्राम सांचौद | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 8/8/2022 | 1.0 लाख | 2000 | 200/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत बासनी, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)
NIB N. ZAL2223A0614
UBN N. ZAL2223GLOB00855
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बासनी, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)



*मैक्सिको में सैन लुई पोतोसी में तेज हवाओं वाली पहाड़ी सड़क के ऊपर स्थित है ज़िलीत्ला टाउन। यहां पहुंचना आसान नहीं है। लेकिन लोगों का कहना है कि रास्ता बहुत मनोरम है और दक्षिण पश्चिम थाइलैण्ड की याद दिलाता है। गन्ने के खेत, संतरों से लदे ट्रक, हरी-भरी ट्रॉपिकल वनस्पति और पार्श्व में नुकीले ग्रैनाइट पर्वत यहाँ के नज़ारे को अद्‌भुत बनाते हैं। पर्वत के शिखर पर एक खूबसूरत बगीचा है ''लास पोज़ास'', जो किसी वंडरलैण्ड से कम नहीं है। एक अंग्रेज कवि, एडवर्ड जेम्स ने यह बगीचा बनवाया था। जेम्स को मैक्सिको का यह भाग इतना पसंद आया कि, उसने तय कर लिया कि, अपनी जीवनभर की कमाई खर्च करके वह यहां अपने सपनों का बगीचा और घर बनाएगा। सन्1949 से लेकर 1984 तक मैक्सिको के कामगारों और कलाकारों ने जंगल में यह अद्‌भुत दुनिया सृजित की। वर्तमान में एडवर्ड जेम्स फाउण्डेशन इस बगीचे और यहां बनी इमारतों का संरक्षण करता है ताकि आम लोग भी एडवर्ड जेम्स की खूबसूरत सोच का हिस्सा बन सकें। यह एक जादुई दुनिया है, जिसमें घुसते ही ढेर सारा पानी नज़र आता है, इसीलिए इसका नाम ''लास पोज़ास'' रखा गया है, क्योंकि स्पैनिश भाषा के इस शब्द का अर्थ है तालाब। लगभग 80 किलोमीटर में फैले लास पोज़ास में कुछ हाइकिंग ट्रेल्स भी हैं। इस अद्‌भुत अनुभव के लिए यहां वर्ष भर पर्यटकों की आवाजाही बनी रहती है।*

# 'ऐसा नहीं है कि सरकार रिपीट नहीं होती, जरूरत है अलग तरह से काम करने की'

## पायलट ने कहा, समय से पहले, किस्मत से ज्यादा किसी को नहीं मिलता लेकिन व्यक्ति को एंबिशस होना चाहिए

- **''2014 में अध्यक्ष बना, तीन महीने बाद लोकसभा चुनाव में सभी सीटें हारे, मैं भी हार गया, कांग्रेस अध्यक्ष को इस्तीफा दे दिया था, लेकिन स्वीकार नहीं किया।''**
- **''उसके बाद सोनिया गांधी से आशीर्वाद लेकर विकट हालात में पांच साल ताकत लगाकर काम किया, भाजपा के 163 विधायक थे, मैंने चैन से नहीं रहने दिया।**

जयपुर, 28 जुलाई (का.प्र.)। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार रिपीट करने को लेकर आशावान दिखाई दे रहे हैं,लेकिन इसी के साथ उन्होंने इसके लिए अलग काम करने की सलाह दी है।

जयपुर में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में पायलट ने कहा ''राजस्थान में वर्ष1998 से सरकार रिपीट नहीं होने का सिलसिला चल रहा है। ऐसा नहीं है कि सरकारें रिपीट नहीं हो सकती। दिल्ली में शीला दीक्षित के समय 3 बार सरकार बनी। हरियाणा में हुड्डा ने दो बार और तरुण गोगोई ने असम में दो बार सरकार बनाई। मैंने पार्टी स्तर पर विस्तार से बात रखी है। हमारे पास अच्छा मौका है, अभी 15 महीने बचे हैं, उसमें हम कुछ ऐसा करें कि लोगों का विश्वास दोबारा जीता जा सके। इसके लिए जो कुछ करना है वह पार्टी के अंदर की बात है। इसके बारे में डेढ़ साल पहले मैंने रूपरेखा बनाकर दी, उस रास्ते पर हम चल रहे हैं। कुछ कदम उठाए गए हैं।''

पायलट ने कहा कि ''मेरे अध्यक्ष रहते विपक्ष में मैंने जितने चुनाव लड़े, सब में हमने भाजपा को हराया। वसुंधरा राजे के सीएम रहते हुए बीजेपी के 163 विधायक थे। मैंने उन्हें पांच साल चैन से नहीं रहने दिया। जब जब भी वसुंधरा राजे सरकार ने जनहित का काम नहीं किया हमने सड़कों पर उतरकर विरोध किया। मैं तो भाजपा के खिलाफ लड़ने आया हूं। अगर भाजपा को लगता है कि जनता उनकी जेब में है तो यह उनकी गलतफहमी है। आप डिलीवर नहीं करोगे तो लोग वोट नहीं देंगे।

राहुल गांधी द्वारा पेशेंस की तारीफ करने को लेकर पायलट ने कहा कि कोई गुणों की तारीफ करता है, अच्छी बात है। पेशेंस इसलिए भी जरूरी है कि मैं विश्वास करता हूं कि अगला चुनाव जीतने के बारे में पार्टी ने मेरे सुझावों को बहुत अच्छी तरह से लिया है। हमारे पूरे कुनबे का का सामूहिक उद्देश्य यही है कि राजस्थान में फिर से सरकार कैसे बनाएं।

उन्होंने कहा कि ''मैं जनवरी 2014 में अध्यक्ष बना था। तीन महीने बाद ही लोकसभा चुनाव थे, जिनमें हम सभी सीटें हार गए थे, मैं भी हार गया था। इस हार की जिम्मेदारी लेते हुए मैंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को इस्तीफा दे दिया था, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इस्तीफा स्वीकार नहीं किया कि अध्यक्ष बने अभी दो महीने हुए हैं जाकर राजस्थान में पार्टी को नए सिरे से खड़ा कीजिए। उसके बाद सोनिया गांधी से आशीर्वाद लेकर मैंने ताकत से काम करना शुरू किया। इस्तीफे की यह बात मैंने किसी को नहीं बताई थी। मुझे जिन विकट हालात में पार्टी ने जिम्मेदारी दी, मैंने पांच साल ताकत लगाकर काम किया।''

पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समय से पहले और किस्मत से ज्यादा किसी को मिलता नहीं है। व्यक्ति को एंबिशियस होना ही चाहिए। अगर आपमें जील नहीं है, टीस नहीं है, भूख नहीं है खुद को साबित करने की या कुछ कर गुजरने की तो जीवन में रस नहीं रहेगा। सब कुछ पद से नहीं नापा जाता। आपने लोगों के दिलों पर छाप छोड़ी या नहीं यह अहम है।

पायलट बोले कि ''समय किसी के लिए नहीं रुकता। हमें समय के साथ चलना हैं। कितना आईटी का जमाना हो, नेता रातों रात नहीं बनता। एक प्रोसेस से गुजरना पड़ता है, 15 साल लगते हैं। मुझे 26 की उम्र में एमपी का टिकट दिया, मैं कम उम्र में अध्यक्ष बन गया। मेरे अध्यक्ष रहते जब निकाय चुनाव हुए, तब मैंने फोर्टी बिलो फोर्टी का नारा दिया था, जिसमें 40 फीसदी टिकट 40 से कम उम्र के नेताओं को दिए गए। युवाओं से केवल नारे लगवाने या दरी-पट्टी बिछाने के काम में ही नहीं उन्हें आगे भी लाना होगा, तभी नई युवा लीडरशिप विकसित होगी।''

# 14 घंटे सुलगी हैवल्स फैक्ट्री, नुकसान का आकलन नहीं

## 9 दमकलें 4 घंटे जुटी रहीं, 650 मजदूरों की जान बची

अलवर, 28 जुलाई (निसं)। अलवर के नीमराणा में हैवल्स इंडिया कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में 14 घंटे तक आग लगी रही। इस पर गुरूवार सुबह 11 बजे के करीब पूरी तरह काबू पाया जा सका। यहां हैवल्स की एलईडी और बल्ब बनते हैं। आग किन कारणों से लगी, यह कारण अभी स्पष्ट नहीं किया गया है। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि 4 किलोमीटर दूर से ही नजर आ रही थीं। वक्त रहते प्लांट में काम कर रहे 650 मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी। आग पर 9 दमकलों ने रात 1 बजे तक काबू पाया।

प्लांट में कुल एक हजार मजदूर काम करते हैं और 12-12 घंटे की दो शिफ्ट में काम होता है। सुबह 7 से शाम 7 तक मॉर्निंग और फिर नाइट शिफ्ट होती है। रात को नाइट शिफ्ट शुरू होने के दो घंटे बाद ही यूनिट का एक हिस्सा धधक उठा। तुरंत सायरन बजाया गया और सभी मजदूर काम छोड़कर बाहर आ गए। जिस वक्त आग लगी उस वक्त 650 मजदूर प्लांट में काम कर रहे थे।

आग लगने की घटना का एक श्रमिक को सबसे पहले पता चला। इसके बाद प्लांट प्रबंधन को आग की सूचना दी गई। वहां से तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचित किया गया। इसके बाद नीमराना, बहरोड़, कोटपूतली, जयपुर, अलवर, खुशखेड़ा, भिवाड़ी और हरियाणा से 9 दमकलें बुलवायी गईं। देखते ही देखते आग धधक उठी और प्लांट का एक हिस्सा जलकर खाक हो गया। सभी दमकलों ने करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। इसके बाद सुबह 11 बजे एक ऑपरेशन चलाकर आग को पूरी तरह बुझाया गया। प्लांट से रह-रहकर चिंगारियां और लपटें उठ रहीं थी।

कंपनी के एलईडी व सीएफएल प्लांट में गैस सिलेंडर रखे हुए थे। आग लगने से सिलेंडर लगातार फटते रहे, जिससे आग विकराल होती गई और काबू से बाहर हो गई। आग लगने के 1 घंटे बाद कंपनी का फायर सिस्टम शुरू हुआ। बता दें कि हैवल्स कम्पनी में करीब चार लाख लीटर पानी का स्टोरेज था, लेकिन कंपनी कर्मचारियों व अधिकारियों ने करीब दस बजे जाकर स्टोरेज टैंक से आग पर पानी छिड़कना शुरू किया। आग लगने के बाद कम्पनी में अफरा-तफरी मच गई। बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्लांट में लगी आग के बारे में कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी कुछ नहीं बता पाए। आग किन कारणों से लगी व कितना नुकसान हुआ, इनकी जांच चल रही है। सूचना मिलने पर अलवर जिला कलैक्टर डॉ जितेंद्र सोनी घटना स्थल पहुंचे और हालात का जायजा लिया। हालांकि प्रशासनिक अधिकारी व कंपनी कर्मचारी मामले की जानकारी देने से बचते रहे। कंपनी के कर्मचारियों ने मीडिया कर्मियों को कवरेज करने से रोका और उनके साथ बदसलूकी की। मीडिया कर्मियों को कवरेज करने से मना करने के बाद उन्हें कंपनी से बाहर निकाल दिया गया।

# नकली नोट प्रकरण में साउथ की फिल्म से आइडिया लेकर खड़ा किया गया था कारोबार

## मुख्य सरगना दो अगस्त तक रिमांड पर, अहम सुराग मिले

बीकानेर, 28 जुलाई (निसं)। नकली नोट गिरोह के मुख्य सप्लायर से पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। साउथ की फिल्म में हीरो के पिता की ओर से बदमाश को फिरौती की राशि में नकली नोट थमाने के सीन को देखकर ही दीपक और चंपालाल के मन में नकली नोटों के जरिए ठगी करने का आइडिया आया।

इन दोनों को अपना गिरोह तैयार करने में करीब छह माह लगे। इसके लिए चंपालाल व दीपक ने अपने खास दोस्तों को प्रलोभन देकर साथ किया।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक़ आरोपी चंपालाल व दीपक की मुलाकात दोस्तों के साथ घूमने जाने के दौरान हुई। तब दीपक लूणकरनसर में अपने रिश्तेदार की दुकान पर बैठा करता था। बाद में चंपालाल ने उसे एक डील के लिए दिल्ली भेजा। जहां से वह रुपयों से भरा बैग लेकर आया था। तब उसे बड़ी रकम दी गई।

पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि आरोपियों के कोलकाता, दिल्ली, हरियाणा व मध्यप्रदेश में गहरे लिंक हैं।

यह गिरोह अधिकांश राशि इन चार स्थानों पर ही खपा रहे थे। पिछले चार महीनों से इन्होंने लूणकरनसर, नोखा, श्रीडूंगरगढ़ , देशनोक, महाजन, कालू, हिम्मटसर क्षेत्र में फुटकर में रुपए चलाए। पुलिस ने ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र व मुखबिरों की मदद से इन सभी जगहों पर सर्वे शुरू कर दिया है।

जांच अधिकारी डीवाईएसपी नरेन्द्र पूनिया ने बताया कि मुख्य सप्लायर दीपक मोची को न्यायालय में पेश किया गया, जिसे दो अगस्त तक रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपी से पुलिस और एसओजी ने संयुक्त व अलग-अलग पूछताछ की।

पूछताछ में कई और ल ोगों के इस काले कारोबार में शामिल होने की जानकारी मिली है। दीपक से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कई और लोगों को दबोचने के लिए जाल बिछाना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर चम्पालाल शर्मा उर्फ नवीन सारस्वत, रविकांत जाखड़, नरेन्द्र शर्मा, माल चंद शर्मा, पूनमचंद शर्मा, राकेश शर्मा रिमांड पर चल रहे हैं।

गौरतलब है कि लूणकरनसर थाने में पदस्थापित कांस्टेबल सचित्रवीर गोदारा व जयप्रकाश की सूचना परआईजी कार्यालय में पद स्थापित डीवाईएसपी नरेन्द्र पूनिया, हेडकांस्टेबल नानूराम गोदारा, कांस्टेबल संदीप कुमार जांदू व रामप्रताप सायच ने नकली नोट छापने के गिरोह की जानकारी जुटाई। यह ऑपरेशन बीकानेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश की देखरेख में चला।

पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर गिरोह के युवकों को पकड़ा। उनके कब्जे से दो करोड़ 74 लाख रुपए के नकली नोट, नोट छापने वाली मशीन, स्याही, प्रिंटर, कटर मशीन, कागज व पनी, आरबीआई बैंक की पन्नियां आदि बरामद किए गए।

दिल्ली से भागे लूणकरनसर निवासी दीपक मोची को बीकानेर पुलिस की सूचना पर करनाल पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान पकड़ा।

## सुनवाई...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कर रहा है। देखिए जजों को टार्गेट करने की सीमा होती है। ये खबरें कौन देता है?'' उन्होंने मौखिक टिप्पणी की कि ''मैंने जो खबर ऑन लाइन देखी वह यह थी कि जज सुनवाई में विलम्ब कर रहे हैं। हमें थोड़ा समय दीजिए। एक जज कोविड से ग्रस्त है और यही कारण है कि हम केस पर कार्य नहीं कर सके, फिर भी हम इसे सूचीबद्ध करेंगे वरना एक न्यूज आइटम और बन जाएगा।''

जब याचिकाकर्ता के वकील ने केस में सुनवाई की मांग की तब ये टिप्पणियां सामने आईं।

सीनियर एडवोकेट कोलिन गोन्ज़ाल्वेस ने एक अवकाश बेंच के समक्ष इस प्रकरण का जिक्र जून महीने माह में किया था और कहा था कि ईसाई संस्थाओं तथा पादरियों पर देश भर में हर महीने औसतन 45 से 50 हिंसक हमले होते हैं। पीटर मैकाडो व अन्य द्वारा दायर याचिका में जो राहत मांगी गई हैं, उनमें तहसीन पूनावाला फैसले में शीर्ष अदालत द्वारा जारी मार्गदर्शकों की पालना किया जाना शामिल है। इसके तहत घ्रणास्पद अपराधों पर ध्यान देने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं। वर्ष 2018 में शीर्ष अदालत ने केन्द्र और राज्यों के लिए कुछ मार्गदर्शक जारी किए थे। इनमें फास्ट-ट्रैक सुनवाई, पीड़ित को क्षतिपूर्ति और ढीले कानून प्रवर्तक अधिकारियों के खिलाफ निरोधात्मक दण्ड और अनुशासनात्मक कार्यवाही शामिल है। कोर्ट ने कहा था कि घ्रणास्पद अपराध गाय को लेकर अति-सतर्ककता और लिंचिंग की घटनाओं को शुरू होते ही रोक दिया जाना चाहिए।

## क्या पंजाब की भांति...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सिद्धारमैया के समर्थकों, जैसे विधायक जमीर अहमद, ने जोर देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री तो सिद्धरमैया ही होने चाहिये। उनके समर्थकों ने शिव कुमार के दावों की हवा निकालते हुये, ऐसे समय पर कांग्रेस हाई कमान के लिये एक बड़ा सिरदर्द पैदा कर लिया है, जब पार्टी स्वयं अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस को ऐसी स्थिति का अनुभव अभी-अभी पंजाब में हुआ ही है, जहां पार्टी के दो बड़े नेताओं में- कैप्टन अमरिन्दर सिंह तथा नवजोत सिंह सिद्धू के बीच की लड़ाई ने कांग्रेस को ठिकाने लगा दिया था तथा राज्य में आम आदमी पार्टी की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। कर्नाटक में, त्रिकोणीय चुनावी लड़ाई से सत्तारूढ़ भाजपा तथा कांग्रेस दोनों के ही लिये एक असमंजस की स्थिति बन रही है। जनता दल (सेर्कुलर), जो कर्नाटक का मजबूत क्षेत्रीय दल है, राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण एवं निर्णायक तत्व बना हुआ है। जनता दल की मौजूदगी के फलस्वरूप ही, 2018 में भाजपा बहुमत प्राप्त नहीं कर सकी थी तथा जिसके परिणामस्वरूप, जे.डी. (एस)-कांग्रेस गठबंधन सरकार बन गई थी। लेकिन आज, पिछले साल कांग्रेस जे.डी. (एस) सरकार गिराने के बाद, भाजपा आराम से सत्ता में बैठी हुई है तथा चुनावी दौड़ में थोड़ी आगे दिखाई दे रही है। भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व का पूरा ध्यान इस समय कर्नाटक पर केन्द्रित है तथा उसने वहां के लिये विस्तृत कार्य योजना तैयार कर ली है।कुल मिलाकर, चुनाव मोदी जी के नाम तथा केन्द्र एवं राज्य की सरकारों के कामकाज के आधार पर लड़े जाने हैं।

भाजपा महासचिव तथा विधायक सी.टी. रवि पूरी तरह आश्वस्त हैं कि भाजपा निश्चित रूप से एक बार फिर सत्ता में आयेगी। विभिन्न मुद्दों के पिटारे के चलते, राजनैतिक माहौल में गर्मी है। इन मुद्दों के चलते, हिन्दू वोट बैंक एक जुट होकर भाजपा के समर्थन में आ गया है। प्रमुख मुद्दों में हिजाब के मुद्दे के साथ ही, बजरंग दल के एक्टिविस्टों द्वारा आये दिन की जा रही मॉरल पुलिसिंग का मुद्दा भी शामिल है।

## बहस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विपक्ष के नेताओं ने कहा कि सरकार सशस्त्र सेना की अग्निपथ भर्ती योजना पर बहस की इच्छुक नहीं लगती। वह इस मुद्दे को इस आधार पर टाल सकती है कि यह शीर्ष अदालत में विचाराधीन है। विपक्षी पार्टियां कीमत वृद्धि और खाद्य पदार्थों पर बढ़ाई गई जी.एस.टी. दरों पर बहस कराने को लेकर अड़ी रही और शोर-शराबा करती रहीं, जबकि सरकार ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कोविड-19 से रिकवर होने के बाद ही ऐसा किया जा सकता है। राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू ने राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ गुरुवार हुई एक मीटिंग में कहा कि यदि संबंधित सदस्य अपने आचरण के लिए क्षमा मांगे तो निलम्बन वापस लिया जा सकता है, तथापि विपक्ष का एक भी नेता उनकी बात से संतुष्ट नहीं हुआ।

## स्मृति ईरानी को इतना ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और कहा कि अधीर दावा कर रहे हैं कि माफी मांगने की कोई जरुरत नहीं है।

आखिर सुप्रिया सुले उठीं और सोनिया गांधी का हाथ पकड़कर, उन्हें यह कहते हुये बाहर ले गईं कि वे (घर) चली जायें तथा भाजपा वालों से बातचीत ही नहीं किया करें। सोनिया गांधी की आदत इतनी आसानी से समर्पण कर देने की नहीं रही, लेकिन सुले हाथ जोड़कर उन्हें मना ले गई।

कांग्रेस नेता लोकसभा अध्यक्ष से मिले तथा उनसे कहा कि मंत्रिपरिषद को निलम्बित कर दिया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकरण को विशेषाधिकार कमेटी के पास भेजा जाये।

इस प्रकार का व्यवहार, जहाँ एक वरिष्ठ नेता से इस तरह बात की जाये तथा बुरी तरह चीख-पुकार की जाये यह एक नई प्रवृत्ति ही पनपती प्रतीत हो रही है, या फिर ऐसा है कि ईरानी सोच समझकर कैबिनेट की अपनी नौकरी बचाने के लिये, कोई चीज अप्रत्यक्ष रुप से आगे बढ़ा रही हैं।

एन.सी.पी. की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, लोकसभा में दुर्भाग्यपूर्ण दृश्य दिखे सदन स्थगित होने के बाद सोनिया गांधी के खिलाफ अनावश्यक नारेबाजी दोखकर हम स्तब्ध रह गए। हम सभी को सदन की गरिमा और शालीनता बनाए रखने की जिम्मेवारी लेनी चाहिए।

तृणमूल की महुआ मोईत्रा ने ट्वीट किया, लोकसभा में भी जब एक 75 वर्षीय वरिष्ठ नेता को घेरकर सब उस पर चिल्ला रहे थे। जबकि वो सिर्फ एक अन्य वरिष्ठ सांसद से बात कर रही थी। प्रैस में भाजपा का झूठ और गलतबयानी से घृणास्पद है।

अधीर रंजन चौधरी ने कहा उन्होंने गलती से ''राष्ट्रपत्नी'' शब्द इस्तेमाल कर दिया जानबूझकर नहीं। मैं राष्ट्रपति का अपमान करने के बारे में सोच भी नहीं सकता यह गलती थी, अगर राष्ट्रपति महोदया को बुरा लगा तो मैं व्यक्तिशः उनसे मिलकर माफी मांगूगा।

एक बार नहीं बल्कि कई बार ताकि वे संतुष्ट हो। वे चाहे तो मुझे फांसी पर लटका सकते हैं, मैं सजा के लिए तैयार हूं पर सोनिया को इसमें क्यों घसीटा जा रहा है।''

कांग्रेस के सांसद और प्रवक्ता गौरव गोगोई ने भाजपा सांसदों के सोनिया के प्रति शर्मनाक व्यवहार की निंदा की। उन्होंने कहा सोनिया गांधी निडर नेता हैं वे भाजपा की महिला सांसदों से बात करने गई, लेकिन भाजपा सांसदों ने बहुत बुरा व्यवहार किया।''

## पार्थो को...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अर्पिता ने पार्थो चटर्जी के फंड के बारे में और भी जानकारी दी। अर्पिता की ही एक प्रॉपर्टी से 28 करोड़ रू. नकद और मिले हैं। इसके अलावा सोने के जेवर और छड़े भी अलग-अलग जगहों से बरामद हुई हैं।

चर्चा है कि कुछ लोग पार्थो चटर्जी के कुछ अन्य फॉर्म हाउसों से दस्तावेज और अन्य सामान हटा रहे हैं।

गांव वाले ने जब पार्थो की प्रॉपर्टी पर गतिविधियां देखी तो इन लोगों ने गांव वालों को डराया और धमकाया।

पार्थो और अर्पिता के पास से कैश और अन्य सम्पत्ति का भंडार निकल रहा है ऐसे में यह टिप्पणी सटीक लग रही है कि ''यह तो सिर्फ ट्रेलर हैं, पिक्चर अभी बाकी है।''

## महाराष्ट्र...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की अन्य बैंच द्वारा गत 4 मई जारी एक आदेश का हवाला दे रही थी कि इस मुद्दे का निर्धारण चुनावों के बाद किया जाए।

20 नगर निगमों, 25 जिला परिषदों, 210 नगर परिषदों और 285 पंचायत समितियों में चुनाव कराए जाने शेष हैं। जिन पर नगर निगमों में चुनाव कराए जाने हैं, उनमें बृहन्मुम्बई म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन (बी.एम.सी.) के अलावा पुणे, थाणे, नासिक के नगर निगम और कोल्हापुर, नागपुर, शोलापुर की नगर परिषदें शामिल हैं। बैंच, जिसमें जस्टिस दिनेश महेश्वरी और जस्टिस सी.टी. रविकुमार भी शामिल थे, ने कहा कि ''यह स्वीकार्य नहीं है। आप (एस.ई.सी.) हमारे आदेश का अपनी सुविधा के लिए और शायद किसी अन्य के निर्देश पर गलत अर्थ निकालने की कोशिश कर रहे हैं। क्या आप यह चाहते हैं कि हम आपके खिलाफ अदालत की अवमानना का नोटिस जारी कर दें।''

यह ध्यान दिलाते हुए कि यह स्थिति कई आदेशों में बतलाई जा चुकी है, बैंच ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग 367 स्थानीय निकायों के चुनाव कार्यक्रम का पुनः प्रदर्शन नहीं कर सकता। सीनियर एडवोकेट शेखर नफाडे द्वारा प्रस्तुत एस.ई.सी. के शपथ पत्र में कहा गया कि दो नगर पालिकाओं के चुनाव स्थगित किए गए हैं। इस पर बैंच ने कहा कि पहले से अधिसूचित चुनावों में एस.ई.सी. हस्तक्षेप नहीं कर सकता। वह ज्यादा से ज्यादा चुनाव की तिथियों का पुनर्निर्धारण कर सकता है।

## कर्नाटक में भाजपा भी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विश्वस्त माना जाता है, का मानना है कि येद्दियुरप्पा के एक नजदीकी सहयोग इस युवा कार्यकर्ता की नृशंस हत्या की एन.आई.ए. द्वारा जाँच कराये जाने की माँग भी कर दी है। इस हत्या के राजस्थान में हुई कन्हैयालाल दर्जी की हत्या से जुड़े होने का भी संदेह किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान के समर्थन के कारण, कन्हैयालाल की हत्या कर दी गई थी।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तथा कर्नाटक विधायक सी.टी. रवि इस बात को लेकर सुनिश्चित हैं कि यह नृशंस हत्या किसी सुनियोजित साजिश का हिस्सा है, जो राज्य की साम्प्रदायिक समरसता को बिगाड़ने के लिये रची गई है। उन्होंने इस घटना में कामपंथियों तथा पी.एफ.आई. एवं एस.डी.पी.आई., जो सीमा-पार स संचालित हैं, की लिप्तता का भी शक किया जा रहा है। वस्तुतः भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी पिछले कुछ माह से बढ़ती आ रही है। दरअसल, इस निन्दनीय स्थिति के जनक दक्षिणपंथी नेता श्रीराम सेना प्रमुख प्रमोद मुथालिक है, जिन्होंने यह टिप्पणी की थी, ''सरकार के पास वो युक्ति एवं साहस नहीं हैं कि वह चुनौतियों का सीधा सामना कर सके। अगर यह सरकार कोई कार्यवाही करने का निर्णय नहीं लेगी तो और भी लोग मरेंगे। राज्य सरकार इस मामले में विफल रही है।'' मुथालिक उन दक्षिणपंथी ग्रुपों की भावनाओं को ही प्रदर्शित कर रहे हैं, जो इस बात से भौजक हैं कि डबल इंजन सरकार होते हुए भी, अनेक कार्यकर्ता सुरक्षित नहीं हैं।

जहाँ एन.आई.ए. जाँच की माँग की चर्चाएं हैं, वहीं राज्य की पुलिस संदेहास्पद हत्यारों की खोज में केरल जा चुकी है। हत्यारे केरल के रजिस्ट्रेशन नम्बरों की गाड़ियों पर आये थे। रिकॉर्ड के अनुसार, राज्य पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने के लिये 6 टीमें बनाई हैं।

# यूक्रेन आग में जल रहा और राष्ट्रपति ज़ैलेन्स्की मैगज़ीन फोटोशूट में व्यस्त

## इसके बावजूद भी यूक्रेन के लोग इसका विरोध नहीं कर रहे, क्योंकि इसकी वजह कुछ दिलचस्प है

- **राष्ट्रपति ज़ैलेन्स्की और उनकी पत्नी ओलेवा ज़ैलेन्स्का ने यह फोटोशोट प्रतिष्ठित वोग मैगज़ीन के लिए कराया है।**
- **दरअसल, वोग मैगज़ीन में यूक्रेन की फर्स्ट लेडी ओलेवा ज़ैलेंस्का की एक तस्वीर लगाई गई है, जिसमें वे अन्य सैनिकों के साथ मलबे के बीच खड़ी दिखाई दे रही हैं। मैगज़ीन ने फर्स्ट लेडी ज़ैलेंस्का को बहादुरी के लिए देश का चेहरा बताया है।**

कीव, 28 जुलाई। रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग को करीब 154 दिन हो गए हैं। इसी साल फरवरी महीने में रूस ने विशेष सैन्य अभियान बताते हुए यूक्रेन पर पहला हमला किया था। जिसके बाद से ये देश जंग की आग में जल रहा है। इस भीषण जंग के बीच देश के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की, अपनी पत्नी ओलेवा जेलेंस्का के साथ वोग मैगजीन के कवर पेज पर दिखाई दिए हैं। इन्होंने बकायदा इस मैगजीन के लिए फोटोशूट कराया है। युद्ध के बीच फोटोशूट कराना अजीब लग सकता है, लेकिन वोग ने यूक्रेन की प्रथम महिला को मुख्य खिलाड़ी और देश का चेहरा बताया है। मैगजीन ने अपने डिजिटल एडिशन को बहादुरी की तस्वीर नाम दिया है।

एडिशन के नाम के साथ जेलेंस्का की तस्वीर लगाई गई है, जिसमें वह अन्य सैनिकों के साथ मलबे के बीच खड़ी दिखाई दे रही हैं। वोग ने अपने इंस्टाग्राम पर इस फोटोशूट से जुड़ी तस्वीरें शेयर की हैं। एक अन्य तस्वीर में जेलेंस्का राष्ट्रपति कार्यालय में कैजुएल कपड़ों में हैं। उन्होंने काले रंग की पैंट और सफेद रंग का टॉप पहना हुआ है। मैगजीन के साथ दंपत्ति ने कई विषयों पर बात की है। इन्होंने अपनी करीब 20 साल की शादी पर बात की, अपने अतीत के बारे में बताया और बिना बच्चों के वह कैसे रह रहे हैं, इस बारे में बताया। क्योंकि दंपति के बच्चों को युद्ध की वजह से अन्य स्थान पर रखा गया है। आमने-सामने के इस इंटरव्यू में राष्ट्रपति और प्रथम महिला ने राजधानी कीव में वोग की क्रू से बात की है। यूक्रेन में शूट को वोग के फोटोग्राफर एनी लीबोविट्ज ने संभाला है। इंस्टाग्राम पर शूट की एक तस्वीर साझा करते हुए, वोग ने लिखा, यूक्रेन में युद्ध एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है, देश की प्रथम महिला, ओलेना जेलेंस्का, एक प्रमुख खिलाड़ी बन गई हैं- एक फ्रंटलाइन राजनयिक और अपने देश का भावनात्मक चेहरा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908